लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 05 अगस्त, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 291 | www.janexpresslive.com/epaper



रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर... 12

# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन

## प्रधानमंत्री मोदी ने किए शिबू सोरेन के अंतिम दर्शन, हेमंत और कल्पना को दी सांत्वना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का निधन हो गया है। वे 81 साल के थे। दिशोम गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सोरेन ने आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। सोरेन पिछले डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इससे उनके शरीर के बाईं ओर पैरालिसिस हो गया था। वे पिछले एक महीने से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी। शिबू सोरेन लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वे बीते एक साल से डायलिसिस पर थे। उन्हें डायबिटीज थी और हार्ट की बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी। बीते कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने गंगाराम अस्पताल पहुंचकर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, मीसा भारती, मनोज झा और आरजेडी के कई नेताओं ने भी अस्पताल में परिवार से मुलाकात की।



### झारखंड में 3 दिन का राजकीय शोक

शिबू सोरेन के निधन पर झारखंड सरकार ने 3 दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है। जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने दैनिक भास्कर को बताया कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज सोमवार शाम 5-6 बजे तक रांची लाया जाएगा। शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक थे। वह यूपीए के पहले कार्यकाल के दौरान कोयला मंत्री रह चुके थे। हालांकि चिरूडीह हत्याकांड में नाम आने के बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्रीमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

### 13 साल में हुई थी पिता की हत्या

81 साल के दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्म वर्तमान रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के नेमरा में 11 जनवरी 1944 को हुआ। गांव के ही स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा लिए दिशोम गुरु का जीवन संघर्षों भरा रहा है। महज 13 साल की उम्र के थे, जब उनके पिता की हत्या महाजनों ने कर दी। इसके बाद शिबू सोरेन ने पढ़ाई छोड़ दी और महाजनों के खिलाफ संघर्ष का फैसला किया।



### 3 बार झारखंड के सीएम रहे शिबू सोरेन

- 2 मार्च 2005 से 12 मार्च 2005 10 दिन के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री बने
- 28 अगस्त 2008 से 18 जनवरी 2009 143 दिन के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री बने
- 30 दिसम्बर 2009 से 31 मई 2010 152 दिन के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री बने

### पहली बार सीएम बने, 10 दिन में गिर गई सरकार

शिबू सोरेन 2 मार्च 2005 को पहली बार झारखंड के सीएम बने, लेकिन बहुमत साबित नहीं कर पाने के कारण दस दिन में ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। 27 अगस्त 2008 को शिबू सोरेन दूसरी बार झारखंड के सीएम बने। इस बार वे विधायक नहीं थे। इस कारण छह महीने में उन्हें चुनाव जीतकर विधानसभा का सदस्य बनना था। पांच महीने बाद 2009 में उपचुनाव हुआ। शिबू को एक सुरक्षित सीट की जरूरत थी, लेकिन कोई भी उनके लिए सीट छोड़ने को तैयार नहीं था। जो विधायक सीट छोड़ने को तैयार थे, वो मुश्किल सीट थी। तमाड़ विधानसभा में उपचुनाव का ऐलान हुआ। यूपीए ने गठबंधन की ओर से शिबू का नाम रखा, लेकिन शिबू वहां से चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे। शिबू जानते थे कि तमाड़ मुंडा बहुल है। वहां शिबू को मुश्किल हो सकती है। मजबूरी में शिबू सोरेन ने पर्चा दाखिल कर दिया। विरोधी के रूप में झारखंड पार्टी के राजा पीटर मैदान में थे। 8 जनवरी 2009 को परिणाम आया तो सीएम शिबू सोरेन करीब 9 हजार वोट से उपचुनाव हार गए थे। आखिर में उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।

### पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में अंतिम संस्कार

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज शाम छह बजे झारखंड लाया जाएगा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया जाएगा। मंगलवार सुबह झामुमो के पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में किया जाएगा।

### गंगाराम अस्पताल में राष्ट्रपति-पीएम ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताया। शिबू सोरेन किडनी संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने सर गंगाराम अस्पताल जाकर शिबू सोरेन के अंतिम दर्शन किए और हेमंत सोरेन को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कल्पना सोरेन को भी सांत्वना दी। इससे पहले हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट किया, आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सबको छोड़कर चले गए... मैं आज शून्य हो गया हूं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर शाम लगभग 4 बजे रांची लाया जाएगा, जिसके बाद उसे मोरहाबादी इलाके में उनके आवास पर ले जाया जाएगा। मंगलवार सुबह 11 बजे उनका पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा लाया जाएगा और फिर रामगढ़ जिले में उनके पैतृक निवास नेमरा ले जाया जाएगा।

### 'झारखंड के निर्माण में उनकी भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा'

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन जी के निधन का समाचार सुनकर गहरा दुख हुआ। आदिवासी समाज की मज़बूत आवाज़, सोरेन जी ने उनके हक़ और अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। झारखंड के निर्माण में उनकी भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा। हेमंत सोरेन जी और पूरे सोरेन परिवार के साथ-साथ गुरुजी के सभी समर्थकों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

### सीएम नीतीश कुमार ने शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताया है

नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जी का निधन दु:खद। स्व. शिबू सोरेन जी एक प्रख्यात राजनेता थे। वे तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे थे। झारखंड की राजनीति में उनका अहम योगदान रहा है। उनके निधन से न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। दिवंगत आत्मा की चिर-शांति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है।

---

# अपने आकाओं के साथ सो गया सोतीगंज, मेरठ की पहचान अब एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल और खेल: योगी

जन एक्सप्रेस। मेरठ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने शहर में नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया और इसे नए मेरठ की तस्वीर की शुरुआत बताया। सीएम योगी ने कहा, आज मेरठ में न्यू टाउनशिप की नींव रखी गई है और अब नए मेरठ की तस्वीर जल्द ही सभी के सामने होगी। यह योजना मेरठ के नागरिकों के लिए आधुनिक और सस्ती जीवनशैली लेकर आएगी।

### शहर की पहचान बदल देगी योजना: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के अंतिम सोमवार को शिलान्यास कर सभी को बधाई देता हूं। यह एनसीआर की ऐसी परियोजना है जिसे आज यहां प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2517 करोड़ की इस परियोजना को 750 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवासीय, औद्योगिक और कमर्शियल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लोगों को रहने, व्यापार और रोजगार की सभी जरुरतें एक ही क्षेत्र में मिलेंगी, जो शहर की पहचान को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने कहा कि इस टाउनशिप में लोगों को सस्ते दामों में घर उपलब्ध कराए जाएंगे, और यह योजना मेरठ के स्मार्ट सिटी मिशन को भी मजबूती देगी।



### सीएम बोले, अपने आकाओं के साथ सो गया सोतीगंज

अपने संबोधन में सीएम योगी ने मेरठ के अतीत को याद करते हुए कहा, याद कीजिए, ये वही मेरठ है जो कभी सोतीगंज के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज सोतीगंज अपने आकाओं के साथ सो गया है... सोतीगंज समाप्त। कहा कि सपा और कांग्रेस दंगा भी करते हैं और सोतीगंज के व्यापारियों की चरण वंदना करते हैं। सोतीगंज उनकी पहचान थी हमारी पहचान विकास, खुश हाली की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट भी स्वदेशी का अभियान है।

### अब रैपिड़ और खेल से शहर की पहचान: योगी आदित्यनाथ

उन्होंने आगे कहा कि अब मेरठ की पहचान बदल चुकी है- 12 लेन एक्सप्रेस हाईवे, रैपिड रेल प्रोजेक्ट, और 'एक जिला एक उत्पाद' योजना में खेल सामग्री के उत्पादन केंद्र के रूप में मेरठ की पहचान बन रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में मेरठ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बनेगा।

### कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में शहरवासियों की भागीदारी रही। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे मेरठ के सुनहरे और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

---

## वर्दी ने निभाया फर्ज, महिला नेता ने दिखाई मानवता

# विक्षिप्त महिला की चीखों के बीच जन्मी एक मासूम उम्मीद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

जब संवेदनाएं मर जाएं और सिस्टम आंख मूंद ले, तब भी कुछ लोग ऐसे होते हैं जो अपने जज़्बे और इंसानियत से उम्मीद की लौ जला देते हैं। 3 अगस्त 2025, शाम करीब 4 बजे, लखनऊ के दशहरी चौराहे पर एक विचलित कर देने वाला दृश्य सामने आया। एक विक्षिप्त गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी न कोई अपना, न कोई सहारा। लेकिन उसी वक्त सामने आईं भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी संगठन) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव एवं जिला अध्यक्ष बहन ममता राजपूत, जिनकी हिम्मत और मानवता ने दो जिंदगियों को मौत के मुंह से खींच लाया।

### अब सवाल है उस मासूम का क्या कसूर?

उस मासूम बच्ची का क्या दोष है? और उस दरिंदे का क्या होगा जिसने एक विक्षिप्त महिला को अपनी हवस का शिकार बना डाला? वो दरिंदा आज भी समाज में कहीं खुलेआम घूम रहा है — अगली विक्षिप्त, अगली लाचार, अगली बच्ची की तलाश में...

### कौन निभाएगा जिम्मेदारी?

अब चुनौती यह है कि उस नवजात बच्ची का पालन-पोषण कौन करेगा? और उस विक्षिप्त महिला की सुरक्षा कौन सुनिश्चित करेगा? क्या हम फिर उसी हालत में उसे सड़कों पर छोड़ देंगे, जहां दूसरा भेड़िया तैयार बैठा हो? समाज को आगे आना होगा। प्रशासन को जवाब देना होगा।





### अस्पताल ने किया इनकार, ममता ने नहीं मानी हार

ममता ने पीड़ित महिला को रिक्शे से खुद लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने महज इसीलिए इलाज से इनकार कर दिया कि महिला विक्षिप्त थी! सोचिए, इंसानियत का ये कौन-सा चेहरा है? लेकिन ममता ने हार नहीं मानी वो पीड़ित महिला को अपने संगठन के प्रदेश कार्यालय लाईं, जहां उन्होंने वरिष्ठ नेता मनीष यादव दशहरी को पूरी स्थिति से अवगत कराया। जब मनीष बाहर आए, तो वह दर्दनाक दृश्य खुद चीख-चीख कर इंसाफ मांग रहा था।

### 108 एंबुलेंस, दुबग्गा पुलिस और फिर इंसाफ की लड़ाई

तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाई गई। दुबग्गा थाना प्रभारी अभिनव वर्मा और चौकी प्रभारी संतोष सिंह को सूचना दी गई। पुलिस ने तत्परता दिखाई, टीम भेजी, और पीड़िता को काकोरी सीएचसी ले जाया गया। लेकिन वहां से भी मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया क्योंकि महिला काबू में नहीं थी।

### मेडिकल कॉलेज ने भी रोका, लेकिन पुलिस ने फिर निभाई इंसानियत

मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने भर्ती से इनकार कर दिया यह कहकर कि जब तक पुलिस लिखित में नहीं देगी, हम हाथ भी नहीं लगाएंगे। क्या ये वही चिकित्सा व्यवस्था है जो कसम खाती है हर जीवन बचाने की? लेकिन दुबग्गा पुलिस ने फिर से मानवीय संवेदना का परिचय दिया। जरूरी दस्तावेज़ तैयार कर, महिला को भर्ती करवाया गया। रात 9 बजे, छह डॉक्टरों की टीम ने मिलकर नॉर्मल डिलीवरी करवाई। और उस पीड़ा, उस अंधेरे, उस अन्याय के बीच एक सुंदर कन्या का जन्म हुआ।

### हम सब से अपील इस खबर को अधिक से अधिक शेयर करें

शायद इस खबर के माध्यम से उस महिला के परिजन तक यह सूचना पहुंच सके। हो सकता है, कहीं कोई मां-बाप, भाई या बहन उसे पहचान ले और उसे उसका घर मिल जाए।

---

# ड्रोन की दहशत के बीच योगी सख्त

## मुरादाबाद मंडल में 31 निर्दोष पीटे, सीएम बोले, दहशत फैलाने वालों पर लगाएं रासुका



- ड्रोन उड़ाने के शक में बीते दिनों अलग-अलग घटनाओं में दस से अधिक लोगों को पीट दिया

जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद

मुरादाबाद ड्रोन का शोर मुरादाबाद मंडल में भी खूब गूंज रहा है। ड्रोन उड़ाने के शक में मंडल में मारपीट की 23 घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें 31 से अधिक लोगों की पिटाई हो चुकी है। इस दौरान चोरी के भय के चलते प्रत्येक जिलों में लोग लाठी-डंडे लेकर पूरी रात पहरा दे रहे हैं। मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे, पाकबड़ा, अगवानपुर, कुंदरकी, ठाकुरद्वारा में पहरा दे रहे लोगों ने ड्रोन उड़ाने के शक में बीते दिनों अलग-अलग घटनाओं में दस से अधिक लोगों को पीट दिया। कटघर में एक पति ने ड्रोन का शोर मचाकर अपनी पत्नी तक की हत्या कर दी। इसी प्रकार रामपुर जिले में छह घटनाओं में नौ लोग शक के आधार पर पीटे गए। अमरोहा जिले में पांच घटनाओं में आठ लोगों की पिटाई कर दी गई। संभल जिले में भी ड्रोन की अफवाहें हैं। यहां चार लोगों को बांधकर पीटा गया।

### गूगल मैप ने भटकाया, लोगों से समझा चोर

यहां के कुछ लोग पानीपत से अपने गांव लौटते समय गूगल मैप लगाए रहने के बावजूद भटक गए। संभल के पतेई खालसा गांव में कार रोककर लोगों से रास्ता पूछा तो लोगों ने चोर समझकर उनकी पिटाई कर दी। अफवाहों के चलते मंडल के गांवों से लेकर शहर तक लोग रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। पुलिस ने ड्रोन उड़ने की पुष्टि नहीं की है। इसमें जागरूकता के लिए पुलिस गांवों-गांवों में संपर्क कर रही है ताकि कोई अनहोनी घटना न हो सके।

### भय पैदा करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद समेत पश्चिमी यूपी के कई जिलों में अवैध तरीके से ड्रोन उड़ाकर दहशत फैलाने के मामले का संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने रविवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट और एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत कार्रवाई करने को कहा है। सीएम ने कहा कि ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाए।

### एनएसए की कार्रवाई भी होगी

आवश्यकता पड़ने पर एनएसए भी लगाया जाए। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति ड्रोन का संचालन करने पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इसका पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने या लोगों में भय पैदा करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद व डीजीपी राजीव कृष्ण को हर जिले में ड्रोन गतिविधियों की समीक्षा कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### ड्रोन मॉनीटरिंग सिस्टम करें सक्रिय, रखें कड़ी निगरानी

उन्होंने ड्रोन मॉनीटरिंग सिस्टम को सक्रिय करते हुए कड़ी निगरानी करने को कहा है। साथ ही, सुरक्षा के लिए जिलों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि आमजन में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास कायम रहे। उन्होंने कहा कि तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों से सरकार सख्ती से निपटेगी। प्रदेश में अवैध तरीके से ड्रोन संचालन और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

---

# उत्तराखंड में बारिश का कहर: 3 लोगों की मौत, कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी



- भाखड़ा नदी और उफनती धाराओं में डूबे लोग, जनजीवन अस्त-व्यस्त, प्रशासन सतर्क

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड में जारी भारी बारिश ने लोगों की जान और जीवन पर खतरा खड़ा कर दिया है। सोमवार को अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अनेक स्थानों पर भूस्खलन, जलभराव और मार्ग अवरुद्ध होने की खबरें सामने आ रही हैं।

### भाखड़ा नदी और भुजियाघाट के पास हुआ हादसा

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, हल्द्वानी के पास भाखड़ा नदी की तेज धाराओं में सोमवार को एक व्यक्ति बह गया। इसके अलावा रविवार को हल्द्वानी रोड स्थित भुजियाघाट के पास दो लोग एक उफनती नदी में डूब गए, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं।

### मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए तीन जिलों - नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने और नदियों व नालों से दूर रहने की अपील की है।

### प्रशासन की निगरानी तेज, एसडीआरएफ एनडीआरएफ टीम तैनात

राज्य सरकार ने संवेदनशील क्षेत्रों में स्ष्त्रश्र और ह्ष्त्रश्र की टीमें तैनात कर दी हैं। आपदा प्रबंधन विभाग लगातार हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम के माध्यम से स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है। जिलाधिकारियों को सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तराखंड प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे आवश्यक न हो तो यात्रा से बचें, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों की ओर। किसी भी आपात स्थिति में 112 या जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

---

# जैनपुर खुर्द में बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में फायरिंग-पथराव

- छतों से हुई हवाई फायरिंग और पथराव, गांव में मचा हड़कंप, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

जन एक्सप्रेस। रुड़की

**लक्सर।** लक्सर के जैनपुर खुर्द गांव में बच्चों के मामूली विवाद ने सोमवार को हिंसक टकराव का रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच पहले गाली-गलौज और मारपीट हुई, फिर देखते ही देखते छतों से पथराव और हवाई फायरिंग शुरू हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### बच्चों की कहासुनी बनी टकराव की वजह

जानकारी के अनुसार, गांव के गुलशेर और आजम पक्ष के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी और मारपीट हुई, जिसमें एक बच्चे को सिर में चोट आ गई। इसके बाद सोमवार सुबह एक पक्ष द्वारा बदले की नीयत से दूसरे पक्ष के बच्चे की पिटाई की गई, जिससे मामला और भड़क गया।



### छतों से बरसे पत्थर, हवा में चली गोलियां

बढ़ते तनाव के बीच दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। छतों से जमकर पत्थरबाजी हुई कई राउंड हवाई फायरिंग भी की गई इससे गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया।

### पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपियों की तलाश जारी

सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची। पुलिस को देखकर पथराव और फायरिंग करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। फिलहाल, दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, और पूछताछ जारी है। अभी तक किसी पक्ष ने लिखित तहरीर नहीं दी है।

### वीडियो हुआ वायरल

घटना के दौरान किसी ने पथराव और फायरिंग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आया अपना दल एस

जन एक्सप्रेस/बांदा। बबेरू तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव इस समय बाढ़ की त्रासदी को झेल रहे हैं।बाढ़ से पीड़ित लोगों को प्रशासनिक मदद नाम मात्र की मिल रही हैं।आलम यह है कि बाढ़ प्रभावित लोग इस समय कोई काम न कर पाने की वजह से भूखों मर रहे हैं,वही बाढ़ प्रभावित लोगों की आवाज आज अपना दल एस पार्टी के पदाधिकारी बने हुए हैं।तहसील क्षेत्र के औगासी में बीते दिनों बाढ़ का पानी घरों में घुसने का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह सरकारी मदद की मांग कर रहे थे।जिस पर अपना दल एस पार्टी के लोग प्रशासन से मिलकर बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों की मदद करने की मांग की है।इसको देखते हुए सोमवार को अपना दल एस पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्णेन्द्र पटेल ने अपनी टीम के साथ तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गांव औगासी में राहत व खाद्य सामग्री सैकड़ों लोगों को वितरण की,इस मौके पर कृष्णेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष,अरुण कुमार पटेल जिलाध्यक्ष आई टी मंच,अजय सिंह पटेल जिलामहासचिव,अनिल राजपूत,जिला उपाध्यक्ष,सत्यपाल सिंह निषाद जिलामहासचिव, रामनरेश सिंह पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष,लाखन सिंह जिलाध्यक्ष फतेहपुर,गोवर्धन सिंह विधानसभा प्रभारी बबेरू,रावेंद्र पटेल कोर्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए मंडल से 15सदस्यीय टीम आगरा हुई रवाना

जन एक्सप्रेस/बांदा। कबड्डी महिला टीम को मुंह मीठा करा कर अच्छा खेलने की दी शुभकामनाएं। रेलवे स्टेशन पर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये मण्डलीय सीनियर महिला टीम आगरा में 4 से 6 अगस्त तक हो रही प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये आज संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन से बाँदा टीम रवाना हुई।जिसमें बाँदा जिला कबड्डी एसोसिएशन सचिव कमल किशोर यादव के साथ बाँदा की खिलाड़ियो में अल्सिफा,जिया,रचना,पूजा, अंजली, सत्यंगी, श्रेया आदि महिला खिलाड़ी होगें।इन खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन व विजई भवरू के लिये जिला कबड्डी एसोसिएशन के सलाहकारध्मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना,कौशल केन्द्र अतर्रा पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट एवं अपोलो टेली क्लीनिक शाखा बांदा प्रभारी डा. रमाकान्त द्विवेदी व सह प्रभारी प्रवीण पाण्डेय,रेलवे( जीआरपी )थाना प्रभारी नुबेंद शेखर अग्निहोत्री अपनी पुलिस टीम के साथ सचिव कमल किशोर जी व महिला खिलाडियों को पुष्प भेट कर मुंह मीठा कराया साथ ही टीम को अच्छा खेलने एवं प्रतियोगिता में विजय होने की हृदय शुभकामनाएं दी।

### 118.95 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिले में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कर्वी कोतवाली के उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह व उनकी टीम आरक्षी संजय पाल, शुभम शर्मा, जयनारायण पटेरिया व महिला आरक्षी आरती देवी द्वारा आरोपी जलकेश मिश्रा निवासी रगौली कोतवाली कर्वी को 118.95 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक बाइक भी बरामद की गई।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 की भव्य तैयारी, डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)




सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एनआईसी सभागार में बैठक कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये बताया कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान का आयोजन 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक चलेगा, जिसमें स्कूलों की दीवारों, नगर व ग्राम स्तर पर वार्डों को तिरंगा प्रेरित चित्रकारी एवं कलाकृतियों से सजाया जाएगा। साथ ही संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदत्त प्रदर्शनी सामग्री को प्रमुख स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवधि में स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी निर्माण कार्यशालाएं एवं सैनिकों और पुलिस कर्मियों के लिए आभार पत्र लिखकर डाक विभाग के माध्यम से राखी भेजने जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे धागे से सजी बुनाई गतिविधियाँ भी कराई जाएंगी। जबकि द्वितीय चरण जो 9 से 12 अगस्त तक चलेगा, 'तिरंगा महोत्सव' के रूप में मनाया जाएगा। इसमें तिरंगा थीम पर आधारित मेला और भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध और स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी जाएंगी। तिरंगा मेला में ग्रामीण विकास विभाग के स्वयं सहायता समूहों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग से जुड़े स्थानीय उत्पादों, ओडीओपी तथा तिरंगा रंग आधारित वस्तुओं की बिक्री को प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर सेल्फी बूथों की स्थापना कर नागरिकों को तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं तीसरे एवं अंतिम चरण 13 से 15 अगस्त के मध्य संपन्न होगा, जिसमें समस्त शासकीय भवनों, शिक्षण संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों, पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित किए जाएंगे तथा रात्रिकालीन तिरंगा प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय ध्वज के फहराने एवं प्रयोग से जुड़े सभी प्रावधानों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा झंडे की गुणवत्ता एवं निर्माण मानकों पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि तिरंगे की उपलब्धता के लिए स्वयं सहायता समूहों, पीडीएस दुकानों, खादी भंडारों और स्थानीय वस्त्र विक्रेताओं को अभियान से जोड़ा जाए। उन्होंने समस्त विभागों, नगरीय निकायों, पंचायतों, विद्यालयों और स्वयंसेवी संगठनों से अपील की कि इस महाअभियान में जनभागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे स्वतंत्रता दिवस-2025 को जनपद जालौन में गौरवशाली रूप से मनाया जा सके।

### पुलिस अपराधी के खिलाफ नहीं कर रही कार्यवाही, पीड़ित डर और खौफ से है सहमा हुआ

जन एक्सप्रेस/हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में पुलिस लिखित शिकायत के बावजूद अपराधी के खिलाफ नहीं कर रही कार्यवाही, जिसके बाद पीड़ित किसी अनहोनी के डर से सहमा और डरा हुआ है। पीड़ित किसान ने बताया कि उसका ट्रैक्टर जब भी अपराधी के घर के सामने से निकलता है, तो अपराधी गाली गलौज करने के साथ ही उसके ऊपर अवैध असलहा तानकर उसे जान से मारने की धमकी देता है। सारा मामला हमीरपुर के बिंवार थाना क्षेत्र के सायर गाँव का है। सायर निवासी पीड़ित दिनेश दिक्षित पुत्र रामेश्वर ने बताया कि गाँव के ही बस स्टैंड निवासी सौरभ उर्फ नन्हें अपराधी किस्म का व्यक्ति है। जबकि इस अपराधी के खिलाफ 452,386 आईपीसी की संगीन धाराओं सहित 298,304,504,506,323 के तहत 30 अक्टूबर 2021 को बिंवार थाने में मुकदमा अपराध संख्या 267/2021 भी दर्ज हो चुका है। वही पीड़ित दिनेश दिक्षित ने बताया कि 1 जुलाई 2025 को उसने सौरभ उर्फ नन्हें के खिलाफ पुलिस में लिखित शिकायत दी थी। लेकिन बिंवार पुलिस ने अपराधी के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नहीं की, जिसके चलते अपराधी के हौसले इतने बुलंद है।

## 'पर ब्लाक वन क्रॉप' के तहत आयोजित की गई संगोष्ठी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उप निदेशक उद्यान चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा विनय कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विकास खण्ड रामनगर के ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान **पर ब्लाक वन क्रॉप** संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। संगोष्ठी में उद्यान निदेशक ने किसानों को बताया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर के स्तर पर लाने के लिए प्रदेश के 700 विकासखण्डों के लिए औद्यानिक विविष्ट फसलों का चयन एवं उत्पादन के साथ उपज मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग, विपणन, ब्राडिंग के दृष्टिकोण से उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने के लिए तथा कृषकों की आय में वृद्धि करने प्रदेश सरकार द्वारा 'पर ब्लाक वन क्राप' योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत औद्यानिक फसलों जैसे टमाटर, मिर्च, बैगन, पत्तागोभी व फूलगोभी को नवीन औद्यानिक तकनीक से तैयार कर प्रदेश के बाहर की बाजारों में बेचकर किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. आरएस नेगी ने बताया कि मचान विधि से खेती करने पर करेला, लौकी, तरोई आदि का उत्पादन अच्छा होगा। साथ ही बाजार में उसका अच्छा दाम मिलेगा। इसके लिए किसानों को कटिंग, ग्राफ्टिंग, बडिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनको औद्यानिकी के कार्यो में प्रशिक्षित किया जा सकें। वैज्ञानिक डॉ मनोज शर्मा ने किसानों को मौसम आधारित खेती करने का सुझाव दिया गया। जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय ने किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही औद्यानिक योजनाओं की जानकारी दी तथा किसानों को बागवानी के साथ इण्टरक्रापिंग की फसलों लगाकर आय को दोगुना करने की सलाह दी। इस दौरान उप निदेशक उद्यान द्वारा किसानों को लौकी व भिण्डी के बीज निःशुल्क वितरित किये। इस मौके पर कृषि विभाग के ओम प्रकाश, एटीएम जय कुमार सिंह, सहायक कृषि विपणन निरीक्षक संघमित्रा, कृषि उत्पादन मण्डी समिति सचिव रामकुमार प्रभारी, अपर संख्याधिकारी शिवेन्द्र सिंह बघेल, देव वायो इनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी एफपीओ के अध्यक्ष लव सिंह, कनिष्ठ सहायक शशांक कुमार, श्यामबाबू आदि मौजदू रहे।

## बाढ़ पीड़ितों को जल शक्ति मंत्री ने हर संभव मदद का भरोसा दिया

जन एक्सप्रेस। कालपी (जालौन)

सोमवार को क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने आए प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह प्रभावितों को हर संभव मदद का भरोसा दे गये कहा कि उन्हें परेशान होने की जरुरत नहीं है उनके हितों की चिंता के लिए केन्द्र में मोदी और प्रदेश में योगी बैठे हैं हालांकि वह जनता से भी उन्हें न भूलने की भी अपील कर गये हैं।

यमुना में आई बाढ़ अब कम हो गई हालांकि प्रभावितों की मुसीबत कम नहीं हुई है उनके आगे फिर से स्थापित होने की समस्या खड़ी है क्योंकि अभी तो वह खानाबदोशों की तरह गुजारा कर रहे हालांकि प्रशासन उनकी हर सम्भव मदद कर रहा है। इसी अभियान के चलते सोमवार को प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह जिले के प्रभारी मंत्री क्षेत्र के ग्राम रायढ़ दिवारा और तरीबुल्दा के बाढ़ प्रभावितों से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने तहसील सभागार में आयोजित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि आपदाओं पर किसी का जोर नही है पर उन्हें परेशान तथा चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी सभी की चिंता के लिए बैठे हैं जिनके निर्देश पर शासन और प्रशासन उनके साथ खड़ा है उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार ने बाढ़ की सम्भावनाओं को देखते हुए मदद की तैयारी पहले ही कर ली थी जिसके चलते बाढ़ अभी पूरी तरह कम नहीं हुई है और मदद उनके दर पर आ गयी है। इस दौरान उन्होंने प्रभावितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराते हुए कहा कि जो तुम्हारी चिन्ता कर रहा हो तो बदले में आपको भी उनका सपोर्ट करना है। कार्यक्रम में मौजूद जिले के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया को जनता की इतनी चिंता रहती है कि वह समस्या आने से पहले उससे निपटने के उपाय कर कर लेते हैं और क्षेत्र में आई बाढ़ की समस्या का उदाहरण सामने है जिसकी तैयारियों की वजह से किसी प्रकार की जन और धन की हानि की सूचना नहीं है फिर भी उन्होंने जनता से कहा कि उनकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा। वही इस राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि बाढ़ इस क्षेत्र की पुरानी समस्या है जब भी राजस्थान में बरसात अधिक होती है तो यमुना यहा कहर बरपा देती है।

### कल से कैंप आयोजित कर बनाए जाएंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन कर दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडी आईडी कार्ड प्रदान किया जाएगा। जिसके तहत छह अगस्त को बीआरसी पहाड़ी, आठ अगस्त तहसील सभागार मऊ, 13 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर, 19 अगस्त को यूईआरसी कर्वी एवं 21 अगस्त को बीआरसी रामनगर में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैम्प में प्रतिभाग कर ऐसे दिव्यांग बच्चे जिनके पास दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं है, का शत-प्रतिशत दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडी आईडी कार्ड प्राप्त कराएं। बताया कि कैंप में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक दिव्यांग बच्चों का आवेदन, ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। निर्देश दिए कि विकासखंड में कार्यरत सभी स्पेशल एजुकेटर्स व नोडल टीचर इसमें सम्मलित होकर कार्य करें ताकि विकासखंड में कोई भी दिव्यांग बच्चा दिव्यांगता प्रमाण पत्र से वंचित न रहे।

## सदर विधायक ने बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटकर कराई पीडीए पाठशाला की शुरुआत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




सदर विधायक अनिल प्रधान ने सोमवार को ब्लाक पहाड़ी के ग्राम बिहरवां स्थित विलय कर बनाए गए विद्यालय पहुंचकर बच्चों को स्कूली बैग, किताब, कॉपी, सहित अन्य शिक्षण सामग्री का वितरित कर पीडीए पाठशाला की शुरूआत कराई। साथ ही अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने के लिए जागरूक किया। सदर विधायक ने बताया कि समाज के निचले स्तर के बच्चों पर शिक्षा से सम्बन्धित कोई प्रभाव न पड़े, इसके लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मिलकर पीडीए पाठशाला की शुरुआत कराकर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की कोशिश कर रहे है। कहा कि शिक्षा सबका हक और अधिकार है। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा पर सबको समान अधिकार दिलाया था। सम्मान व हक के अधिकार को बनाये रखने के लिये सभी का शिक्षित होना आवश्यक है। कहा कि कमजोर तबके के बच्चों को भी शिक्षा मिले, इसके लिए सभी विलय कर बनाए गए विद्यालयों में सपा कार्यकर्ता पहुंचकर अपने स्तर से संसाधनों का प्रबंध कर पीडीए पाठशाला चलाकर बच्चों को भी शिक्षित व जागरूक करने का काम जारी रखेगें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों का विलय कर शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा महत्वपूर्ण है, शिक्षा के द्वारा ही सबका विकास हो सकता है। निचले स्तर तक शिक्षा न पहुंचे, इसके लिए भाजपा सरकार विद्यालयों का विलय किया जा रहा है। सरकार का यह फैसला बहुत ही निराशाजनक है।

## पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय ने बाढ़ प्रभावित गांवों में बांटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। माधौगढ़ (जालौन)



रामपुरा ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित गांवों कुसेपुरा, चांदनपुरा, निनावली, कदमपुरा, डिकौली सहित अन्य इलाकों में बाढ़ की विभीषिका झेल रहे लोगों की मदद के लिए पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय ने गांव-गांव जाकर बाढ़ पीड़ितों से भेंट की, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्रशासन से राहत कार्यों में तेजी लाने की मांग की।

पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय ने मौके पर ही अल्पाहार और जरूरी खाद्यान्न सामग्री का वितरण कराया एवं उन्हें आश्वासन दिया कि हरसंभव मदद की जाएगी।

इस राहत अभियान में कई क्षेत्रीय गणमान्य लोग एवं दर्जनों युवा कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग कर राहत वितरण में सक्रिय भागीदारी निभाई। राहत सामग्री मिलने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## क्राईम ब्रांच की बोलेरो बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई

### हादसे के दौरान बुलेरो सवार गुड़गांव पुलिस टीम के दरोगा और सिपाही की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ के धनौरी गाँव के पास बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पर क्राइम ब्रांच गुड़गांव, हरियाणा पुलिस टीम की बुलेरो की ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर दर्दनाक हादसे का शिकार हुई। हादसे में पुलिस टीम के एक दरोगा सहित सिपाही की हुई मौके पर मौत। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस टीम की बुलेरो के परखचे उड़ गये।

हादसे की जानकारी देते हुये हमीरपुर पुलिस ने बताया कि हरियाणा के गुड़गांव क्राईम ब्रांच की बुलेरो नम्बर एच आर 26 जीवी-6493 जो किसी मामले की जांच के लिये हमीरपुर बुन्देलखण्ड एक्स्प्रेस वे गुजर कर किसी दूसरे जिले के लिये जा रही थी, तभी राठ कोतवाली क्षेत्र के घनौरी के पास ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। हादसे में झज्जर निवासी 45 वर्षीय एस आई संजय कुमार पुत्र करतार सिंह, जबकि झज्जर निवासी 25 वर्षीय कांस्टेबल अमित पुत्र खजान सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि टीम में मौजूद दूसरे एस आई इंद्रजीत जख्मी हो गए, हादसे में झज्जर निवासी 45 वर्षीय एस आई संजय कुमार पुत्र करतार सिंह, जबकि झज्जर निवासी 25 वर्षीय कांस्टेबल अमित पुत्र खजान सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि टीम में मौजूद दूसरे एस आई इंद्रजीत जख्मी हो गए जिन्हें पुलिस की मदद से एंबुलेंस के जरिये सीएससी राठ लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिये उन्हें उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। वही हरियाणा निवासी 41 वर्षीय हेड कांस्टेबल राजेश पुत्र सहजराम को भी कुछ चोटें आई हैं। हेड कांस्टेबल राजेश ने बताया कि वो क्राइम ब्रांच गुड़गांव, हरियाणा में तैनात हैं, गुड़गांव क्राईम ब्रांच की टीम एक मामले की जांच के लिये दूसरे जिले की तरफ बुन्देलखण्ड एक्स्प्रेस वे से होते हुये जा रही थी, तभी हमीरपुर राठ कोतवाली क्षेत्र के घनौरी के पास बुन्देलखण्ड एक्स्प्रेस वे पर उनकी बुलेरो की एक ट्रैक्टर ट्राली से जोरदार भिड़ंत होने के बाद ये दर्दनाक हादसा हो गया। जबकि हादसे की जानकारी मिलते ही राठ पुलिस ने मौके पर पहुँच कर हादसे का शिकार हुई बुलेरो में फंसे जख्मियों को गांव वालों की मदद से निकाल कर इलाज के लिये स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। वही हादसे को अंजाम देने वाले ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर कोतवाली की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। जबकि हादसे में जान गंवाने वाले गुड़गांव पुलिस के दोनों जवानों के शवों को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## अटल जन शक्ति संगठन ने बाढ़ प्रभावित लोगों को बांटा नाश्ता

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अटल जन शक्ति संगठन द्वारा ग्राम पंचायत सरधुवा में बाढ़ से प्रभावित लोगों को नाश्ते की व्यवस्था कराई गई।

जनपद में लगातार हो रही भीषण बारिश के कारण के राजापुर तहसील क्षेत्र के तिरहार क्षेत्र में यमुना नदी और पैयसुनी नदी समेत अन्य नदियों का जल स्तर बढ़ जाने के कारण ग्राम पंचायत सरधुवा में 45 घरों के 130 लोग प्रभावित हो चुके हैं, और बाढ़ का पानी उन लोगो के घरों में जा पहुंचा हैं जिसके चलते लोग घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। प्रशासन की देख रेख में उन 45 घरों के लगभग 130 लोगों को प्राथमिक विद्यालय सरधुवा में आश्रय स्थल बनाया गया हैं।

इसी के चलते अटल जन शक्ति संगठन के बुंदेलखण्ड महासचिव अन्नू मिश्रा और जिलाध्यक्ष सुनील पाण्डेय के निर्देश में सोमवार को अटल जन शक्ति संगठन चित्रकूट की कार्यकारिणी के कार्यकर्ताओं ने उन लोगों के बीच जाकर नाश्ते की व्यवस्था उपलब्ध कराई।

नाश्ते में बिस्कुट, नमकीन, समोसा आदि सामग्री लोगो को वितरित किया साथ ही समाजसेवियों और आम-जनमानस से अपील किया हैं कि अपने यथाशक्ति अनुसार बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए और उन हर बेसहारा लोगों का सहारा बने जो बाढ़ से प्रभावित है। इस मौके पर बालकृष्ण विश्वकर्मा, हर्ष सिंह, सत्यवीर सिंह, रोहित त्रिपाठी, गुड्डन सिंह, शुभम पाण्डेय, गौर प्रताप सिंह, अलोक सिंह, कल्लू भुर्जी, रोहित सिंह, कोमल आदि लोग मौजूद रहे।

## लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर कराएं मामलों का निस्तारण: जिला जज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

आगामी 13 सितम्बर को जनपद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को समस्त नोडल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने नोडल अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों को आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए प्रेरित किया। कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन से सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाता है। इस मौके पर जिला जज/नोडल अधिकारी लोक अदालत राममणि पाठक अपर, अपर जिला जज नीलू मैनवाल, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्वी अरविंद कुमार वर्मा, राजापुर राजकमल, मऊ फहद अली, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनुराग शर्मा, सहायक जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार पाठक, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, तहसीलदार मानिकपुर, दयाशंकर वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारिया आदि मौजूद रहें। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा

### बड़े निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने आरोप लगाया है कि चित्रकूट में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़क देने का दावा किया है, लेकिन आज भी सड़कों पर हर जगह गढ्ढे नजर आते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार के दावे और वास्तविकता में बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने बताया कि करोड़ों की लागत से बने रानीपुर गिदुरहा में बरदहा नदी का पुल, वाल्मीकि नदी में बघवारा के पास बने पुल और भदेहदू के पुल के पहुंच मार्ग धंस गए हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि विकास कार्य के नाम पर जमकर घोटाले हुए हैं। आरोप लगाया कि सरकार कागजों पर तो विकास करती है।

## धूमधाम से मनाई राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




गहोई वैश्य समाज द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 139वीं जयंती समारोह गहोई उत्सव के रुप में चित्रकूट इण्टर कॉलिज में मनाई गई। जिसमें सामान्य ज्ञान व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों सहित समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जीवन शैली व उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। साथ ही उनकी प्रसिद्ध रचनाओं के बारे में भी बताया गया। गहोई वैश्य समाज के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाब गुप्ता ने बताया कि इस दौरा आयोजित कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान कृष्णा गुप्ता, द्वितीय स्थान तन्मय गुप्ता व तृतीय स्थान श्रेय गुप्ता ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कुर्सी दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान श्रद्धा गुप्ता, द्वितीय स्थान रचना गुप्ता व तृतीय स्थान जय देवी गुप्ता ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान सृष्टि गुप्ता, द्वितीय स्थान समृद्धि गुप्ता व तृतीय स्थान अक्षत सेठ ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान श्रेया गुप्ता, द्वितीय स्थान अंशिका पहारिया व तृतीय स्थान पंखुड़ी पहारिया ने प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंखुड़ी पहारिया, द्वितीय स्थान यशस्वी पहारिया व तृतीय स्थान शिसिका बरसैया को प्रदान किया गया। इसके अलावा फार्मेसी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर पारस सेठ को, सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर आयुष पहाड़िया को तथा वरिष्ठ समाजसेवी राजेश्वर प्रसाद, शंकर लाल सेठ, गुलाब चंद्र सेठिया, प्रकाश पहारिया, राज किशोर, संगम लाल पहारिया, हरदेव प्रसाद बरसैया, राजकिशोर पिपरसानियां को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर समाज के अध्यक्ष मुनेंद्र कुमार गुप्ता, महामंत्री सुधीर कुमार बरसैया, कोषाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ पहारिया, सह सचिव बालकृष्ण पिपरसानियां, संगठन मंत्री रमेश चंद्र पिपरशानियां, प्रचार मंत्री जितेश बरसैया, कार्यक्रम संयोजक विजय पिपरशानियां, पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास पहारिया, सुनील कुमार सुहाने, राम लखन गुप्ता, आलोक कुमार गुप्ता, जानकी प्रसाद सेठ आदि मौजूद रहे।



**सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को लगाई फटकार...**

भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला... पढ़ें पेज 12 पर...

# धार्मिक आस्था पर हमला : होलिका दहन की जमीन पर अवैध निर्माण, काईमाऊ में उबल पड़ा जनाक्रोश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/हरदोई



सदियों से जहां अग्नि प्रज्वलित होती रही, अब वहां ईंट, सीमेंट और लोहे के सरियों ने डेरा जमा लिया है। बघौली थाना क्षेत्र के काईमाऊ गांव में होलिका दहन की पावन भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। यह सिर्फ ज़मीन का कब्जा नहीं–यह गाँव की आत्मा, परंपरा और श्रद्धा का अपमान है। गांव के बुजुर्ग रोते हुए पूछ रहे हैं अब हम होलिका कहां जलाएं? हमारी आस्था की आग किसने बुझा दी? स्थानीय ग्रामीण हरीप्रकाश पुत्र शिवकुमार ने जब यह सब देखा, तो हाथ जोड़कर पहले पंचायत से विनती की, फिर जिलाधिकारी अनुनय झा से लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। उनका सीधा आरोप है कि गांव के ही नौशाद, रमेश, गुड्डू, दीपांशु, प्रांशु, मेहराज, विनोद और सुमित ने साजिश के तहत होलिका दहन की ऐतिहासिक भूमि पर कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि कोई साधारण जगह नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, जहां हर वर्ष गाँववाले मिलकर होलिका माता की पूजा करते हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की आस्था इस मिट्टी से जुड़ी है। लेखपाल प्रदीप कुमार ने भी यह स्वीकारा कि यहाँ होलिका दहन होता आया है, लेकिन विवादित निर्माण करने वालों ने अपनी बैनामा भूमि की आड़ में पवित्र स्थल को भी निगलने की कोशिश की है। यह सुनकर गांव



की महिलाओं की आंखें भर आईं– अब हमारी होलिका को किसने निगल लिया? थानाध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा ने कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य को फिलहाल रुकवा दिया है और शांति भंग की धाराओं में दोनों पक्षों पर कार्रवाई की है। लेकिन ग्रामीणों का सवाल है कि क्या ईंट गिरा देने से हमारी परंपरा लौट आएगी? गांव के नौजवानों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यह एक सोची-समझी साजिश है जिससे गांव की एकता, उसकी संस्कृति और सदियों से चली आ रही होलिका दहन की परंपरा को मिटाने की कोशिश हो रही है। जन एक्सप्रेस की टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा गया कि विवादित निर्माण स्थल के चारों ओर भारी गहमागहमी है, और पुलिस की मौजूदगी में भी ग्रामीणों की आंखों में आंसू और दिल में ज्वाला साफ झलक रही थी।

> यह भूमि हमारी आस्था की जड़ है। अगर यही नहीं बची, तो हम अगली पीढ़ी को क्या सौंपेंगे?
>
> –ग्रामीण बुजुर्ग

### कार्रवाई की औपचारिकता

अब सवाल उठता है कि क्या प्रशासन महज कार्रवाई की औपचारिकता निभाकर पीछे हट जाएगा? या इस बार सच में धर्म और संस्कृति के नाम पर खड़ा होगा?

### जन एक्सप्रेस यह पूछता है

- क्या हमारी आस्था अब खतों में दर्ज नहीं रही?
- क्या विकास के नाम पर अब देवी–देवताओं के आसन भी छीने जाएंगे?
- और क्या बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन भी अब राजनीति और लालच की भेंट चढ़ जाएगा?
- काईमाऊ की इस घटना ने पूरे जनपद में एक गहरी पीड़ा को जन्म दिया है। अगर समय रहते इस भूमि की रक्षा नहीं की गई, तो यह महज़ एक गांव नहीं–पूरे समाज की आस्था की हार होगी।

# बारिश के बीच डीएम ने पंपिंग स्टेशन का किया निरीक्षण

- अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश, जल भराव ना होने दें : डीएम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए?, बारिश के बीच लखनऊ में जलभराव की आशंका को लेकर जिला प्रशासन एक्शन मोड में दिखाई दिया। सोमवार को जिलाधिकारी विशाख ने शहर के प्रमुख पंपिंग स्टेशनों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान लखनऊ डीएम ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि,कहीं भी जलभराव की स्थिति ना बनने पाए और 24 घंटे निगरानी टीम तैनात की जाएं। वहीं डीएम विशाख के निरीक्षण की शुरुआत जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर 2 पर स्थित बाढ़ पंपिंग स्टेशन से हुई। जहां सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने उन्हें बताया कि, नैमिष और भटपुरा स्टेशन पर लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। फिलहाल जल स्तर सामान्य है, लेकिन बढ़ने की स्थिति में बैराज के गेट ऑपरेट कर लेवल नियंत्रित किया जायेगा। वहीं नगर निगम के चीफ इंजीनियर ने जानकारी दी कि इस पंपिंग स्टेशन से गोमती नगर, मुंशी पुलिया, इंदिरानगर सेक्टर 8 और पटेल नगर का पानी निकाला जाता है। डीएम ने ड्रेनों की लगातार निगरानी के निर्देश दिए। वहीं डीएम गऊघाट स्थित सरकटे नाले के बैरल नंबर 32 और गऊघाट पंपिंग स्टेशन पहुंचे। यहां नगर निगम जोन-6 के अधिकारियों ने बताया कि 13 पंप लगे हैं जो सभी एक्टिव हैं। भारी बारिश में गेट बंद कर इन पंपों से पानी निकाला जाता है। बारिश को देखते हुए कर्मचारी 24 घंटे शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे हैं। यहां भी फिलहाल जलस्तर सामान्य मिला। वहीं निरीक्षण के अंतिम पड़ाव पर डीएम जी-20 रोड पर पहुंचे। यहां मुख्य अभियंता ने बताया कि सभी पंपिंग स्टेशन पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। डीएम ने सिंचाई विभाग और नगर निगम को तालमेल बैठाकर बैराज गेट संचालन के निर्देश दिए ताकि कहीं जलभराव न हो। वहीं डीएम ने नगर निगम के अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि सभी ज़ोन में अतिरिक्त पंप और जेनसेट की व्यवस्था तत्काल करें। साथ ही शहरी इलाकों में टीम लगाकर लगातार 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करें। किसी भी हालत में शहर में जलभराव की स्थिति नहीं बनने दी जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम विशाख, एसीएस सतीश चंद्र त्रिपाठी,सिंचाई विभाग, नगर निगम के चीफ इंजीनियर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सावन के सोमवार पर मंदिरों में भक्तों की भीड़

## भक्तों ने शिव शंभू बम बम भोलेनाथ के लगाए जयकारें, शिवलिंग पर जल चढ़ाकर विधि–विधान से की पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



शिव शंभू बाबा भोलेनाथ के पवित्र महीना सावन में सोमवार को लखनऊ जिले के मनकामेश्वर,बुद्धेश्वर, निगोड़े नाथ, रत्नेश्वर महादेव, भदेश्वर नाथ, कंकडेश्वर अन्य शिव मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी, जहां भक्तों द्वारा शिव शंभू भोलेनाथ त्रिलोकनाथ ? नमः शिवाय का जाप के करते हुए शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जल अर्पित कर शिव की अराधना करते लोग दिखाई दिए। वहीं बीकेटी के शिवपुरी गांव में पौराणिक मंदिर श्री बाबा भदेश्वर नाथ शिव मंदिर शिवपुरी जिसका वर्णन शिवमहापुराण,स्कंदपुराण, रामचरितमानस आदि में वर्णित है यह मंदिर शिवपुरी में पूर्व दिशा में स्थित है। यहां बाणासुर की पुत्री ऊषा भगवान शिव से ज्ञान प्राप्त करने आती थी तथा यहीं पर बाणासुर और भगवान कृष्ण से हुए युद्ध के अवशेष आज भी संरक्षित है यह युद्ध रणबाबा मंदिर से पूर्व में स्थित लक्ष्मण टीला पर हुआ था। जहां कहीं ऊंचे ऊंचे टीले बन गए तथा कही कहीं झीलें बन गई जहां एक जगह पर पैर पटकने पर दूर तक धमक जाती थी जब बाणासुर और भगवान कृष्ण का युद्ध शुरू हुआ तो बाणासुर ने भगवान श्रीकृष्ण पर 108 फीट लंबी शिला का प्रहार किया जिसे भगवान कृष्ण ने अपनी शक्ति से खंडित कर दिया और उसके अवशेष बिखरे जो श्री बाबा भदेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर मे गिरे कुछ अवशेष रणबाबा मंदिर मे कुछ अवशेष मुक्तेश्वर महादेव मंदिर देवरी रूखारा मे गिरे फिर भगवान श्रीकृष्ण ने सहस्रो भुजाओं को सुदर्शन चक्र से काट दिया जब सिर्फ दो ही भुजायें शेष बची थी उनको काटने की बारी आयी तो बाणासुर ने भगवान भोलेनाथ शिव को याद किया और भगवान भोलेनाथ शिव आये और सुदर्शन चक्र रोक दिया और भगवान भोलेनाथ शिव के कहने पर बाणासुर ने भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी और भगवान श्रीकृष्ण ने बाणासुर को क्षमा कर दिया और बाणासुर ने ऊषा और अनिरुद्ध के विवाह को स्वीकृति दी ऊषा और अनिरुद्ध का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ यहां पर सावन माह में बहुत भीड होती है तथा दूर दराज से भक्त पूजा अर्चना करने आते है और यहां पर भक्त गणों ने बताया कि भगवान भोलेनाथ सभी की मनोकामनायें पूर्ण करते है यहां पर किया गया धर्मार्थ कार्य बहुत ही पुण्य फल दायक है यहां पर बहुत ही प्राचीन कुंआ है और बेलपत्र से बेलपत्र बहुत ही दिव्य स्वंभू बेलपत्र है जिसे बताया जाता है इसे भगवान शिव का भक्त बाणासुर लेकर आया था जो यहां पर आश्चर्य जनक के रूप मे विद्यमान है यहां प्रतिवर्ष कजरी तीज के पावन अवसर पर भव्य मेला और विशाल दंगल का आयोजन होता है तथा अषाढी पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है

# उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक (जू.हा.) शिक्षक संघ लखनऊ द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने बताया कि पंचायत निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य में लखनऊ के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अनुचित रूप से बीएलओ बनाए जाने से विद्यालयों की शैक्षिक व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है और माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने का मिशन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा यथा संभव भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में नियुक्त कार्मिकों से ही पंचायत निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण का कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही बीएलओ को उसी मतदेय स्थल का निवासी भी होना चाहिए। आयोग द्वारा लेखपाल, राज्यकर्मियों, सार्वजनिक उपक्रमों के कार्मिकों, ग्राम स्तरीय कार्मिकों को भी बीएलओ नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं किंतु लखनऊ में केवल परिषदीय शिक्षकों के को ही बीएलओ नियुक्त किया गया है, अन्य विभागों के कार्मिकों को बीएलओ नहीं नियुक्त किया गया है जबकि शिक्षक न तो उस मतदेय स्थल के निवासी हैं न ही पूर्व में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें बीएलओ नियुक्त किया गया था। अत्यधिक संख्या में शिक्षकों के बीएलओ नियुक्त होने से विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव हो गया है जिसका शैक्षिक उपलब्धि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि अन्य विभागों के कार्मिकों को बीएलओ नियुक्त किया जाए और राज्य कार्मिकों सहित अन्य स्थानीय निकाय कार्मिकों, सार्वजनिक उपक्रमों के कार्मिकों, लेखपाल,पंचायत सचिव की अनुपलब्धता वाले क्षेत्रों में ही शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ कार्य हेतु लगाई जाए।

# सार्वजनिक सड़क के बीचों–बीच एक होटल द्वारा अवैध रूप से लगाई गई विज्ञापन होल्डिंग, प्रशासनिक लापरवाही का बन चुकी प्रतीक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ जिले के नगर पंचायत बख्शी का तालाब के वार्ड संख्या पांच में स्थित एसबीआई बैंक के पास लगभग 10 मीटर अंदर सार्वजनिक सड़क के बीचों-बीच एक होटल द्वारा अवैध रूप से लगाई गई विज्ञापन होल्डिंग,अब प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन चुकी है। इस मामले में नागरिक रोहिताश द्वारा नगर पंचायत, उप जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी,लेकिन एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी न तो होल्डिंग हटाई गई और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई हो सकी। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत ने होल्डिंग लगाने वाले को तीन बार नोटिस जारी किया था। जब उसने इसे नहीं हटाया, तो अधिशासी अधिकारी द्वारा बीकेटी पुलिस को पत्र भेजकर पुलिस बल मुहैया कराने की मांग की गई। किंतु ईओ के मुताबिक, पुलिस बल उपलब्ध न होने के कारण कार्रवाई अभी तक लंबित है। यह पूरा प्रकरण इस बात की ओर इशारा करता है,कि नियमों को लागू करने की मंशा और तत्परता दोनों ही स्तरों पर कमजोर पड़ गई है। जब एक अवैध होल्डिंग को प्रशासन स्वयं अवैध मान चुका है, तीन नोटिस दे चुका है और पुलिस को पत्र भी भेज चुका है, तो कार्रवाई में देरी का क्या औचित्य, यह सवाल प्रशासन से सीधे पूछा जाना चाहिए, कि क्या अब अवैध कार्यों पर रोक लगाना भी संसाधनों के अभाव में असंभव होता जा रहा है,यदि पुलिस बल ही नहीं मिल पा रहा।

### खुद को ख्यातिलब्ध बताने की...!

जब कभी देखता हूँ....!<br>
समाचार पत्रों में या पत्रिकाओं में<br>
चिकित्सकों की राय–सलाह–परामर्श<br>
पता नहीं क्यों, हो जाता है स्मृतिलोप<br>
और...अंतर ही भूल जाता हूँ कि...<br>
क्या होता है अर्श या फिर...!<br>
क्या होता है फश...<br>
प्रकाशित विषय–आर्टिकल में....!<br>
रोग के दस सम्भावित लक्षणों में से<br>
सात–आठ खुद–ब–खुद....<br>
मेल खाते नजर आते हैं....और...<br>
जो उपचार चिकित्सक सुझाते हैं...<br>
उनमें से पाँच–सात पहले से ही...!<br>
हम खुद ही आजमाएं होते हैं....<br>
पथ्य भी जो सुझाए जाते हैं...!<br>
उनमें से भी अधिकांश का,<br>
देसज रूप से पालन...<br>
हम पहले से ही किए हुए होते हैं...<br>
ऐसी दशाओं में व्यग्र होकर,<br>
छोटी–मोटी बीमारियों में भी....!<br>
पाठक बहुत घबराता है...और...<br>
अंदर ही अंदर कुढ़ता चला जाता है.. मित्रों...वैसे भी कहते हैं कि...<br>
बुद्धि भय का कारण है....!<br>
इसलिए भ्रमवश–भयवश...<br>
भागकर वह लैब–पैथ में,<br>
ढेर सारी जाँचें...ख़ुद ही करवाता है.. और...खुद ही विश्लेषण करता हुआ<br>
नीम–हक़ीम–वैद्य–चिकित्सक..और..<br>
साथ ही...खुद के लिए खतरा–ए–जान.. बन जाता है....और...!<br>
भीतर–ही–भीतर से खुद को,<br>
कमजोर बनाता है...क्योंकि....<br>
गम्भीर बीमार होने का अज्ञात भय... उसे हरपल–हरदम सताता है.... मित्रों अब प्रश्न इस बात का है<br>
कि जब चिकित्सक और अस्पताल....!<br>
दोनों ही उपलब्ध हैं चारों ओर....<br>
फिर जरूरत क्या है...?<br>
प्रकाशित हो राय इनकी...या फिर...<br>
सन्देश– विज्ञापन इनका...!<br>
टीवी–समाचार पत्र–सोशल मीडिया<br>
चट्टी–चौराहा,गली–गुच्चा हर ओर...<br>
जब हर चीज को समझने वाले...<br>
कायदे से सब कुछ समझाने वाले...<br>
प्रशिक्षित लोग हमारे पास उपलब्ध हैं फिर जरूरत क्या पड़ी है.....?<br>
इन महानुभावो को....<br>
प्रचार–प्रसार के माध्यम से...!<br>
इतना सब कुछ बताने की....<br>
और...जरूरत क्या पड़ी है... ?<br>
किसी चिकित्सक को प्रचार–प्रसार कर ख़ुद को ख्यातिलब्ध बताने की...! ख़ुद को ख्यातिलब्ध बताने की...!

रचनाकार....<br>
जितेन्द्र कुमार दुबे<br>
अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ

# कोटेदारों द्वारा कार्ड धारकों के साथ राशन की घटतौली



- प्लास्टिक की बाल्टी से तौल कर कोटेदार देतें हैं राशन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शासन व प्रशासन की उदासीनता के चलते लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब क्षेत्र के कोटेदार घटतौली करने से नहीं चूकते हैं। बता दें कि इससे राशन कार्ड धारकों का निर्धारित मात्रा में राशन नहीं मुहैय्या हो पा रहा है। बक्शी का तालाब के पूर्ति निरीक्षक कोटेदारों का औचक निरीक्षण करने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। कोटेदार राशन कार्ड धारकों का शोषण करते रहते हैं। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भाकियू राम प्रकाश सिंह रामदेव तिवारी तमाम राशन कार्ड धारकों ने बताया कि कोटेदार प्लास्टिक की बाल्टी से तौल का राशन देते हैं। जिससे राशन कार्ड धारकों को पूरा राशन नहीं मिल पाता है। राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट तीन किलोग्राम गेहूं तो 2 किलोग्राम चावल शासन से मिलता है। इस क्षेत्र में लगभग 90 कोटेदार हैं। कोटेदार इंदारा, हरधौरपुर, गुलालपुर, सुवंशीपुर, महिंगवां, गोहना खुर्द सुभाष, अरीगामा, अन्य कोटेदार राशन कार्ड धारकों को कम ही गेहूं और चावल देते हैं। समय-समय पर पूर्ति निरीक्षक द्वारा राशन वितरण करते समय औचक निरीक्षण किया जाए तो कोटेदार की करतूत खुलकर सामने आ जायेगी। जब इन कोटेदारों से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि हम लोग राशन कार्ड धारकों को कम राशन नहीं देते हैं, पर हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता।

### सूचना

मेरी पुत्री का जन्म प्रमाणपत्र व अन्य ऑफिसियल रिकॉर्ड में नाम सेजल (SHEJAL) लिखा हुआ था अब मैं अपने व्यक्तिगत कारणों से अपनी पुत्री का नाम सेजल से बदलकर खुशी वर्मा (KHUSHI VERMA) कर रहा हूं, आज से मेरी पुत्री को खुशी वर्मा के नाम से जाना–पहचाना जाए।

–रंजीत सिंह<br>
पुत्र स्व0 रामकुमार<br>
निवासी–आदमपुर, नौबस्ता, बहरौली, लखनऊ।

### नन्दी ने बाढ़ प्रभावित कटका गांव का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रयागराज के बाढ़ प्रभावित करछना तहसील के ग्राम सभा कटका डेरा गांव का निरीक्षण किया। मंत्री नन्दी ने बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर बाढ़ की स्थिति का अवलोकन करने के साथ ही बाढ़ प्रभावितजनों का कुशलक्षेम जाना। मंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ ग्रस्त इलाकों में सूखा राशन एवं मवेशियों के लिए चारा की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

# यूपी एटीएस की बड़ी कार्रवाई

## रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप से जुड़े दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता ने देश में धार्मिक उन्माद फैलाने और माहौल बिगाड़ने की साजिश रचने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों %रिवाइविंग इस्लाम% नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े थे, जिसमें 400 से ज़्यादा पाकिस्तानी सदस्य शामिल थे। ग्रुप के तीनों एडमिन भी पाकिस्तान से ही थे। एटीएस अब इस साजिश में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

### पाकिस्तान से जुड़े थे ग्रुप के एडमिन


एटीएस ने अजमल अली (अमरोहा) और डॉ. उसामा माज शेख (ठाणे, महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक, इस व्हाट्सएप ग्रुप पर भारत में शरिया कानून लागू करने की बातें की जाती थीं और मुस्लिम युवकों को गैर-मुस्लिमों के खिलाफ भड़काया जाता था। एटीएस काफी समय से ऐसे ग्रुपों पर नजर रख रही थी, जिसके बाद रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप का पता चला। जांच में पता चला कि इस ग्रुप से उत्तर प्रदेश का एक नंबर भी जुड़ा हुआ था, जिसकी पहचान अजमल अली के रूप में हुई।

### अजमल की निशानदेही पर उसामा भी गिरफ्तार

एटीएस ने अजमल अली को गिरफ्तार कर जब उससे पूछताछ की, तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। अजमल ने बताया कि वह अपने सीनियर डॉ. उसामा माज शेख के कहने पर इस ग्रुप से जुड़ा था। उसामा इंस्टाग्राम और सिग्नल जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी भारत विरोधी बातें करता था और चैट के जरिए देश की सरकार गिराने की बात करता था। इसके बाद एटीएस ने उसामा को भी गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के खिलाफ 1 अगस्त को लखनऊ एटीएस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

# कांवड़ियों ने किया बाराही देवी का जलाभिषेक, भिठूर से लाए गंगाजल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



**मलिहाबाद।** सोमवार को भिठूर से पवित्र गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने अटेर गांव में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर में जलाभिषेक किया। रहीमाबाद क्षेत्र के सस्पन गांव से निकली इस डाक कांवड़ यात्रा में युवाओं का जोश देखने लायक था। रविवार देर रात, शिव भक्तों का यह जत्था पहले कानपुर के भिठूर घाट पहुंचा, जहां उन्होंने गंगा स्नान किया। इसके बाद, सभी कांवड़िए गंगाजल लेकर दौड़ते हुए अटेर गांव स्थित मां बाराही देवी मंदिर पहुंचे। दर्जनों शिव भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भिठूर से लगातार दौड़ते हुए ये डाक कांवड़िए तेजी से मंदिर पहुंचे और तय समय पर अपने आराध्य का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। इस यात्रा में युवाओं ने एक-दूसरे को गंगाजल देते हुए अपनी टोली के साथ तेजी से दौड़ लगाई जो उनकी अटूट भक्ति और श्रद्धा को दर्शाता है।

### पिछले 36 घंटे से लगातार हुई बारिश से आम जनजीवन अस्त–व्यस्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले में लगातार 36 घंटे से हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बता दें कि बारिश के चलते लोग अपने घरों में कैद होकर रहे गए। शहर में जलभराव के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गय। बारिश के चलते बच्चे दूसरे दिन भी स्कूल नहीं जा सकें। बारिश को देखते हुए सोमवार सुबह लखनऊ जिलाधिकारी विशाख ने छुट्टी घोषित कर दी। जिले के सभी स्कूल बंद कर दिए गए और जो बच्चे वैन व गाड़ियों से रास्ते में व कुछ स्कूल पहुंच चुके थे, उनको घर लौटना पड़ा। वहीं बारिश का असर बजारों और कारोबार व फसल, सब्जी पर पड़ा है। बारिश के अलर्ट को देखते हुए लखनऊ डीएम ने जिले के सभी स्कूलों को बंद कर कर देने के निर्देश दिए हैं। बीते रविवार सुबह से लगातार बारिश हो रही है। रात भर तेज बारिश होती रही और सुबह जब लोगों की आंख खुली तो झमाझम बारिश हो रही थी। एक मिनट के लिए भी बारिश नहीं रूकी। लोगों जरूरी काम से ही बाहर निकलें। दूसरे दिन भी बच्चे बारिश के कारण स्कूल नहीं जा सकें। अब बारिश् के कारण हर कोई त्राहि-त्राहि कर उठा है।

# डेढ़ क्विंटल गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश एसटीएफ और नगराम पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने तस्कर के पास से 156 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी के पास से एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल तस्करी के लिए किया जाता था।शिवम के खिलाफ पहले भी एक मुकदमा दर्ज है।



### अंधेरे का फायदा उठाकर एक आरोपी फरार

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के अनुसार, पुलिस को गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। रविवार रात करीब 11:30 बजे, एसटीएफ और नगराम पुलिस की टीम ने पटवा खेड़ा मोड़ के पास एक संदिग्ध स्कॉर्पियो गाड़ी को रोका। चेकिंग के दौरान, गाड़ी चला रहा एक युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जबकि उसके साथी शिवम यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में शिवम ने बताया कि वह अपने दोस्त सूरज सिंह के साथ मिलकर पिछले दो सालों से यह काम कर रहा था। वे आंध्र प्रदेश और ओडिशा से गांजा मंगाकर लखनऊ, सुल्तानपुर और रायबरेली समेत कई जिलों में सप्लाई करते थे। शिवम ने यह भी खुलासा किया कि जब्त की गई स्कॉर्पियो इसी तस्करी के पैसों से खरीदी गई थी। पुलिस अब फरार आरोपी सूरज सिंह और इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

### फिर भी नहीं मिला आवास...

# कुकहा रामपुर गांव में बेघर महिला के पैर कटे, बेटे की तालाब में डूबने से मौत, बारिश में घर डूबा

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले के सिंहपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कुकहा रामपुर की रहने वाली प्रतिभा सिंह पत्नी वेद प्रकाश सिंह पिछले कई वर्षों से आवास के लिए दर-दर भटक रही हैं, लेकिन ग्राम प्रधान और प्रशासनिक लापरवाही के कारण आज तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत नसीब नहीं हो सकी है। बरसात के मौसम में घर में पानी भर आया। जिससे घर से बेघर होने को मजबूर हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, जनवरी माह में प्रतिभा सिंह के दोनों पैर ट्रेन से कट गए, जिससे उनका पूरा परिवार सदमे में आ गया। इस दुर्घटना के महज एक महीने बाद उनके 14 वर्षीय बेटे की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। वर्तमान में उनका परिवार अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन-यापन कर रहा है। उनके परिवार में पति वेद प्रकाश सिंह, एक 8 साल का बेटा और 5 साल की बेटी है, जो कच्चे और जर्जर छत के नीचे रहने को मजबूर हैं। ग्राम प्रधान अशोक पासी और उनके प्रतिनिधि द्वारा रिपोर्ट लगाई गई थी कि यह परिवार पात्र है, और इन्हें आवास दिया जाना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद आज तक इस परिवार को आवास स्वीकृत नहीं किया गया। कई बार गुहार लगाने के बावजूद भी अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता पर आवास देना चाहिए, लेकिन शासन की योजनाएं कागजों तक सीमित रह गई हैं। इस अमानवीय उपेक्षा से गांव में आक्रोश का माहौल है।

# तहसील परिसर जलमग्न, एसडीएम आवास तक पहुंचा पानी, प्रशासनिक कार्य प्रभावित

जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी



तिलोई तहसील परिसर में भारी बारिश के चलते जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि उपजिलाधिकारी तिलोई अमित कुमार सिंह के सरकारी आवास तक पानी भर गया। तहसील परिसर के विभिन्न कार्यालयों में पानी घुस जाने से कर्मचारियों और फरियादियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष बरसात में ऐसी स्थिति बनती है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। तहसील परिसर के जलमग्न होने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के थाना मोहनगंज क्षेत्र के तिलोई कस्बे में तिलोई राजभवन के सामने स्थिति हरि प्रसाद गौतम के पुत्र सोहित की सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घर पर बिजली का कार्य करते समय यह हादसा हुआ।

अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे तिलोई कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार तिलोई कस्बा निवासी सोहित कुमार गौतम 21 वर्ष पुत्र हरिप्रसाद गौतम अपने घर में बिजली के मरम्मत कार्य कर रहा था। सोमवार की शाम लगभग तीन बजे वह स्विच बोर्ड की वायरिंग ठीक कर रहा था, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही सोहित जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया।परिजनों ने तत्काल उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मोहनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोहित के असामयिक निधन से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक सोहित अपने परिवार का सबसे मेहनती और जिम्मेदार युवक बताया जा रहा है। वह अपने पिता के साथ राज मिस्त्री का काम करता था। साथ-साथ इलेक्ट्रिकल कार्यों में भी रुचि रखता था। और अक्सर घर के छोटे-मोटे बिजली मरम्मत के काम स्वयं करता था। लेकिन सोमवार को हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। गांव के लोग और रिश्तेदार बड़ी संख्या में मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में भी शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शोक संतप्त परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

### सुभाष नगर को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल कराए जाने के लिए शीघ्र होगा आंदोलन: गोविंद

**रायबरेली।** आजाद शक्ति सेवा संगठन के अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन के वर्तमान संयुक्त मंत्री (प्रशासन) गोविंद सिंह एडवोकेट ने बताया कि सुभाष नगर जो की नगर पालिका क्षेत्र की जद में आता है, शहर से सटा हुआ है लेकिन यह सुभाष नगर और उसके निवासियों का दुर्भाग्य है कि उसे अब तक कागजों में ना शहर का हिस्सा माना जा रहा है और ना ही किसी ग्राम सभा का यह बड़ा दुर्भाग्य का विषय है। यहां के मोहल्ले के रहने वाले निवासियों के हिसाब से लगभग 20 वर्षों से इस मोहल्ले में लोग रह रहे हैं लेकिन शहरी क्षेत्र की मिलने वाली सुविधाओं यदि आकलन किया जाए तो केवल और केवल मोहल्ले के कुछ हिस्सों में विद्युतीकरण और पानी निकासी के लिए बनी ना लिया कुछ गलियों में इंटरलॉकिंग और कुछ में खड़ंजा है, यदि इनको छोड़ दें तो बाकी मोहल्ले की ज्यादातर आबादी के मकानों में न जल निकासी की व्यवस्था है, नही रास्ते का इंतजाम है और ना ही सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है। इन सब समस्याओं को लेकर सभी मोहल्ले वासियों के साथ राय मशवरा करके जल्द ही एक सुनियोजित तरीके की रणनीति बनाकर समस्या का समाधान कराया जायेगा।

# भाजपा ने तिरंगा यात्रा एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर की बैठक

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले में प्रस्तावित भव्य तिरंगा यात्रा एवं आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने सोमवार को जिला कार्यालय गौरीगंज में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री शंकर गिरी उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए शंकर गिरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन में राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करने का अभियान है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए योजना बनाकर बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान चलाएं। शंकर गिरी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि **गांव की सरकार** बनाने के लिए सभी जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को **मिशन मोड** में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत रणनीति के साथ काम करें और जिला पंचायत वार्डों की सूची मण्डल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक तैयार कर लें। शासन द्वारा परिसीमन और मतदाता पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है, जिस पर सभी को बारीकी से नजर रखनी होगी।

प्रवक्ता चन्द्रमौली सिंह ने बताया कि बैठक में तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक अतुल सिंह समेत जिला महामंत्री केशव सिंह, राकेश त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, अंजनी सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा बाजपेयी, नीलम भारती, प्रतिमा तिवारी, घनश्याम चौरसिया, अरुण मिश्र सहित जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में पंचायत चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारियों का स्पष्ट बंटवारा करने पर बल दिया गया।

### भारी बारिश से जलभराव दैनिक भास्कर की खबर पर तहसीलदार ने काशीराम कॉलोनी का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव और अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। इस समस्या पर दैनिक भास्कर द्वारा प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है। डीएम हर्षिता माथुर के निर्देश पर नायब तहसीलदार सदर आकृति वास्तव ने सोमवार को लेखपालों की टीम के साथ काशीराम कॉलोनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने कॉलोनी में रहने वाले लोगों से बातचीत की। उन्होंने निवासियों की परेशानियों की जानकारी ली। तहसीलदार ने नालियों के जाम होने और जर्जर कालोनी सीवर लाइन से जुड़ी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया। आकृति वास्तव ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को तत्काल राहत उपाय शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलोनी की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए संबंधित विभागों को अवगत कराया जाएगा।

# आवारा कुत्तों से परेशान मोहल्ले वासियों ने दिया उप जिलाधिकारी को ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



सलोंन नगर पंचायत सलोंन के वार्ड नंबर 11 मिलकीयाना पूर्वी में कुत्तों के आतंक से परेशान व भयभीत मोहल्ले वासियों ने उप जिलाधिकारी सलोंन को प्रार्थना पत्र देकर मोहल्ले के आवारा कुत्तों से निजात दिलाए जाने की मांग की है। उप जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मिलकियाना पूर्वी में रिलायंस टावर व मौला बक्स कॉलोनी के आसपास आवारा कुत्तों के आतंक से मोहल्लेवासी काफी परेशान है। स्कूल जाने वाले बच्चे, ट्यूशन जाने वाले बच्चे, व आने जाने वाले राहगीरों को यह कुत्ते दौड़ा लेते हैं। व काटने का प्रयास करते हैं । बीच बचाव के बाद किसी तरह लोग बड़ी मुसीबत से कुत्ते से अपना बचाव करते हैं। इससे भयभीत होकर मोहल्ले वासियों ने एकत्र होकर उप जिलाधिकारी सलोंन चंद्र प्रकाश गौतम को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आवारा कुत्तों से निजात दिलाए जाने की मांग की है ।उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम ने पशु चिकित्सा अधिकारी को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिकायती प्रार्थना पत्र वार्ड के सभासद मोहम्मद फिरोज इद्रीसी, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद मुकीम, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद मुस्तकीम, समेत महिलाएं भी उपस्थित रहीं। इससे पूर्व भी जिला अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में भी युवा समाज सेवी इरफान सिद्दीकी ने इस समस्या को प्रमुखता से रखा था। परंतु इस ओर प्रशासन उदासीन ही नजर आ रहा है।

### एडीएम (एफ0आर0) ने बारिश को देखते हुए तहसील डलमऊ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में लगातार हो रही बारिश व बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत एडीएम (वि0रा0) अमृता सिंह ने तहसील डलमऊ के अंतर्गत बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें जमाल नगर उर्फ मोहद्दीनपुर, कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों से वार्ता की गई, क्षेत्र में अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है, लेकिन आगे 3 दिन भारी बारिश होने का अलर्ट है, जिससे ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। अभी कोई गांव बाढ़ से प्रभावित है, किसी गांव या खेत में बाढ़ का पानी नहीं आया है। एडीएम (वि0रा0) ने गांव में ब्लीचिंग व एण्टीलार्वा का छिड़काव, शुद्ध पेयजल इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने और बाढ़ चौकियों को 24 घण्टे प्रचालित कराने तथा समय-समय पर बाढ़ चौकियों व गांवों का भ्रमण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# सेमरौता तिवारीपुर चौराहे पर महावीर एग्रो प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी



तिलोई ब्लॉक अंतर्गत सेमरौता के तिवारीपुर चौराहे पर रविवार को नवीन कृषि प्रतिष्ठान महावीर एग्रो का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में राजा सेमरौता पन्ना सिंह एवं भिवानी दत्त दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।और विधिवत फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रो.पुनीत कुमार पाण्डेय को श्रीराम स्वरूप चित्र भेंट कर कृषि क्षेत्र में उनकी इस नवीन उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में हीरा सिंह प्रधान खेखरुआ, एडवोकेट धीरेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य संतोष जायसवाल, कमलेश अग्निहोत्री समेत क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महावीर एग्रो के उद्घाटन को क्षेत्रीय किसानों के लिए लाभकारी बताते हुए इसे कृषि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करार दिया।

# कांवड़ियों की सेवा के लिए भाजपा नेता ने लगाया शिविर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



**ऊंचाहार।** सावन महीने के अंतिम सोमवार के लिए निकलने वाले कांवड़ियों की सेवा के लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर चड़रई चौराहा के पास वृहद शिविर आयोजित किया। यह शिविर सोमवार शाम तक चलेगा। इसमें भोजन चिकित्सा आदि की पूरी व्यवस्था है।

ज्ञात हो कि क्षेत्र के गोकना गंगा घाट गंगा घाट से हजारों की संख्या में कांवड़ियां जल भरकर विभिन्न शिवालयों के लिए रवाना होते है। जिनका मुख्य मार्ग गोकना सूची मार्ग होता है, जो चड़रई चौराहा से होकर निकलते है। इसी मार्ग पर यह शिविर आयोजित किया गया है। इसका शुभारंभ शनिवार को हुआ पूरी सब्जी का भंडारा मुख्य रूप से कौशल किशोर मिश्रा जी का विशेष योगदान रहा। रविवार को शिविर में बड़ी संख्या में कांवड़ियां पहुंचे, जिन्हें भोजन कराया गया और उनके स्वास्थ्य का परीक्षण करके जरूरी दवाओं और सलाह के साथ रवाना किया गया।

इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री ने खुद कांवड़ियों की सेवा की और कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना बड़ा आनंददायक है। भक्तों के लिए सुविधा देना और उनके भक्ति मार्ग को सुगम करना बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि कांवड़ियों की यथा संभव करें। यदि कहीं किसी राह में कोई कांवड़िया दिक्कत में है तो उसकी मदद के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, ये बड़े पुण्य का कार्य है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सी एच सी ऊंचाहार से डॉक्टर शिव त्रिपाठी, पुष्पेंद्र मौर्य, अर्चना, डॉक्टर राधा यादव, मनीष कौशल, निर्मल पेड़ीवाल, सैफ मेहंदी, राजेंद्र यादव, लक्ष्मीकांत दुबे, आशु पांडे, संतोष शुक्ला, विनय पांडे, निखिल अग्रहरि, राजकिशोर मिश्रा, अनिल पांडे, कौशल किशोर मिश्रा आर्यन पांडे मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम, सभी एसडीएम एवं सभी तहसीलदारों ने क्षेत्र और गौशालाओं का किया निरीक्षण

जिले में दो दिन से रुक -रुककर हो रही बारिश के बाद गौशालाओं की व्यवस्था को दुरुस्त बनाने रखने के निर्देश जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने दिए। जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ और सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारियों ने क्षेत्र व गौशालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मवेशियों को खुले में न रखने के निर्देश दिए। साथ ही गोशाला में कीचड़ न हो, इसके लिए पानी निकासी के इंतजाम दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित कराया कि गौशालाओं में चारा-पानी, चिकित्सा व्यवस्था, पानी निकासी, शेड,प्रकाश इत्यादि दुरुस्त रहे। जिन स्थानों पर कमी पाई गई उन्हें समय रहते ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बीमार पशुओं को अन्य पशुओं से अलग रखकर उनका उचित उपचार कराया जाए। जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु संबंधित ब्लॉक एवं नगर पंचायत अधिकारियों को भी निर्देश किया। जिलाधिकारी ने ब्लॉक के सभी बीडीओ को भी निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्रों में गोशालाओं की स्थिति को परखे और आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित कराए।

# जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली की शाखा राजाफत्तेपुर के नवीन भवन का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली की शाखा राजाफत्तेपुर के नवीन भवन का उद्घाटन राजा मयंकेश्वर शरण सिंह राज्यमंत्री, संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण उ0प्र0 सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली द्वारा की गयी। मंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह के नेतृत्व में निरन्तर प्रगति कर रहा है। जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करते हुए किसानों की समृद्धि में अपनी भागीदारी को प्रभावी ढंग से पूर्ण कर रहा है। अध्यक्ष के नेतृत्व में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, शाखाओं में हरित ऊर्जा के अन्तर्गत सोलर सिस्टम एवं विविधीकरण के अन्तर्गत हाउसिंग लोन 50.00 लाख रू0 तक की सुविधा प्रदान की जा रही है।

विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित सहकारी बन्धुओं ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र के सम्मानित जनता को बैंक द्वारा किसानों के हित में सचालित योजनाओं पर ब्यापक रूप से प्रकाश डाला गया।

श्री सिंह द्वारा बताया गया कि बैंक न केवल किसानों को समितियों के माध्यम से ऋण वितरित कर रहा है बल्कि विविधीकरण ऋण के अन्तर्गत व्यवसायिक ऋण हाउसिंग पशुपालन, वाहन ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे जनसामान्य को उनके विकास में सहयोग किया जा रहा है। सहकारी बैंक निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह द्वारा सहकारिता के माध्यम से कृषकों तथा आम जनता के विकास हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी।

बैंक सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा द्वारा इस अवसर पर बैंक द्वारा किसानों के कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर बैंक के संचालक अवनीन्द्र प्रताप सिंह एवं पियारे, तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता जनपद अमेठी अरविन्द सिंह, अपर जिला सहकारी अधिकारी सन्तलाल, रणंजय सिंह अनुभाग अधिकारी (आई0टी0), सहायक विकास अधिकारी सुखदेव पटेल, शाखा प्रबन्धक सन्तकुमार एवं नवीन भवन के भवनस्वामी विनय कुमार गुप्ता एवं अधिक संख्या में सहकारी बन्धु, पत्रकार बन्धु तथा ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।



**सीएम के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे...**

बस्ती। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरो को सख्त आदेश दिया है। स्कूल मर्जर के मामले में अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर... ▸ शेष पेज 10 पर...

# बारिश के बाद भी सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

झमाझम बारिश के बाद भी भक्तों की आस्था नहीं डिगी। सावन के चौथे व अंतिम सोमवार पर शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। सुबह से ही भक्त लाइन में लगकर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इस दौरान मंदिर परिसर बम-बोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहे।

चौथे सोमवार पर परमट स्थित श्री आनंदेश्वर मंदिर में भक्तों की लाइन लगी रही।

लगातार बारिश के बावजूद पूजा की थाली व लोटे में जल लिए भक्त पट खुलने का इंतजार करते रहे। रविवार आधी रात दो बजे मंगला आरती के बाद पट खोले गए। भक्त हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए दर्शन करने के लिए टूट पड़े।

मंदिर प्रशासन के मुताबिक शाम पांच बजे तक करीब डेढ़ लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन कर लिए थे। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वहीं नवाबगंज के जागेश्वर धाम, शिवराजपुर के खेरेश्वर, जाजमऊ के सिद्धनाथ धाम, पीरोड के वनखंडेश्वर मंदिर, नयागंज स्थित नागेश्वर मंदिर, कछुआ तालाब पनकी के शिवमंदिर, बर्रा बाईपास स्थित भोलेश्वर मंदिर, फूलबाग के खेरेपति मंदिर, स्वरूप नगर स्थित भोलेश्वर व गृहस्थेश्वर मंदिर में भक्तों की भार भीड़ रही।

### मंदिर जाने वाले रास्तों पर भरा पानी

बारिश की वजह से जहां पूरा शहर जलमग्न था। वहीं शिवालयों के आसपास भी पानी भर गया। भक्तों को घुटने तक भरे पानी से होकर दर्शन करने जाना पड़ा। श्री आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर पर तो श्रद्धालु दो फीट जलभराव से होकर गुजरना पड़ा। पीरोड स्थित वनखंडेश्वर मंदिर, जाजमऊ के सिद्धनाथ धाम, शिवराजपुर के खेरेश्वर मंदिर के लिए जाने वाले मार्ग पर भी यही हाल था।

### सुरक्षा के रहे विशेष इंतजाम

मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। सीसीटीवी कैमरे से लेकर मंदिर प्रशासन के सेवक भक्तों की कतारों को व्यवस्थित करने में लगे रहे। पुलिस प्रशासन ने भी व्यापक इंतजाम किए थे। गंगा घाटों के किनारे भी पुलिस तैनात रही।

### लोगों ने व्रत रखा

अंतिम सोमवार पर कई लोगों ने व्रत रखा। घरों में पूजा-अर्चना की। भक्तों ने परिवार की खुशहाली के लिए महादेव से आशीर्वाद मांगा। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती चली गई।

## 'एक उम्मीद' एनजीओ ने चौबेपुर के टूटा घाट पर स्वच्छता अभियान चला कर लोगों किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



ग्रामीण की बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौबेपुर टूटा घाट गंगा तट पर एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं श्रद्धालुओं से घाटों को साफ रखने की अपील भी की गई आपको बताते चले संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव के निर्देशानुसार एक उम्मीद कानपुर ग्रामीण टीम द्वारा लगातार गंगा मां के तट पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इससे पूर्व ब्रर्मावत घाट बिठूर में यह अभियान चलाया गया था एक उम्मीद की एक पहल मां गंगा को स्वच्छ निर्मल बनाने में संस्था के सभी सदस्य पूरी निष्ठा से लगे हुए हैं पत्रकार वार्ता में कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष पवन चौहान ने बताया कि हम लोग लगातार यह अभियान चलाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

जिसमें मां गंगा की घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह है की घाटों को स्वच्छ रखें और गंदगी ना फैलाएं आज के सफाई अभियान कार्यक्रम का नेतृत्व एक उम्मीद के (बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष) सौरभ राठौर ने किया जिसमें मुख्य रूप से सुरेंद्र प्रताप सिंह (वरिष्ठ समाजसेवी) विवेक यादव (जिला संगठन मंत्री का0 ग्रा0) आर्यन शर्मा (जिला मीडिया प्रभारी का0 ग्रा0) युनुस खान (जिला सचिव का0 ग्रा0) अरुणा कश्यप (जिला सचिव का0 ग्रा0) लता कश्यप (कल्याणपुर वि0स0 अध्यक्ष) लक्ष्मी शर्मा (उपाध्यक्ष बिल्हौर वि0स0) अंकुल कुशवाहा (महामंत्री बिल्हौर वि0स0) वीरेंद्र कुमार (मंत्री बिल्हौर वि0स0) कपिल किशोर (मीडिया प्रभारी बिल्हौर वि0स0) संजय द्विवेदी (कल्याणपुर वि.स.कोषाध्यक्ष) रवि कुमार कल्याणपुर वि0स0 मंत्री) हर्ष राज वर्मा (कल्याणपुर वि0स0 मंत्री) सूरज प्रसाद (बिल्हौर वि.स.सचिव) शिवजल (कल्याणपुर वि.स.सचिव) विजय कमल, विशाल यादव, रोमी कुमार, अमन तिवारी, तुषार सोनकर, आदित्य, आदि लोग अभियान में शामिल रहे।

## कसममऊ गांव का नाबालिक किशोर जानवर चराते नाले में गिरा मौत, ग्रामीणों ने निकाला बाहर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर स्थित कासामऊ गांव में एक दुखद घटना में 12 वर्षीय किशोर विशाल की नाले मेंडूबने से मौत हो गई। सोमवार शाम लगभग 3 बजे विशाल अपनी रोजाना की तरह जानवर चराने के लिए घर से निकला था।गांव से कुछ दूरी पर बरसाती पानी के निकासी के लिए बने नाले के पास जानवर चराते समय वह नाले की पट्टी पर चल रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नाले में गिर गया। दो दिन से हो रही बारिश कारण नाले में तेज बहाव था जिसमें वह डूबने लगा।विशाल के साथ जानवर चरा रहे अन्य बच्चोंके शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे उन्होंने नाले में उतरकर किशोर की तलाश शुरू की। कुछ देर की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने विशाल को नाले से बाहर निकाला और तुरंत उपचार के लिए सीएचसी ले गए। सीएचसी अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक विशाल के पिता सुनील कुमार खेती-बाड़ी और मजदूरी का काम करते हैं। उनके तीन बेटे और एक बेटी है जिनमें विशाल सबसे बड़ा था। कुछ लोगों का कहना है कि विशाल अपने साथियों के साथ नाले में में नहा रहा था जब यह हादसा हुआ।

## बिल्हौर एनएचआई 34 हाईवे पर बाइक सवार गिरा




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र से गुजरे एनएचआई 34 बाईपास पर एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार को नानामऊ तिराहे के निकट ओवरब्रिज पर कानपुर से कन्नौज की तरफ जा रही तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को बेहोशी की हालत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बेहोशी के कारण घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। बिल्हौर सीएचसी प्रभारी डॉ धर्मेंद्र राजपूत ने बताया उसकी जेब से मिले एक पहचान पत्र हनुमंत विहार कानपुर निवासी अंकल आकाश वर्मा का नाम अंकित है। हालांकि, फोटो धुधली होने के कारण उसका मिलान नहीं किया जा सका। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि युवक संभवतः गंगा स्नान के लिए जारहा था। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर कांवड़ियों की ट्रक से भिड़ंत 1 की मौत






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में रविवार-सोमवार रात कानपुर-अलीगढ हाईवे पर जंगलेश्वर मंदिर के निकट एक ट्रक ने तीन कांवड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में एक कांवड़िए की मौत हो गई और दो लोंग गंभीर रूप से घायल हो गए। कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के भुलभुलियापुर गांव निवासी विपिन कुमार,प्रदीप कुमार और नन्हे उर्फ विनय कुमार शामिल थे। तीनों रविवार शाम कावड़ लेकर शिवराजपुर में सरैया गंगा तट पर स्नान कर खेरेश्वर महादेव के दर्शन और जल अभिषेक करने के लिए घर से निकले थे।रात लगभग 1-30 बजे अरौल थाना क्षेत्र के जंगलेश्वर मंदिर के निकट दुर्गा ढाबा के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची अरौल पुलिस नें गंभीर रूप से घायल विपिन और विनय को इलाज के लिए कन्नौज जिला अस्पताल भेजा। प्रदीप कों बिल्हौर सीएचसी भेजा गया। कन्नौज जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद विपिन यादव को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विनय को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल कानपुर रेफर किया गया। उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। बिल्हौर सीएचसी में घायल प्रदीप को भी प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट अस्पताल रेफर किया गया। अरौल थानाध्यक्ष जनार्दन सिंह ने बताया मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

## टीला धंसने से मलबे में दबे दंपती, महिला की मौत, पति घायल



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

जाजमऊ में सोमवार सुबह टीला धंसने से महिला दब गई। आनन- फानन में परिजन महिला को कांशीराम अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं पति भी मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जिन्नाथो की मस्जिद ऊंचा टीला के पास रहने वाले मो.सफीक की पत्नी अनीस फातिमा (60) दो बेटे हफिज और छोटे के साथ कच्चे मकान में रहते हैं। बेटे पल्लेदारी कर घर चलाते हैं। दो दिन से हो रही बारिश के चलते घर के अंदर पानी आ रहा था। जिसे हटाने के लिए आंगन में दंपती पानी बाहर जाने के लिए नाली बना रहे थे। तभी अचानक से टीला धंस गया। टीले का मलबा सफीक और अनीस के ऊपर गिरा। परिवार के लोग जाजमऊ स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। जहां सफीक की हालत ठीक बताई गई। वहीं अनीस को गंभीर हालत में कांशीराम अस्पताल रेफर कर दिया गया। कांशीराम अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### फ्रेंडशिप डे और हरियाली तीज का प्रोग्राम धूमधाम से मनाया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

फ्रेंडशिप डे और हरियाली तीज का प्रोग्राम नारी जाग्रती एवम् समस्या निदान केंद्र की तरफ से अनीता त्रिपाठी विजय नगर के निवास में किया गया। प्रबंधक सीमा त्रिपाठी ने बताया की हर साल की तरह इस बार भी हरियाली तीज और फ्रेंडशिप डे हम लोगो ने मनाया इस बार गेम ज्यादा खेले कुर्सी दौड़ गेम मे प्रीति सोनकर प्रथम आई प्रीति सोनकर को मुख्य अतिथि अनीता चतुर्वेदी और विशिष्ट अतिथि एडवोकेट चेतना गुप्ता ने रुपट्टा गिफ्ट देकर सावन क्वीन बनाया प्रत्येक गेम जितने वालो को गिफ्ट दिया गया साथ ही नाच गाने मे महिलाये थिरकी कवित्री डॉक्टर सुषमा सेंगर और डॉक्टर कनक लता ने फ्रेंडशिप पर मनमोहक कविता सुनाई कायक्रम में उपस्थित रही मनीषा, शुभा, सुमन, अर्चना, पूनम सचान एडवोकेट शालनी, एडवोकेट सोनल, मंजू पाल, सुधा, सविता आदि महिलाये मौजूद रहीं।

## दरोगा के पैर पर चढ़ाई कार, फाड़ी वर्दी, देख लेने की भी दी धमकी, तीनों गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर में रविवार रात चेकिंग के दौरान दरोगा ने कार सवारों को रोकने का प्रयास किया। तब कार सवार दरोगा के पैर पर गाड़ी चढ़ाकर स्पीड अधिक कर भागने लगे। तभी पुलिस टीम ने पीछा कर आरोपियों को धर दबोचा। आरोपी पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। साथ ही दरोगा की वर्दी फाड़ दी और देख लेने की धमकी दी। भारी फोर्स आने के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। शनिवार की रात पुलिस टीम श्याम नगर चौराहे के पास चेकिंग कर रही थी। तभी सामने से आ रही कार को दरोगा अनुज कुमार पटेल ने रोकने का प्रयास किया। इस पर आरोपी दरोगा के पैर पर कार चढ़ाकर भागने लगे। जिसके बाद पुलिस टीम ने उनका पीछा कर छप्पन भोग चौराहे के पास से पकड़ लिया। फिर आरोपियों को पुलिसकर्मियों ने कार से बाहर निकाला तो आरोपी घायल दरोगा समेत पुलिसकर्मियों से हाथापाई करने लगे। हाथापाई में घायल दरोगा की वर्दी भी फट गई। वहीं सूचना पाकर मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा और तीनों को कार समेत थाने लाया गया।

## दीवार ढहने से बच्चे और कच्ची छत गिरने से वृद्धा की मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

घाटमपुर में सजेती कस्बे के कटरा मोहल्ले में सोमवार को पड़ोस में खाली प्लाट की ईंट की दीवार गिरने से बच्चा दब गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। वहीं सजेती थाना क्षेत्र के कैथा गांव में कच्ची छत गिरने से वृद्धा की मौत हो गई।

कस्बे के कटरा वार्ड में श्याम बाबू की मौत के बाद उसके खाली पड़े जर्जर मकान की ईंट की दीवार ढहने से वहां से गुजर रहा पड़ोस में ही रहने वाला शिवा (8) पुत्र सर्वेश प्रजापति मलवे में दब गया। जिसे बाहर निकाल कर इलाज के लिए जब तक सीएचसी लाया जाता उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कस्बे के काफी लोग सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वहीं कैथा गांव में रन्नो देवी (70) अपने पति सूरज दीन के साथ रहती थीं। लगातार बारिश के चलते उसकी कच्ची छत अचानक ढह गई। जिसके नीचे वृद्धा दब गई। जब तक उसे निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों घटनाओं की जांच कर दैवीय आपदा में मिलने वाला लाभ दिलाया जाएगा।

### कुदौरा गांव का नशेबाज खेतों से होकर जा रहा था मुंहभरा धान के खेत में पानी भरे में गिरा उठ न सका मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के कुदौरा गांव के समीप दारू के ठेके से शराब पीकर लौट रहा खेतों से होकर दिलीप उर्फ संदीप पुत्र दरियाई निवासी कुदौरा उम्र लगभग 30 वर्षीय शराब का आदि था संभवतः शराब पीकर ठेके से खेतों से आ रहा था उसी में मुहभरा गिर जाने से काफी देर तक जब नहीं उठा तो लोगों ने देखा कि वह हिल डुल नहीं रहा है एक सारस की तरह से मुंह को जमीन में घुसेड़े बाद में गांव में सूचना गई तो पारिवारीजनो ने आकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। धान के खेत में पानी भरे में गिर गए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्टके बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

गुजैनी थानाक्षेत्र के वरुण विहार में नवविवाहिता मीना यादव (24) की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान रविवार रात मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर दहेज में एक मोटरसाइकिल और 50 हजार की अतिरिक्त मांग नहीं पूरी करने पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार 11 मई 2025 को उसकी हॉस्पिटल कर्मी रविराज से शादी हुई थी।

बताया कि 1 जुलाई को शाम को बात हुई तब तक सब ठीक था। लेकिन रात 9 बजे फोन करके हालत गंभीर होने पर आर्य नगर के एक अस्पताल जाकर भर्ती कराने की बात कही। जिस पर उन लोगों के होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि सिटी स्कैन में मीना के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। महिला ने इलाज के दौरान रविवार रात दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पार्षदों के धरने के बाद जोन से हटाए गए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** भाजपा और उनके साथ कुछ विपक्षी दलों के पार्षदों के सोमवार को बेमियादी धरना देने के बाद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर को जोन-1 से हटा दिया गया। पांच घंटे चले धरने के बाद नगर आयुक्त ने डॉ. चंद्रशेखर को हटाने और अन्य मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया। लक्ष्मीपुरवा वार्ड-1 के पार्षद विकास साहू नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर पर वार्ड में सफाई न कराने का आरोप छह महीने से लगा रहे हैं। सदन में भी यह मामला उठाया था।

## तेजस साढ़े छह, शताब्दी तीन घंटे देर से सेंट्रल आई

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर सोमवार दोपहर दो से शाम छह बजे तक अप व डाउन लाइन पर ब्लॉक लिया गया। इसका असर कानपुर सेंट्रल से आने-जाने वाली ट्रेनों पर भी पड़ा। झांसी रूट की ट्रेनों को गोविंदपुरी, भीमसेन व पामा स्टेशनों के यार्ड पर रोकना पड़ा। शताब्दी सहित चार ट्रेनों को लखनऊ-बालामऊ-उन्नाव के रास्ते कानपुर लाए जाने के कारण सेंट्रल पहुंचने में तीन घंटे देर हुई। तेजस एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे देर से आई।

लखनऊ रूट पर जैतीपुर में नान इंटरलॉकिंग और ट्रैक उच्चीकरण का कार्य चल रहा है। इसके लिए सोमवार को चार घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस वजह से लखनऊ इंटरसिटी सहित 69 ट्रेनें एक से सात घंटे तक लेट रहीं और सेंट्रल स्टेशन पर देरी से पहुंची। लखनऊ रूट पर ट्रेन संचालन बाधित होने से चौतरफा रूटों पर ट्रेन संचालन बाधित हो गया। इस वजह से करीब 2212 यात्रियों ने टिकट लौटाए। सुबह से शाम तक प्लेटफार्मों पर ट्रेनों के इंतजार में यात्रियों की भीड़ रही।

### ये ट्रेने रहीं लेट

ट्रेन नंबर- 82501 लखनऊ-नई दिल्ली आईआरसीटीसी तेजस 6.30 घंटे, 12180 आगरा- लखनऊ इंटरसिटी 6-30 घंटे, 11109 झांसी-लखनऊ इंटरसिटी साढ़े तीन घंटे, 05060 उधना रक्सौल स्पेशल 9 घंटे, 02570 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल 7 घंटे, 12594 भोपाल-लखनऊ चारबाग एक्सप्रेस 6-30 घंटे, 22426 अयोध्या कैंट वंदे भारत ढाई घंटे, 19410 साबरमती एक्सप्रेस 5-30 घंटे, 02398 आनंद विहार-गया स्पेशल 4 घंटे लेट रही।

सोमवार दोपहर तक झमाझम बारिश हुई। इसके चलते दिन में 10 बजे सेंट्रल स्टेशन और पावर केबिन के बीच का ट्रैक जलमग्न हो गया। वरिष्ठ स्टेशन अधीक्षक अवधेश द्विवेदी ने 12 पंप चलवाकर निकासी शुरू कराई। ट्रेनों को कॉशन देकर चलवाया गया। दोपहर बाद से संचालन सुचारू हो सका। इसके अलावा बारिश से सीपीसी मालगोदाम परिसर तालाब बन गया। अनलोडिंग का कार्य बाधित रहने के कारण शेड में माल डंप रहा।

### मनमाना किराया वसूला

सिटी और कैंट साइड की सड़कों व सर्कुलेटिंग एरिया में जलभराव का फायदा ई-रिक्शा और ऑटो चालकों ने उठाया। चालकों ने घंटाघर से पोर्टिको तक पहुंचाने के नाम पर 50-50 रुपये लिए। जीटी रोड से एक नंबर प्लेटफार्म जाने के लिए ई-रिक्शा चालकों ने 100 रुपये तक लिए। ट्रेन पकड़ने की मजबूरी में यात्रियों को मुंहमांगा किराया देना पड़ा।

### आठ घंटे में चलीं महज छह बसें

झकरकटी बस अड्डा परिसर भी बारिश के पानी से लबालब हो गया। सुबह पांच से दोपहर एक बजे तक सवारी न होने से केवल छह बसें ही रवाना हुईं। सामान्य दिनों में इस अवधि में करीब 200 बसों का संचालन होता है। दिनभर में सिर्फ पांच हजार यात्री ही बसों से गए जबकि इस अवधि में 15 हजार तक यात्री जाते हैं।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अमेरिकी टैरिफ का उत्तर

## आत्मनिर्भर भारत का वैश्विक उत्तरगान

**अमेरिका इस समय आंतरिक रूप से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रहा है। उच्च महंगाई, बेरोजगारी, ओपिओइड महामारी, और राजनीतिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों के कारण आम अमेरिकी नागरिक का सरकार और वैश्विकरण पर से विश्वास कम हो रहा है। ऐसे में ट्रम्प जैसे नेता बाहरी दुश्मन का सहारा लेकर जनमत को अपनी ओर खींचना चाहते हैं और भारत, चीन जैसे देश उस रणनीति का हिस्सा बन जाते हैं। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश, जो तकनीकी, औद्योगिक और रक्षा के क्षेत्रों में अमेरिका के रणनीतिक सहयोगी रहे हैं।**

*30 जुलाई 2025 को अमेरिका के राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प ने चौंकाने वाली घोषणा करते हुए भारत से आने वाले लगभग सभी आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की बात कही। इस टैरिफ के दायरे में भारत की सबसे महत्वपूर्ण निर्यात वस्तुएँ जैसे कि दवाएं (विशेषकर जेनेरिक दवाएं), वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, ऑटो पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल एपीआई और औद्योगिक मशीनरी शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रम्प प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि अगर भारत रूस से तेल और हथियारों की खरीदारी जारी रखता है, तो उस पर अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। यह नीति सिर्फ आर्थिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक, कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशकों में गहरे हुए हैं। चाहे वह रक्षा समझौते हों, तकनीकी सहयोग हो या क्वाड जैसे बहुपक्षीय मंच। ऐसे में ट्रम्प की यह नीति अचानक एक अप्रत्याशित मोड़ का संकेत देती है, जो केवल व्यापारिक संबंधों को नहीं, बल्कि संपूर्ण वैश्विक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। डोनाल्ड ट्रम्प ने 2025 के चुनावी मौसम में फिर से अपनी प्रसिद्ध लेकिन विवादास्पद नीति को केंद्र में रखा है। उनका दावा है कि विदेशी उत्पादों पर ऊँचा कर लगाने से अमेरिकी कंपनियों को संरक्षण मिलेगा, देश में नौकरियाँ लौटेंगी, और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। भारत जैसे देशों से सस्ते आयात ट्रम्प के अनुसार अमेरिका की मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को नुकसान पहुँचा रहे हैं। अपने चुनावी वादों में ट्रम्प ने एक और बार अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों की समीक्षा, चीन और भारत जैसे देशों पर सख्ती और अमेरिका के भीतर पुनः औद्योगीकरण की बात की है। ट्रम्प ने यह भी कहा है कि अमेरिका अब कोई फ्री लंच नहीं देगा और प्रत्येक सहयोगी देश को आधार पर देखा जाएगा। यही वजह है कि भारत जैसे सहयोगी देश, जिन्होंने रूस से ऊर्जा और रक्षा उपकरणों की खरीद को बनाए रखा है, अब ट्रम्प के रडार पर हैं। यह निर्णय केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि अमेरिका के अन्य साझेदारों के लिए भी एक कड़ा संकेत है। ट्रम्प दरअसल एक व्यापक भू-राजनीतिक संदेश देना चाह रहे हैं कि यदि कोई देश अमेरिका की रणनीतिक प्राथमिकताओं के विपरीत जाता है। जैसे रूस के साथ व्यापार, तो उसे आर्थिक रूप से दंडित किया जा सकता है। यह नीति अमेरिका के पारंपरिक नेतृत्व वाले उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था से एक निर्णायक विचलन दर्शाती है। ट्रम्प का यह कदम ऐसे समय पर आया है जब यूक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान तनाव, और वैश्विक आर्थिक मंदी जैसी चुनौतियाँ विश्व भर में अनिश्चितता फैला रही हैं। ऐसे में ट्रम्प द्वारा भारत पर टैरिफ और दंडात्मक कर लगाने का निर्णय एकतरफा नहीं माना जा सकता; यह अमेरिका के भू-राजनीतिक पुनःसरेखन की ओर भी संकेत करता है। दिलचस्प बात यह है कि ट्रम्प इस बार स्वयं को शांति दूत के रूप में भी प्रस्तुत कर रहे हैं। वे दावा कर चुके हैं कि अगर वे सत्ता में लौटते हैं, तो वे रूस-यूक्रेन युद्ध को 24 घंटे में रोक देंगे, इसका क्या हुआ आपको ज्ञात ही है, ट्रम्प के भारत-पाक सुलह के दावे पर भारत ने संसद में साफ शब्दों में खंडन किया। यह सिर्फ अस्वीकार नहीं, भारत की संप्रभुता और कूटनीतिक सिद्धांतों की अडिगता का ऐलान था, महाशक्ति कोई भी हो, भारत अपने रुख से नहीं डिगेगा। इसी प्रकार, उन्होंने चीन और ताइवान के बीच तनाव कम करने की दिशा में हस्तक्षेप का इशारा भी दिया है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**अमेरिका के हेनरी डेविड थोरो और राल्फ वाल्डो इमर्सन ने वेदांत और उपनिषदों से प्रेरित होकर अपने लेखन को एक नई आध्यात्मिक दिशा दी। स्विट्ज़रलैंड के मनोविश्लेषक कार्ल युंग ने योग और तंत्र को मानव चेतना के विश्लेषण में अत्यंत उपयोगी माना और कहा कि भारत का योग न केवल आत्मिक मुक्ति का मार्ग है, बल्कि मनोविज्ञान का भी अगला चरण है। अमेरिका के प्रसिद्ध इतिहासकार विल ड्यूरैंट ने अपनी चर्चित पुस्तक में लिखा, भारत मानव सभ्यता की जननी है। वहाँ की संस्कृति, कला, धर्म और दर्शन अद्वितीय हैं। पश्चिम ने भारत से बहुत कुछ सीखा है। वे यह भी कहते हैं कि संस्कृत सभी भाषाओं की माता है।**

# भारत में भाषायी विवाद की समाप्ति के लिए संस्कृत को संवाद की भाषा बनाना जरूरी



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**संस्कृत को केवल समझना ही नहीं, बल्कि बोलने में भी दक्षता हासिल करनी चाहिए। वे समझाते हैं कि स्वत्व भौतिक नहीं, बल्कि यह हमारी वैचारिक और सांस्कृतिक पहचान है, और इसे व्यक्त करने के लिए भाषा का माध्यम आवश्यक है। संस्कृत को समझना, वास्तव में भारत को समझने के समान है। फिर यह कार्य सिर्फ भारत के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि संस्कृत में निहित ज्ञान और दृष्टिकोण ने सदियों से मानवता को दिशा दी है।**

भारत में भाषायी विवाद किसी न किसी रूप में खड़ा करना कोई नया मुद्दा नहीं है, अक्सर हिंदी बनाम गैर-हिंदी भाषाओं, दक्षिण बनाम उत्तर, अंग्रेज़ी बनाम स्थानीय भाषाओं, जैसी बहसें उठती रहती हैं। लेकिन अभी जब से केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूला लेकर आई है, तब से यह देखने में आ रहा है कि देश के कई गैर भाषायी राज्यों में अंग्रेजी का विरोध नहीं हो रहा, जो एक विदेशी भाषा है, लेकिन हिन्दी भाषा का लगातार विरोध हो रहा है। यह स्थिति निश्चित ही देश के एक बड़े समुदाय की गुलाम मानसिकता को भी दर्शाती है, जिन्हें अपने स्वदेश की भाषा प्यारी नहीं, विदेशी अंग्रेजी भाषा से प्रेम है। अब ऐसे में समाधान क्या हो, तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भावगत ने जो रास्ता सुझाया है, वास्तव में देश को आज उस बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। यह हमारी संस्कृति के संरक्षण के लिए भी सही है और देश में उठ रहे भाषायी विवाद को समाप्त करने की दिशा में भी एक स्थायी हल है। एक दृश्य संस्कृत को लेकर मध्य प्रदेश की विधानसभा में देखने को मिला, यह अपने आप में बहुत ही विशेष नजारा था। यहां देखने को आया कि कैसे भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से संस्कृत में प्रश्न पूछा और मंत्री स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने उसी संस्कृत भाषा में उत्तर दिया। विधानसभा में जब ये संवाद चल रहा था तो सदन में मौजूद सभी सदस्यों एवं मंत्रियों ने संस्कृत में हुए इस संवाद का करतल ध्वनि से स्वागत किया था । तात्पर्य भाषायी विवाद के बीच जब हम इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृत को देखते हैं, तो यह भाषा इस विवाद का न्यायसंगत, सांस्कृतिक और व्यावहारिक स्तर पर एक संभावित समाधान प्रस्तुत करती हुई दिखाई देती है। इसीलिए ही डॉ. भागवत संस्कृत भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहते हैं, यह भारतीय भाषाओं की जड़ है और इसे संवाद की भाषा बनाना बेहद जरूरी है। उनका कहना है, संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और चेतना की वाहक है। यह भारत की सभी भाषाओं की जड़ है। संस्कृत को केवल समझना ही नहीं, बल्कि बोलने में भी दक्षता हासिल करनी चाहिए। वे समझाते हैं कि स्वत्व भौतिक नहीं, बल्कि यह हमारी वैचारिक और सांस्कृतिक पहचान है, और इसे व्यक्त करने के लिए भाषा का माध्यम आवश्यक है। संस्कृत को समझना, वास्तव में भारत को समझने के समान है। फिर यह कार्य सिर्फ भारत के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि संस्कृत में निहित ज्ञान और दृष्टिकोण ने सदियों से मानवता को दिशा दी है। यही कारण है जो संस्कृत भाषा को विदेशी विद्वानों ने भी विश्व की सबसे वैज्ञानिक



**सांस्कृतिक और व्यावहारिक स्तर पर एक संभावित समाधान प्रस्तुत करती हुई दिखाई देती है। इसीलिए ही डॉ. भागवत संस्कृत भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहते हैं, यह भारतीय भाषाओं की जड़ है और इसे संवाद की भाषा बनाना बेहद जरूरी है।**

और पूर्ण भाषा होना स्वीकार किया है। कई विद्वानों ने वर्षों भारत में रहकर यहां के धर्म, दर्शन, कला, भाषा, और संस्कृति का गहन अध्ययन किया और अपने ग्रंथों के माध्यम से विश्व को भारत की आत्मा से परिचित कराया। फ्रांस के रोमाँ रोलाँ ने स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण पर जीवनियाँ लिखीं, जिनमें उन्होंने भारत को एक जीवित आत्मा की संज्ञा दी। अमेरिका के हेनरी डेविड थोरो और राल्फ वाल्डो इमर्सन ने वेदांत और उपनिषदों से प्रेरित होकर अपने लेखन को एक नई आध्यात्मिक दिशा दी। स्विट्ज़रलैंड के मनोविश्लेषक कार्ल युंग ने योग और तंत्र को मानव चेतना के विश्लेषण में अत्यंत उपयोगी माना और कहा कि भारत का योग न केवल आत्मिक मुक्ति का मार्ग है, बल्कि मनोविज्ञान का भी अगला चरण है। अमेरिका के प्रसिद्ध इतिहासकार विल ड्यूरैंट ने अपनी चर्चित पुस्तक में लिखा, भारत मानव सभ्यता की जननी है। वहाँ की संस्कृति, कला, धर्म और दर्शन अद्वितीय हैं। पश्चिम ने भारत से बहुत कुछ सीखा है। वे यह भी कहते हैं कि संस्कृत सभी भाषाओं की माता है, और भारत ने ही सबसे पहले मानवता को धर्म, दर्शन और विज्ञान सिखाया। अमेरिका के ही महान साहित्यकार मार्क ट्वेन ने कहा, भारत मानव इतिहास की पालना है, भाषा की जननी और परंपरा की माँ है। इतिहास, परंपरा और संस्कृति में भारत का कोई सानी नहीं। फ्रांसीसी लेखक एलेन दानिलो ने भारतीय संगीत, मंदिर वास्तुकला और मूर्तिकला को चेतना की मूर्त अभिव्यक्ति कहा। उनकी पुस्तक भारतीय देवी-देवताओं, मंदिरों और पुराणों की गहन व्याख्या करती है। वहीं, फ्रांस के ही लुई जैकोलिओ ने स्पष्ट रूप से लिखा कि भारत की धार्मिक परंपराएँ, बाइबिल और मिस्र की सभ्यताओं से भी प्राचीन और उन्नत हैं। कोएनराड एल्स्ट जैसे बेल्जियम के विद्वान ने अपनी पुस्तक में भारतीय इतिहास को औपनिवेशिक दृष्टिकोण से मुक्त करने का आह्वान किया और कहा कि भारत की आत्मा को केवल धर्म से नहीं, उसकी सांस्कृतिक स्मृति से जोड़ा जाना चाहिए। भारत के विषय में फ्रांसीसी दार्शनिक वोल्टेयर ने कहा था, जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, वह भारत से ही आया है। भारत ने ही सभ्यता की नींव रखी। इसी बात को कई आधुनिक शोधकर्ताओं ने अपने डीएनए अध्ययन, गणित, खगोल और वैदिक विज्ञान से सिद्ध किया है कि भारत न केवल आध्यात्मिक, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी अग्रदूत रहा है। इस समृद्ध परंपरा की पुनः प्रतिष्ठा आज के भारत के लिए जितनी आवश्यक है, उतनी ही सामयिक भी है। नई पीढ़ी जब अपने अतीत को विदेशी विद्वानों की आंखों से देखती है, तब उसे अपनी जड़ों की गहराई का एहसास होता है। यह केवल गर्व का विषय नहीं, बल्कि चेतना की एक नई शुरुआत है; एक आत्मबोध, जो भारत को फिर से विश्वगुरु बना सकता है। पश्चिम में जहाँ ज्ञान को पूंजी माना गया, वहीं भारत में ज्ञान को धर्म, मोक्ष और मानव कल्याण का माध्यम माना गया। यही कारण था कि भारत की शिक्षा प्रणाली का आधार नैतिकता, अनुशासन और सार्वभौमिक कल्याण है। आज जबकि भारत अपने सांस्कृतिक गौरव को फिर से पहचानने की ओर अग्रसर है, यह जानना आवश्यक है कि इस संस्कृति की महत्ता केवल भारतीयों ने नहीं, बल्कि दुनिया भर के विद्वानों ने स्वीकार की है। यह सभ्यता केवल प्राचीन नहीं, प्रासंगिक भी है, जोकि विज्ञान, दर्शन, कला, भाषा और आध्यात्मिकता में आज भी दुनिया का मार्गदर्शन कर सकती है। विद्वान Will Durant सही कहते हैं कि यदि भारत ने वेदों को जन्म न दिया होता, तो आज की दुनिया बहुत गरीब होती- आध्यात्मिक रूप से, बौद्धिक रूप से और नैतिक रूप से। इस संदर्भ में कहना होगा कि जब पश्चिमी जगत आदिम अवस्था में था, तब भारत में वेदों का उच्चारण हो रहा था, योग का अभ्यास किया जा रहा था, उपनिषदों में आत्मा और ब्रह्म की गूढ़ व्याख्याएँ की जा रही थीं और कला-संस्कृति अपने चरम पर थी। यह कोई मिथक नहीं, बल्कि उन दर्जनों विदेशी विद्वानों की स्वीकारोक्ति है, जिन्होंने भारत को न केवल विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता माना, बल्कि यह भी बताया कि मानवता को नैतिकता, धर्म, दर्शन और विज्ञान की दीक्षा भारत ने ही दी और यह सभी कुछ जो संभव हो पाया वह संस्कृत भाषा के कारण हुआ।

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 13:09 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 11:13 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | इंद्र, 07:13 तक |
| सूर्योदयः | 05:48 |
| सूर्यास्तः | 19:04 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 15:45-17:25 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### रहना है विवादित !

*रह रह कर जिह्वा से ।*
*आते हैं बयान ।।*
*रहना है विवादित ।*
*इसी में सम्मान ।।*
*छोड़ कर सब काम ।*
*किए एजेंडा तय ।।*
*पकड़ लिए हैं अपनी ।*
*जो पुरानी लय ।।*
*है नज़दीक चुनाव ।*
*चर्चा में अब रहना ।।*
*बोल कर कुछ बोल ।*
*है आगे टहलना ।।*
*रोटी पानी बनी रहे ।*
*है उसका जुगाड़ ।।*
*हल्की फुल्की इसलिए ।*
*दिखती ये दहाड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गुड़ और त्रिफला का कॉम्बिनेशन है चमत्कारी आयुर्वेदिक फार्मूला

**सेहतमंद** रहने के लिए सबसे जरूरी है कि हम अपनी डाइट में नेचुरल और पौष्टिक चीजों को शामिल करें। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, फास्ट फूड और प्रोसेस्ड चीजों के चलते हमारा शरीर अंदर से कमजोर होता जा रहा है। ऐसे में अगर हम आयुर्वेद की ओर रुख करें, तो कई ऐसी पारंपरिक औषधियां हैं, जो शरीर को न सिर्फ हेल्दी रखती हैं बल्कि रोगों से लड़ने की ताकत भी देती हैं। इन्हीं में से दो हैं त्रिफला और गुड़। त्रिफला एक आयुर्वेदिक औषधि है, जो तीन नेचुरल चीजों आंवला, हरड़ और बहेड़ा के संयोजन से बनती है। ये तीनों अपने आप में औषधीय गुणों से भरपूर हैं और जब इन्हें एक साथ मिलाकर सेवन किया जाता है, तो यह शरीर की संपूर्ण देखभाल करता है। दूसरी ओर, गुड़ न सिर्फ एक स्वादिष्ट नेचुरल स्वीटनर है, बल्कि इसमें आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं।

**डाइजेशन बेहतर करेः** अगर आपको कब्ज, गैस, अपच या भारीपन जैसी समस्याएं हैं, तो त्रिफला और गुड़ का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। त्रिफला आंतों की सफाई करता है और मल त्याग को नियमित करता है। वहीं, गुड़ आंतों की क्रिया को सुचारु करता है और पाचन रसों का रिलीज बढ़ाता है। रोज रात को सोने से पहले एक



चम्मच त्रिफला पाउडर में थोड़ा सा गुड़ मिलाकर गुनगुने पानी के साथ लेने से पेट साफ रहता है और कब्ज की समस्या जड़ से समाप्त हो सकती है।

**वजन घटाने में सहायकः** त्रिफला और गुड़ दोनों ही शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करते हैं। त्रिफला शरीर में जमा टॉक्सिन्स को निकालता है, जिससे चर्बी कम होने में मदद मिलती है। गुड़ खाने से मीठा खाने की क्रेविंग कम होती है और यह शरीर को एनर्जी देता है बिना ज्यादा कैलोरी बढ़ाए। अगर आप वेट लॉस कर रहे हैं, तो सुबह त्रिफला-गुड़ का सेवन करना शरीर को एक्टिव करता है और फैट बर्निंग प्रक्रिया को तेज कर सकता है।

**एनीमिया में फायदेमंदः** गुड़ आयरन का नेचुरल सोर्स है और शरीर में हीमोग्लोबिन के लेवल को बढ़ाने में मदद करता है। वहीं, त्रिफला पाचन को सुधारकर आयरन के अवशोषण को बेहतर बनाता है। इसीलिए जो महिलाएं या बच्चे एनीमिया से जूझ रहे हैं, उनके लिए त्रिफला के साथ गुड़ का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। यह उपाय खासतौर पर पीरियड्स के दौरान कमजोरी और थकान से भी राहत देता है।

**आंखों और स्किन के लिए लाभकारीः** त्रिफला को आयुर्वेद में नेत्र्य औषधि कहा गया है यानी आंखों की सेहत के लिए बेहतरीन है। आंवला में मौजूद विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों की रोशनी बढ़ाने में सहायक होते हैं। वहीं, गुड़ खून को साफ करता है, जिससे स्किन ग्लोइंग हो सकती है। त्रिफला और गुड़ का नियमित सेवन आंखों की थकान, डार्क सर्कल्स और स्किन की झुर्रियों को कम करने में मदद कर सकता है।

**इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायकः** आज के समय में इम्यूनटी मजबूत रखना बहुत जरूरी है। त्रिफला में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण शरीर को इंफेक्शन से लड़ने में सक्षम बनाते हैं। वहीं, गुड़ फेफड़ों की सफाई करता है और गले की खराश से राहत दिलाता है। ठंड या सर्दी-जुकाम के दौरान त्रिफला-गुड़ का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और एलर्जी की समस्या भी कम होती है।

**निष्कर्षः** त्रिफला और गुड़ का संयोजन एक साधारण लेकिन पावरफुल आयुर्वेदिक नुस्खा है जो कई समस्याओं का समाधान बन सकता है।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# प्रशासनिक सुधार की शुरुआत दिल्ली से हो



मनोज कुमार मिश्र

**इस बदलाव का असर दफ्तरों से फाइल का बोझ कम करके सरकारी सुविधाओं को वास्तव में आनलाइन किया जा सकता है। देशभर की अनेक राज्य सरकारों के साथ-साथ दिल्ली में भी अनेक सेवाएं आनलाइन करने के दावे किए जाते रहे हैं।**

**आजादी** के बाद से ही दिल्ली शासन की प्रयोग स्थली बनी हुई है। कम अधिकारों वाली विधानसभा, दिल्ली नगर निगम, महानगर परिषद और 1993 के बाद से दिल्ली विधानसभा से मूल रूप से दिल्ली की शासन व्यवस्था चलती रही है। बावजूद इसके दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश ही रही। जो अधिकार आजादी के समय मुख्य आयुक्त के पास थे वे आज कमोबेश दिल्ली के उप राज्यपाल के पास हैं। दोनों ही केन्द्र सरकार से नियुक्त होते हैं। जाहिर है कि उनकी वफादारी केन्द्र की सरकार के प्रति रहती है। 1911 में दिल्ली देश की राजधानी बनी और 1915 में जमनापार के 65 गांव दिल्ली में शामिल किए गए। तब से आज तक दिल्ली 1483 वर्ग किलोमीटर की बनी हुई है। आबादी के दबाव से दिल्ली बेहाल हो गई है। कायदे में देश की राजधानी और एक शहर वाले इस राज्य को शासन के नजरिए से आदर्श बनाया जा सकता है, जिसका देश के दूसरे राज्य अनुशरण करें लेकिन वास्तव में अब तक से ज्यादातर प्रयोग शासन को अनुपयोगी बनाने के लिए किए जाते रहे हैं। दिल्ली की जनता दिल्ली के विधायक चुनती है जबकि दिल्ली की जमीन का मालिक केन्द्र सरकार के अधीन बनी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को बना दिया गया है। दिल्ली के ज्यादातर सरकारी कर्मचारी केन्द्रीय चयन आयोग के माध्यम से चुने जाते

**अब हालात ऐसे हो गए हैं कि किसी भी दफ्तर से पुराने रिकार्ड जुटाना कठिन है। कहीं मास्टर फाइल नहीं मिलेगी जिससे पूरे विभाग का पता चल सके। उसी तरह बिक्री कर, आबकारी, आयकर, परिवहन आदि करों जुड़े हर मामले के लिए पूरे विभाग को लगना पड़ता है। फिर भी सही जानकारी नहीं मिल पाती है। इतना ही नहीं इसके चलते दफ्तरों से विशेषज्ञता चली गई है। उसकी बहाली निगरानी के साथ जरूरी है।**

हैं लेकिन उनमें घालमेल करके उनकी उपयोगिता कम कर दी गई। परिणाम यह हुआ कि पासपोर्ट बनाने और संपत्ति कर के अलावा कोई भी बड़ा काम आज भी पूरी तरह से न तो दलालों से मुक्त हो पाया और न ही सही मायने में आनलाइन हो पाया। सुनने में यह कठोर शब्द है लेकिन वास्तव में अधिकारियों और कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग आज भी जन सुविधाओं को आनलाइन न करने के प्रयास में जुटा हुआ है। 27 साल लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार के लिए प्रशासनिक सुधार दिल्ली में उपलब्धियों के मामले में बड़ी लकीर खींचने का अवसर है। यह दिल्ली जैसे छोटे राज्य में केन्द्र सरकार के सहयोग से संभव है। इतना ही नहीं एक बड़ा का यह रोल माडल देश भर के लिए बन जाएगा। यह समझ से परे है कि दिल्ली के विकास के लिए योजनाएं बनाने वाला डीडीए दिल्ली का मालिक कैसे बन गया। अभी की स्थिति में दिल्ली सरकार विकास के काम के लिए दिल्ली की जमीनों का अधिग्रहण करके डीडीए को सौंप देती है। फिर उसी जमीन को स्कूल, कालेज, अस्पताल, सामुदायिक केन्द्र आदि जरूरी चीजों के लिए ऊंची कीमत पर काफी प्रयास करके डीडीए से जमीन खरीदती है। इस प्रक्रिया में काफी समय और धन की बर्बादी होती है। यह समझ से परे है कि अपनी ही जमीन का अधिग्रहण करके उसे डीडीए को क्यों दे और फिर उसी जमीन को ज्यादा दाम में डीडीए से खरीदे। जबकि डीडीए पहले ही मास्टर प्लान के साथ-साथ जिला प्लान आदि बना चुका है। बताते हैं कि दिल्ली की जमीन से बने डीडीए के लैंडबैंक के पास हजारों करोड़ रुपए पड़े हुए हैं, जिनका उपयोग दिल्ली के विकास कामों पर किया जा सकता है। इससे भी अजूबा काम दिल्ली के सरकारी कामों की रीढ़ की हड्डी माने जानेवाले दास कैडर दिल्ली के सभी विभागों के कर्मचारी-दिल्ली एडमिनिस्टैटिव सर्विस के कर्मचारी ही दिल्ली का कामकाज करते हैं। इनका चयन भारत सरकार का कर्मचारी चयन आयोग से होता है। इनके शुरू से दो हिस्से होते हैं - विभागीय मिनिस्ट्रीयल और कार्यकारी एक्सक्यूटीव। दोनों की लिखित परीक्षा एक साथ होती है लेकिन साक्षात्कार और प्रशिक्षण अलग-अलग होता है। विभागीय कर्मचारी कनिष्क- वरिष्ट लिपिकएलडीसी, यूडीसी मुख्य लिपिक हेड क्लर्क के पदों पर पदोन्नति पाते हुए सुपरिटेंडेंट (कार्यालय अधीक्षक) बनते हैं। उसी तरह कार्यकारी विंग के कर्मचारी- उप निरीक्षक, निरीक्षक और सहायक आयकर अधिकारी तक बनते हैं। बाद में वरिष्ठता के आधार पर प्रादेशिक सेवा के अधिकारी(दानिक्स) भी बनते हैं। दोनों विंग के कर्मचारियों को दानिक्स कोटे के आधे-आधे पद मिलते रहे हैं। दोनों विंग के कर्मचारी अपने काम की विशेषता हासिल करते रहे हैं। संख्या ज्यादा विभागीय कर्मचारियों की होती थी, इसलिए उनमें प्रमोशन कम होते थे लेकिन दोनों ही तरह के कर्मचारी अपने काम में दक्ष होते थे। बताते हैं कि 1981-82 में विभागीय कर्मचारियों के कुछ लोगों के दबाव में तब के मुख्य सचिव ने दोनों को मिला दिया। जिससे दोनों के दानिक्स में प्रमोशन समान हों। इसके चलते कर्मचारियों की विशेषज्ञता समाप्त हो गई। जितने कर से जुड़े विभाग हैं उनके बारे में फिल्ड में जाने वाले उप निरीक्षक और निरीक्षक अपने इलाके की पूरी जानकारी रखते थे। वे काम ईमानदारी से करें या न करें लेकिन उन्हें अपने इलाके के बारे में पूरी जानकारी रहती थी। उनकी जानकारी का विभाग को फायदा मिलता था।

# बाढ़ से निपटने को प्रशासन मुस्तैद विभागों को सौंपे गए जिम्मेदारियां



■ जिलाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा, राहत शिविरों, स्वास्थ्य सेवाओं व पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरी तरह से मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार को गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बाढ़ से पूर्व, दौरान और बाद की जिम्मेदारियों को तयशुदा रूप से निभाया जाए। बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और राज्य मंत्री संजय गंगवार के निर्देशों के क्रम में सभी तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से पहले संवेदनशील गांवों, नदी जलस्तर, चेक पोस्ट, राहत शिविरों, स्वास्थ्य सेवाओं व संपर्क मार्गों की पूरी योजना तैयार होनी चाहिए।

### बिजली विभाग को दी गई फटकार

जिले में कई स्थानों पर पुराने तार और जर्जर खंभे हादसों को न्योता दे सकते हैं। ऐसे में सभी ट्रांसफार्मरों और लाइन की स्थिति की समीक्षा कर मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को विशेष रूप से कहा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाढ़ के दौरान यदि किसी व्यक्ति या पशु की मृत्यु होती है अथवा अन्य कोई क्षति होती है, तो 24 घंटे के भीतर आर्थिक सहायता का भुगतान किया जाएगा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी प्रवीण त्यागी, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग व बाढ़ खंड के अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को चेताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीमों को तत्काल सक्रिय किया जाए। सभी सीएचसी व पीएचसी पर डॉक्टरों की 24 घंटे तैनाती, जरूरी दवाओं, टीकाकरण और 108/102 एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए सभी अस्पतालों में एंटीवेनम का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए।

### पशु चिकित्सा, चारा और टीकाकरण की व्यवस्था

बाढ़ राहत शिविरों में पशुओं के लिए चारे, स्वच्छ पानी और खुरपका-मुंहपका से बचाव के लिए टीकाकरण व दवाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। पूर्ति विभाग ने जानकारी दी कि प्रभावित क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर 1000 लीटर डीजल और 500 लीटर पेट्रोल आरक्षित किया गया है। वहीं, गैस एजेंसियों को 100 सिलेंडर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। यह विवरण संबंधित उपजिलाधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### संपर्क मार्ग, नाव व पब्लिक एड्रेस सिस्टम की तैयारी

जिन मार्गों के बाढ़ से प्रभावित होने की आशंका है, उनका चिन्हांकन कर वैकल्पिक मार्ग तय करने को कहा गया है। तहसील स्तर पर नावों की मरम्मत व संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आकाशीय बिजली से जनहानि रोकने हेतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लोगों को समय रहते चेतावनी देने के निर्देश भी शामिल रहे।

## पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई करने से क्षुब्द होकर पुलिस के खिलाफ अनिश्चितकालीन की हड़ताल

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने मंत्रिमंडल के साथ अधिवक्ता के खिलाफ पुलिस द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई करने से क्षुब्द होकर आपात बैठक कर अनिश्चितकालीन धरना पर चले गए जिससे दूर दराज से आए फरियादियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा है। तहसील बार एसोसिएशन के मंत्रिमंडल ने देहराअजीतपुर निवासी अधिवक्ता अवतार सिंह का 6 दिन पूर्व अपने गांव में साथियों के साथ नाजायज असलाहों से लेस होकर एक व्यक्ति के घर के सामने फायर करने की घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसपर एसपी खीरी संकल्प शर्मा के संज्ञान ले लेने पर राजनीतिक प्रयास विफल हो गया पसगवां पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आंनन फानन जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज कर अधिवक्ता को जेल भेज दिया था। सोमवार को अधिवक्ताओं ने पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई करने से क्षुब्द होकर पुलिस के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। दूर दराज से आए फरियादियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा है।

# छत के रास्ते घुसे नकाबपोश, परिवार को बनाया बंधक कर की लाखों की डकैती



■ ग्राम सराय सुंदरपुर में आधी रात हुई वारदात से दहशत, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

थाना गजरौला क्षेत्र के गांव सराय सुंदरपुर में बीती रात दो नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी लूट ली। पूरी घटना ने गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है, वहीं ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है।रात करीब 12:30 बजे योगेंद्र सिंह पुत्र अर्जुन सिंह अपने घर में अकेले सो रहे थे। तभी दो नकाबपोश चोर छत के रास्ते घर में घुसे। उनमें से एक ने धारदार बांका योगेंद्र की गर्दन पर रखकर चाबी मांगी। जान बचाने की खातिर योगेंद्र ने डर के साये में चाबी सौंप दी।

### गहनों व नगदी पर किया हाथ साफ, डराते रहे पीड़ित को

चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए एक चोर घर के भीतर घुस गया और आलमारी में रखे कीमती जेवरात व नकदी समेटने लगा, जबकि दूसरा योगेंद्र को लगातार बांका दिखाकर दबाव में रखता रहा। पीड़ित योगेंद्र सिंह ने बताया कि चोर घर से करीब ?4.5 लाख मूल्य के गहने और ?40,000 नकद लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में तीन जोड़ी पायल, तीन सोने की अंगूठियाँ, तीन जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी टॉप्स, एक चैन, कंठी, तगड़ी, कमर बिछुआ, टीका और दो जोड़ी झुमकी शामिल हैं।

### साहस दिखाकर भागा योगेंद्र, फिर मचाया शोर

वारदात के दौरान योगेंद्र ने साहस दिखाया और मौका मिलते ही चोरों की गिरफ्त से छूटकर छत से नीचे कूद गया। उसने शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया, लेकिन तब तक चोर पीछे के दरवाजे से भाग चुके थे।

### गांव में तनाव और भय का माहौल

घटना की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई। लोग बड़ी संख्या में पीड़ित के घर एकत्र हुए। ग्रामीणों में इस दुस्साहसी वारदात को लेकर रोष है। उनका कहना है कि पुलिस गश्त नहीं होती, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच शुरू

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### प्रशासन से न्याय और सुरक्षा की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित को शीघ्र न्याय दिलाया जाए, चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और गांव में रात्रि गश्त अनिवार्य की जाए। साथ ही अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जाए।

# विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने गौशाला का किया उद्घाटन, जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

■ जनहित में गौसेवा और जनसुनवाई को दी प्राथमिकता, अधिकारियों को दिया तत्काल कार्रवाई का निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**






128 विधानसभा बरखेड़ा के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सोमवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले जनता दरबार में उपस्थित होकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्तालाप कर समस्याओं का समाधान कराया। जनसुनवाई के दौरान पानी, बिजली, राशन, पट्टा, पेंशन आदि से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं, जिन्हें प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश विधायक ने अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई के बाद विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विकासखंड ललौरीखेड़ा की ग्राम पंचायत जिरौनियाँ में नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गौशाला नीति की सराहना करते हुए कहा कि गौवंश संरक्षण और गोसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिरौनियाँ में गौशाला की स्थापना क्षेत्र के सभी ग्रामों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनेगी।

इस उद्घाटन कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान, लालता प्रसाद लोधी, ग्राम अलियापुर के प्रधान वीरपाल लोधी, जिरौनियाँ के पूर्व प्रधान ननकूलाल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता,

ग्रामीणजन एवं भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर गौशाला में आने वाले गौवंश की देखभाल एवं प्रबंधन हेतु सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।विधायक ने अंत में क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि गौसेवा केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज की भी नैतिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि हर ग्रामवासी गौवंश के संरक्षण में योगदान देकर इस पुनीत कार्य को सफल बना सकता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ग्राम पंचायत जिरौनियाँ के ग्रामवासियों और आयोजन समिति की सराहना भी की गई।

## कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर के ग्राम सैधरी में दो पक्षों में हुए विवाद में एक दलित युवक की निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस घटना का संज्ञान लेते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के निर्देशानुसार कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया द्य अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा कि इस मुश्किल की घड़ी में कांग्रेस पार्टी शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। साथ ही उप्रेती ने यह भी कहा कि परिजनों ने बताया कि पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने कहा कि दलितों के अत्याचार के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है सरकार इसको रोकने में नाकाम निरन्तर असफल रही है। कांग्रेस पार्टी दलित युवक पर हुए क्रूर हमले की घोर निंदा करती है बेहद शर्मनाक घटना है। कांग्रेस पार्टी हर उस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी जिसके साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है द्य साथ ही तिवारी ने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि शोकाकुल परिवार को 20 लाख रुपए और परिवार में एक सरकारी नौकरी दी

# घर की गैलरी में सो रही बुजुर्ग महिला को तेंदुआ दबोच ले गया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



सदर कोतवाली क्षेत्र में शीतलापुर गांव के मजरा मैनी पुरवा में घर की गैलरी में सो रही बुजुर्ग महिला को तेंदुआ दबोच ले गया। घटना रविवार रात की है। सोमवार सुबह गन्ने के खेत में महिला का अधखाया शव मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है। ग्रामीणों में दहशत है।कोतवाली सदर के शीतलापुर गांव के मजरा मैनीपुरवा निवासी सोमवती 65 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रामपाल रविवार रात मकान की गैलरी में तख्त पर सो रही थीं। परिजनों ने बताया कि रात करीब दो बजे घर के पास स्थित गन्ने के खेत से तेंदुआ निकल कर घर में घुस आया और तख्त पर सो रही सोमवती को गन्ने के खेत में खींच ले गया।महिला के चीखने पर परिजनों की आंख खुली। शोर मचाते हुए गन्ने के खेत की तरफ भागे। शोर सुनकर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए। अंधेरा होने के कारण महिला का कुछ पता नहीं चल सका। सूचना पाकर वन विभाग व पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। सोमवार की सुबह घर से करीब दो सौ मीटर दूर गन्ने के खेत से महिला का अधखाया शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इलाके में तेंदुआ होने से ग्रामीणों में दहशत है। वह खेतों की तरफ नहीं गए।

शारदानगर डिप्टी रेंजर संजय आजाद ने बताया कि टीम ड्रोन कैमरे से निगरानी कर रही है। पिंजरा आदि लगाकर तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा। महिला के परिजनों को दस हजार रुपये नकद सहायता राशि दे दी गई है। पांच लाख रुपये और मुआवजा दिया जाएगा।

## बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग के मोहम्मदी रेंज की आंवला बीट क्षेत्र में बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत है।अजान इमलिया,मूड़ा जवाहर,मूड़ा अस्सी घरथनिया में पिछले डेढ़ साल से बाघ की गतिविधियाँ देखी जा रही हैं। सोमवार की अल सुबह मूड़ा जवाहर गांव के पश्चिम में स्थित चंदेश बाजपेई के मकान के पीछे खेत के चक मार्ग पर बाघ के पगमार्क देखे जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनकर्मियों को दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर पगमार्क की जांच की और बाघ के होने की पुष्टि की।वन दरोगा माया प्रकाश वर्मा व विजय सिंह ने बताया कि बाघ के पदचिन्ह मिलने की सूचना मिली है, वन विभाग की टीम मौके पर पर भेजी गई थी। मौके पर पग चिन्ह देखे जाने के पश्चात ग्रामीणों को सतर्क रहने और समूह में खेतों में जाने की सलाह दी गई है।इलाके में बाघों की मौजूदगी से ग्रामीणों में खासी दहशत है, लेकिन वन विभाग की टीम लगातार निगरानी में लगी हुई है।वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और खेतों में समूह में जाएं।वन विभाग की टीम बाघ की गतिविधियों पर निगरानी रखने और आवश्यक कदम उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# सदर विधायक के आश्वासन पर गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

■ अवैध बस्ती पर चलेगा बुलडोजर अगर प्रशासन नहीं चला पाया तो हम हमारे कार्यकर्ता ही बुलडोजर चला तोड़ देंगे अवैध बस्ती

■ पूरे मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध क्रास एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने पीड़ित परिवार को नही दिलाया न्याय संजय आचार्य

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**




शनिवार सुबह उल्ल नदी पुल के पास सैधरी गांव निवासी नितिन भार्गव टहलने गया था।आरोप है कि युवती से मिलने के आरोप में कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया। उसकी बेरहमी से पिटाई कर नदी में धकेल दिया गया।युवक की हालत देख घर वालों का गुस्सा भड़क उठा।दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से नितिन भार्गव, उसका भाई अमित, निहाल और महेश घायल हुए। दूसरे पक्ष से वसीम और कलीम भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और दोनों ओर से क्रॉस केस दर्ज किया। अमित भार्गव की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रविवार को उसे लखनऊ रेफर किया।रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।अमित की मौत से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए।रविवार दोपहर बाद उन्होंने सैधरी बाईपास पर चक्का जाम कर दिया।आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की गई।कोतवाल हेमंत रॉय ने परिजनों को समझा-बुझाकर कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। अंतिम संस्कार होने तक पुलिस बल गांव में तैनात रहा।मौके पर मौजूद सदर विधायक ने पुल पर बसे लोग पीडब्ल्यूडी की भूमि पर अवैध निर्माण किए हुए हैं और मोहल्ले का नाम मोहब्बत नगर है।

जहां लड़कियां सप्लाई की जाती है सारे अवैध कार्य होते हैं यहां सब अवैध बस्ती पर बुलडोजर चलेगा अगर प्रशासन ने नहीं चलाया बुलडोजर तो हमारे कार्यकर्ता चलाएंगे बुलडोजर विधायक के आश्वासन से मृतक के परिजन पूर्ण रूप से संतुष्ट दिखाई दिए सदर कोतवाल हेमंत राय ने बताया चारों आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है मर्डर की धारा सहित एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज़ हो गया है। एसडीएम सदर ने बताया अवैध जगह पर बसी मुस्लिम बस्ती को जल्दी हटाया जाएगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### भोलेनाथ की भक्ति में डूबा पूरनपुर, शिवालयों में उमड़ी भारी भीड़

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सावन मास के अंतिम सोमवार को पूरनपुर क्षेत्र शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर समेत नगर व देहात के अन्य शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। शिवभक्तों ने भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, भांग, फल-फूल, नैवेद्य आदि अर्पित कर जलाभिषेक किया। विशेषकर महिलाओं में इस दिन को लेकर विशेष श्रद्धा देखी गई। उन्होंने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की मंगलकामना की। भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शिवालयों में कांवड़ लेकर आए श्रद्धालुओं ने भी विशेष रूप से जलाभिषेक कर आस्था प्रकट की। देर शाम तक इकोत्तरनाथ मंदिर और सिद्ध बाबा मंदिर में भक्तों की भीड़ बनी रही।

### राष्ट्रीय बजरंग दल की विशाल जलाभिषेक बाइक यात्रा संपन्न

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सावन के अंतिम सोमवार पर राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा एक भव्य जलाभिषेक बाइक यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाइक रैली नगर के साईं श्रद्धा बैंक्वेट हॉल से शुरू होकर विभिन्न गांवों से होते हुए सुनासर मंदिर तक पहुंची।रैली धनाराघाट, घुंघचाई, कैशोपुर, लुकटिहाई, कबीरपुर कसगंजा, बलरामपुर, गुलडिया भूपसिंह जैसे ग्रामीण अंचलों से होकर निकली, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रैली का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं को फल भी वितरित किए गए। रैली के समापन पर सुनासर मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान शिव भक्तों के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### मूसलाधार बारिश से पूरनपुर की बिजली व्यवस्था चरमराई

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** रविवार रात से हो रही तेज बारिश के चलते नगर व ग्रामीण अंचलों की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। सुबह से लेकर देर शाम तक अधिकांश मोहल्लों में बिजली गुल रही, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। बिजली उपकरण शोपीस बनकर रह गए और विद्युत आधारित सभी कार्य ठप हो गए। शिकायतों के बावजूद विद्युत विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बिजली कर्मचारी दिनभर व्यवस्था सुधारने में जुटे रहे लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। लोगों ने विभाग की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई।

### घर में घुसकर युवक की पिटाई, पत्नी-बच्चों को भी नहीं बख्शा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया खास में उधारी मांगने पर एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।पीड़ित सियाराम ने बताया कि वह फेरी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। दो वर्ष पूर्व गांव के ही प्रदीप कश्यप व मनोज कश्यप ने उससे 10 हजार रुपये उधार लिए थे, जिन्हें पांच प्रतिशत ब्याज समेत लौटाने का वादा किया गया था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने रुपये नहीं लौटाए। 23 जून की रात को दोनों आरोपी सियाराम के घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोर सुनकर पत्नी व बच्चे आए तो उन्हें भी पीटा गया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्रावण मास के चौथे सोमवार को श्रद्धालुओ की उमड़ी भारी भीड़

**जन एक्सप्रेस। अमीर नगर खीरी।** सावन के चौथे सोमवार को बाबा टेढेनाथ धाम पर सुबह चार बजे से कावरियो तथा दूर दराज से आए शिव भक्तो की भीड रही। तथा पूरा मंदिर हर हर महादेव के जय घोष से गूंज उठा सूर्य उदय के पूर्व में बाबा टेढेनाथ धाम पर कांवरिया तथा शिव भक्तो का पहुंचना भारी संख्या में शुरु हो गए थे। भक्तो ने बेल पत्र फूल भांग धतूरा गंगा जल से अभिषेक किया। भगवान की पूजा अर्चना की मंदिर मे शिव भक्तो की भरी भीड रही। कई समाजिक और धार्मिक संगठनों ने कांवरियो के स्वागत के लिए मंदिर परिसर में



जलपान एवम भंडारे का आयोजन किया गया । सुरक्षा की दृष्ट से अमीर नगर पुलिस चौकी प्रभारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह,चौकी स्टाफ सेवादार आत्मानंद शुक्ला,राममूर्ती यादव राजेश कुमार रोहित शर्मा, योगेश मिश्रा, पुनीत मिश्रा,जितेंद्र अर्कवंशी छोटे लाल अर्कवंशी, बलबीर सिंह अनिल स्वामी शुशील वाजपेई अमित वाजपेई धनीराम शर्मा अंशू मिश्रा चंचल मिश्रा सुभाष यादव समस्त टेढेनाथ बाबा सेवा समिति के सेवादार उपस्थिति रहे।

### तीज का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ महिलाओं ने मनाया

**जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी।** नगर क्षेत्र के संपूर्णानगर रोड स्थित सिंह पैलेस में आज तीज का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ महिलाओं ने मनाया।इस अवसर पर सावन माह के मौसम का जहाँ महिलाओं ने लुत्फ उठाया वहीं पूरे पैलेस में सावन का परंपरागत झूलो ने भी महिलाओं को आकर्षित किया और महिलाओं ने जमकर झूले की पेंगो का आनंद लिया।इसके अलावा विभिन्न प्रकार स्टालों पर लगे फ़ास्ट फ़ूड एवं अनेक प्रकार के व्यंजनों के आंनद के साथ अनेक विधाओं



के नृत्य से भी वातावरण को सावनमयी कर दिया।उक्त कायर्क्रम में टी एस के मेमोरियल ट्रस्ट का बड़ा योगदान रहा।कायर्क्रम को आयोजित करने में निबुआ बोझ प्रधान प्रभजोत कौर पत्नी संदीप सिंह,कुलवंत कौर पत्नी अमरजीत सिंह अध्यक्ष टी एस के मेमोरियल ट्रस्ट,हरजोत कौर पत्नी गुरप्रीत नत्रर अमनजोत कौर मरौचा श्वेता सिंह पत्नी पिंटू चौधरी पूनम चड्ढा हरप्रीत कौर बलजीत कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

# जल संरक्षण व पर्यावरण चेतना पर गुरुनानक डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



गुरुनानक डिग्री कॉलेज परिसर में जल प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित विशेष संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं सामाजिक चेतना को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नमिता बरनवाल, विभागाध्यक्ष जिलोजी, डिग्री कॉलेज ने कुशलतापूर्वक किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एस.सी. मिश्रा सेवानिवृत्त प्रोफेसर, पी.डी. कॉलेज ने विचार प्रस्तुत करते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल संकट केवल एक प्राकृतिक चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी विषय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सेवक सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हरजीत सिंह और अकाल सेवा से प्रज्ञावतार, प्रीतम सिंह बग्गा, नरेश चंद्र वर्मा, रमेश कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।

गुरुनानक डिग्री कॉलेज, गुरु नानक कन्या विद्यालय समिति, और गुरु नानक इंटर कॉलेज के प्राचार्यों– बी.एन. शुक्ला, मीनाक्षी तिवारी और अरविंद सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शिक्षकगण–अर्चना श्रीवास्तव, अशोक तोलानी, कमल किशोर बरवाल, शिवराम वर्मा, परविंदर वर्मा, रामबहादुर मित्रा समेत स्टाफ व छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए। साधना केंद्र ममता सिंह, मीना रानी बरनवाल, अर्चना त्रिपाठी, सोनी तिवारी, अनिल, जया,सहित अनेक महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम के दौरान पीपल, पाकर और बरगद के तीन पवित्र वृक्षों का सामूहिक रूप से एक ही स्थान पर कुछ दूरी के साथ रोपण किया गया। यह सांकेतिक रोपण पारिस्थितिकी संतुलन के महत्व को दर्शाता है।

समापन भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन सेवक सिंह व प्रज्यभानी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का समापन सुंदर जलपान व्यवस्था के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# छोटी गंडक नदी में डूबा किशोर, गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

भटनी के खोरीबारी गांव निवासी संतोष यादव का इकलौता बेटा आदित्य (13) क्षेत्र के आरके पब्लिक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था। सोमवार आदित्य अपने गांव के तीन दोस्तों हरिओम, प्रियांशु और करन के साथ बनकटा तिवारी गांव स्थित जंगलीनाथ शिव मंदिर पर लगे मेले में घूमने आया था।

बनकटा तिवारी गांव स्थित छोटी गंडक नदी में सोमवार को स्नान के दौरान तीन किशोर डूबने लगे। शोर मचाने पर लोगों ने दो को तो बचा लिया, लेकिन खोरीबारी अरुआडीह गांव निवासी 13 वर्षीय छात्र आदित्य यादव तेज धारा में बह गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस, गोताखोरों व एनडीआरएफ की टीम देर शाम तक किशोर की तलाश में जुटी रही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था। भटनी के



खोरीबारी गांव निवासी संतोष यादव का इकलौता बेटा आदित्य (13) क्षेत्र के आरके पब्लिक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था। सोमवार आदित्य अपने गांव के तीन दोस्तों हरिओम, प्रियांशु और करन के साथ बनकटा तिवारी गांव स्थित जंगलीनाथ शिव मंदिर पर लगे मेले में घूमने आया था।

मेले में घूमने के बाद सभी दोस्त पास की छोटी गंडक नदी के किनारे पहुंचे। आदित्य, हरिओम और प्रियांशु नदी में नहाने लगे, जबकि करन किनारे पर उनके कपड़ों की रखवाली करने लगा। इसी दौरान नदी की गहराई और तेज धाराओं का अंदाजा न लग पाने के कारण तीनों बच्चे डूबने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद हरिओम और प्रियांशु को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन आदित्य गहरे पानी में बह गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

पिता संतोष यादव, मां सुमन देवी और बहन अंशिका का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के मुताबिक, आदित्य परिवार का इकलौता बेटा था और पढ़ाई में काफी होनहार था। मौके पर जुटी पुलिस और रेस्क्यू टीम लगातार नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों से भी अपील की जा रही है कि बारिश के मौसम में नदी के किनारे जाने से बचें। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि जंगलीनाथ स्थान पर मेला देखने आए तीन किशोर नदी में स्नान के दौरान डूबने लगे। शोर मचाने पर दो बच्चों को बचा लिया गया, जबकि आदित्य डूब गया। उसकी तलाश में ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

## बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर, तीन घायल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

तेज बारिश के बीच एक बाइक से जा रहे तीन युवकों को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवकों को सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। इसमें एक युवक की हालत गंभीर है। हादसा रविवार की दोपहर रुद्रपुर-कपरवार मार्ग पर सरया गांव के पुल के पास हुआ। बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था।

जानकारी के अनुसार, बरहज थाना क्षेत्र के बैरिया तिवारी गांव निवासी अमन तिवारी (30) और आकाश गौड़ (22) पुत्र रामबड़ाई निवासी कपरवार और अनिरुद्ध गौड़ (27) निवासी कुसुम्हा बाइक से रुद्रपुर की तरफ से कपरवार जा रहे थे। सरया गांव के पुल के एप्रोच पर सामने से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। चार पहिया वाहन बाइक सवार के अगले हिस्से पर चढ़ गया। हादसा स्थल पर जुटे लोगों ने बाइक सवारों को अस्पताल भेजवाया। हेलमेट नहीं लगाने से बाइक सवारों के सिर में चोट लगी है।

# सावन का चौथा सोमवार: गोरखपुर के शिव मंदिरों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सैलाब



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

सुबह से ही शिवालियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगीं। भक्त अपनी बारी का इंतजार करते हुए भगवान शिव की पूजा में लीन दिखे। महादेव झारखंडी मंदिर, मुक्तेश्वर नाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, गोरखनाथ मंदिर और बाबा मुंजेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सावन के अंतिम सोमवार को शिवालियों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष दिन के अवसर पर भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक और दुग्ध अभिषेक किया। भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का सिलसिला शाम तक जारी रहेगा।

सुबह से ही शिवालियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगीं। भक्त अपनी बारी का इंतजार करते हुए भगवान शिव की पूजा में लीन दिखे। महादेव झारखंडी मंदिर, मुक्तेश्वर नाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, गोरखनाथ मंदिर और बाबा मुंजेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग मार्केटिंग की गई थी और मंदिर समितियों के युवा सदस्य तथा पुलिस ने श्रद्धालुओं की सहायता की। अंतिम सोमवार के मौके पर कई भक्तों ने रुद्राभिषेक किया। शिवालयों के प्रांगण में हवन और पूजा का दौर चलता रहा और ओम नमः शिवाय तथा हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। जो भक्त मंदिर नहीं पहुंच सके, उन्होंने घर पर ही भगवान शिव की विधिपूर्वक आराधना की। बताया जा रहा है कि सावन सोमवार को लेकर पूरे दिन दर्शन पूजन का सिलसिला जारी रहेगा।

# 18 किमी तक दौड़ी पुलिस... बैरिकेडिंग तोड़ भागे पशु तस्कर

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

गोवंश लदे डीसीएम चालक और तस्कर रविवार को भोर में बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए बिहार भाग गए। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को भी कुचलने की कोशिश की और एक बोलेरो को ठोकर मार दी। पुलिस पशु तस्करों को पकड़ने में नाकाम रही। इस बीच सुबह टहलने निकले लोगों व समउर बाजार में अफरा-तफरी मची रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तस्करों के वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि यदि कोई आगे आता तो हादसे का शिकार हो जाता।

तुर्कपट्टी थाने की मधुरिया पुलिस चौकी इंचार्ज और उनकी टीम ने तस्करों को जिले के अंतिम छोर समउर चौकी तक 18 किलोमीटर तक पीछा किया। समउर चौकी पर पहले से ही सूचना होने के बाद भी तस्कर भागने में सफल रहे। राष्ट्रीय



राजमार्ग पर समउर बाजार तक मधुरिया चौकी, फाजिलनगर चौकी, समउर चौकी की पुलिस टीम को छकाते हुए तस्कर बिहार के भाग निकले। तस्करों के गोवंश लदी डीसीएम के रफ्तार के आगे कई लोगों ने किसी तरह जान बचाई। दरअसल तुर्कपट्टी थाने की मधुरिया पुलिस चौकी को सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग 28 से मधुरिया होते हुए गोवंश लदी डीसीएम निकल रही है। इस पर चौकी इंचार्ज ब्रह्मदत्त उपाध्याय ने डीसीएम का पीछा करना शुरू किया। मधुरिया से लेकर फाजिलनगर होते हुए कनक पिपरा वाया समउर बाजार तक पुलिस ने तस्करों का पीछा किया।

समउर पुलिस चौकी को सूचना दिया तो समउर चौकी प्रभारी विकास मौर्य ने घेराबंदी के लिए बैरिकेडिंग और बोलेरो का सहारा लिया। तस्कर बैरिकेडिंग को तोड़ते और बोलेरो को ठोकर मारते हुए बिहार में दाखिल हो गए। समउर चौकी के पास बना स्पीड ब्रेकर और वहां दो अंधे मोड़ पर भी तस्करों के डीसीएम की रफ्तार धीमी नहीं हुई। जिससे पुलिसकर्मियों के साथ उपस्थित लोगों ने जैसे तैसे भागकर जान बचाई। सूचना के बाद भी तीन-तीन चौकी प्रभारियों की शिथिलता पूरे जिले में चर्चा का विषय बना रहा। तमकुहीराज सीओ अमित सक्सेना ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पशु तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अलर्ट है। किसी भी कीमत पर पशु तस्करी नहीं होने दी जाएगी।

## तुर्कपट्टी क्षेत्र में आग से 12 बीघा गेहूं की फसल जली

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा झनकौल, पांडेय पट्टी गांव में गेहूं की फसल में रविवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से आग लग गई। इससे करीब एक दर्जन किसानों का लगभग बारह बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा झनकौल के पश्चिम तरफ गेहूं की फसल में दोपहर को विद्युत स्पार्किंग की चिंगारी आग लग गई। तेज हवा के चलते देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। खेतों से उठते धुएं व आग को देखते ही झनकौल, छहूं, बरवा सुकेदेव, तेंदुआ अमवा दूबे व बसडीला पांडेय पाटिल गांवों के हजारों लोग खेतों की तरफ दौड़ पड़े तथा आग बुझाने में लगे। इसी बीच सूचना पाकर थानाध्यक्ष संजय कुमार भी अपने सहयोगी सिपाहियों के साथ पहुंचकर आग बुझाने लगे। पछुआ हवा के चलते आग विकराल रूप धारण करता जा रहा था लेकिन ग्रामीण आग बुझाने में लगे रहे।

# भोजन में मिला था कीड़ा: देवरिया के सर्वोदय विद्यालय में अभी तक 289 बच्चे गए घर, हो गए थे बीमार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

गत सप्ताह के बीते रविवार यानि 27 जुलाई की दोपहर के भोजन में कीड़ा मिलने की शिकायत के बाद छात्रों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला था। छात्रों ने प्रदर्शन भी किया था। अगले दिन चार छात्र बीमार होकर मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। इसके बाद स्थिति बिगड़ने पर अब तब 289 छात्रों के परिजन विद्यालय पहुंचे और बच्चों को घर ले गए।

जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मेहरौना में भोजन में कीड़ा मिलने की घटना के बाद छात्रों घर लौटने का सिलसिला जारी है। घटना के बाद से अभिभावक भय और असंतोष के माहौल और वह बच्चों को स्वेच्छा से घर लेकर जा रहे है। अब तक 289 बच्चे घर जा चुके है। बता दें कि बीते रविवार को दोपहर के भोजन में कीड़ा मिलने की शिकायत के बाद छात्रों में आक्रोश और



घबराहट फैल गई। स्थिति इस हद तक बिगड़ी कि अब तक विद्यालय के 389 में से 289 छात्र अपने घर लौट चुके हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, कुछ छात्र नागपंचमी और रक्षाबंधन के कारण घर गए हैं।

हालांकि लगातार छात्रों के लौटने और नाम कटवाने की चर्चा ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास राम जनम ने कहा कि वर्तमान स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि त्यौहारों के कारण छात्र प्रार्थना पत्र देकर घर जा रहे हैं। भोजन व्यवस्था में सुधार किया गया है और शिक्षकों की कमी के संबंध में निदेशालय को सूचित कर दिया गया है।

**भोजन की गुणवत्ता और प्रशासन की निगरानी सवालों के घेरे में**

बच्चों के घर चले जाने की बात पूछने पर विद्यालय प्रशासन सुधार की बात कह रहा है, लेकिन बच्चों की लगातार हो रही विदाई और कुछ अभिभावकों द्वारा नाम कटवाने की चेतावनी ने इस बात की ओर इशारा कर दिया है कि व्यवस्था में भरोसे की कमी है। इस घटना से बच्चों और उनके अभिभावकों में डर का माहौल बना हुआ है।

# जिले में नई पहल: मंडल का पहला जिला बना कुशीनगर, डीएम ने लागू किया ड्रेस कोड, जींस-टीशर्ट में नहीं आ सकेंगे दफ्तर

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्रों में जाने वाले कर्मचारी जैसे लेखपाल, अमीन व राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदारों को शर्ट व ब्लेजर पर परिषद का प्रतीक चिह्न लगाना चाहिए। जिससे उनकी अलग पहचान बन सके। डीएम के इस फैसले की क्षेत्र में भी काफी चर्चा हो रही है। लोग फैसले की सराहना कर रहे हैं।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने राजस्व परिषद के कर्मचारियों के लिए जो ड्रेस कोड लागू है उसका अनुपालन करने हेतु कलेक्ट्रेट और तहसीलों के सरकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं। डीएम ने निर्देशित किया है कि फॉर्मल ड्रेस में ही कार्यालय आना कर्मचारी सुनिश्चित करें। ड्रेस का भुगतान भी जनपद स्तर से किया जाएगा।



स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि रंग-बिरंगी वेशभूषा में कार्यालय में कर्मचारी उपस्थित न हों। लेखपाल अमीन राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार, तहसीलदार सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सफेद शर्ट और ब्लेजर, नीला पैंट पहनना होगा और शर्ट पर परिषद का प्रतीक चिह्न लगाना होगा, जिससे उनकी पहचान आसानी हो सकेगी

यह निर्णय परिषद की अलग पहचान बनाने के लिए लिया गया है। डीएम ने बताया कि 'ड्रेस कोड' का पालन करने से आसानी से यह पता चल सकेगा कि वह राजस्व परिषद के कर्मचारी हैं। उन्होंने ने सभी एसडीएम को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। डीएम के इस फैसले की क्षेत्र में भी काफी चर्चा है। युवा से लेकर बुजूर्ग सभी फैसले की तारीफ कर रहे हैं। कसानगंज क्षेत्र के प्रांजल ने कहा कि पहली बार होगा कि जिले के अधिकारी को अर्दली या किसी सहयोगी से उनका नाम पूछकर नहीं पहचाना जाएगा। उनका खुद का आई कार्ड ही उनकी पहचान बन जाएगा। जिले का तारकेश्वर ने कहा कि ये फैसला अफसरशाही के धमक को कम कर लोगों के सहयोग में जिला प्रशासन खड़ा है, ये संदेश देगा।

**शर्ट व ब्लेजर पर लगाएं चिह्न**

साथ ही स्पष्ट किया है कि क्षेत्रों में जाने वाले कर्मचारी जैसे लेखपाल, अमीन व राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदारों को शर्ट व ब्लेजर पर परिषद का प्रतीक चिह्न लगाना चाहिए। जिससे उनकी अलग पहचान बन सके। डीएम ने ड्रेस कोड लागू करने का उद्देश्य है कि कर्मचारियों को कार्यालय में एक विशिष्ट प्रकार की पोशाक पहननी होगी, जो पेशेवर और सम्मानजनक हो।

ड्रेस कोड का उद्देश्य कर्मचारियों को एक समान और पेशेवर रूप देना है, जिससे कार्यालय का माहौल बेहतर हो सके। यह कर्मचारियों को अनुशासित और संगठित रहने में भी मदद करता है। नए ड्रेस कोड की शुरुआत तहसील समाधान दिवस के अवसर पर तहसील कसया से शुरुआत हुई सभी कर्मचारी ड्रेस में मौजूद रहे।

## नगर को साफ रखना सभी की नैतिक जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । महाराजगंज**

नगर पंचायत कार्यालय पर रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष शिवनाथ मद्धेशिया की अध्यक्षता में स्वच्छता गोष्ठी हुई। शहर को कचरामुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सभी कर्मचारियों और नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी है कि सभी मिलकर नगर को साफ सुथरा रखें। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील मद्धेशिया, मुलायम यादव, मोहम्मद अनस मौजूद रहे।

रविवार को बृजमनगंज विद्युत उपकेंद्र में बिजली बिल सुधार के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के दर्जनों उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिल से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से 12 उपभोक्ताओं के बिलों में सुधार किया गया। शिविर के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने उपभोक्ताओं के बिजली मीटरों की जांच भी की।

# परिषदीय स्कूलों में होंगी खेल, नृत्य व संगीत की प्रतियोगिताएं

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की संख्या 75 फीसदी औसत उपस्थिति सुनिश्चित कराने कि लिए प्लेस ऑफ जॉय योजना लागू की गई है। इसके तहत विद्यालयों में खेल गतिविधि, नृत्य, संगीत व अन्य मनोरंजन गतिविधियां कराई जाएंगी। जिससे की उनका स्कूल के प्रति डर खत्म हो और आनंददायक माहौल में बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई कर सकें। सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। बच्चों की शैक्षणिक सफलता के लिए नियमित रूप से स्कूल आना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। एक निश्चित मानक स्तर से नीचे की उपस्थिति बच्चों में मूलभूत भाषाई, गणितीय दक्षताओं, कक्षा अनुरूप दक्षताओं की



प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधक है। नियमित छात्र उपस्थित उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण, शिक्षक और बच्चों के बीच आत्मीय संबंध और सामुदायिक सहभागिता के जरिए ही संभव है। इसके लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा। स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया है। बच्चों की औसत उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत अथवा अधिक का लक्ष्य हासिल करने के लिए अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया जाएगा। उन्हें शासकीय प्रोत्साहन जैसे मिड-डे मील, यूनिफॉर्म, निशुल्क पुस्तकें, स्कूल बैग, जूता-मोजा, स्टेशनरी आदि के बारे में बताया जाएगा।


# 24 हेड कांस्टेबलों को किया गया इधर से उधर

- **अपराध शाखा, मालखाना व महिला थाना में दी गई नई जिम्मेदारियां**

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पुलिस प्रशासन ने 24 हेड कांस्टेबलों को इधर से उधर किया है। इस फेरबदल में कई पुलिसकर्मियों को अपराध शाखा, मालखाना व महिला थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुछ को अन्य थानों में स्थानांतरित किया गया है।

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, स्थानांतरित पुलिसकर्मियों में थाना कोतवाली के हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार यादव को खुखुंदू की अपराध शाखा में तैनात किया गया है। लाल बहादुर यादव को रामपुर कारखाना से रामपुर कारखाना मालखाना का कार्यभार सौंपा गया है। दिलीप मालवीय को एकौना से



कोतवाली अपराध शाखा, दिनेश कुमार गुप्ता को खामपार से सुरौली, धर्मराज यादव को महुआडीह से भलुअनी अपराध शाखा और दिलीप कुमार को सलेमपुर से सलेमपुर अपराध शाखा में भेजा गया है।

धर्मेंद्र यादव को मईल से मईल अपराध शाखा, मनोज कुमार यादव को भलुअनी से मदनपुर मालखाना, राजेश कुमार तिवारी को भलुअनी से खामपार थाना भेजा गया है। अशोक सिंह यादव को बरियारपुर से भाटपाररानी मालखाना, अमिताभ बच्चन राम को रुद्रपुर से भलुअनी मालखाना भेजा गया है। ओमप्रकाश यादव को गौरीबाजार से महुआडीह अपराध शाखा, देवीशंकर यादव को खुखुंदू से बरहज अपराध शाखा और मुकेश कुमार शाह को श्रीरामपुर से लार मालखाना में नियुक्त किया गया है।

अजय कुमार को भाटपाररानी से रामपुर कारखाना अपराध शाखा, कपिल शर्मा को भटनी से तरकुलवा, सरफराज अहमद को मदनपुर से अपराध शाखा तथा संतोष यादव को बरियारपुर से बरियारपुर अपराध शाखा भेजा गया है। जयहिंद यादव को बघौचघाट से भाटपाररानी अपराध शाखा, अरविंद कुमार बरहज से बनकटा, उमेश चंद्र यादव को क्रिमिनल ट्रैकिंग सेल से मालखाना महुआडीह और प्रियंका मिश्रा महिला थाना से महिला थाना भेजा गया है।

## केजीबीवी मेंटरशिप के जरिए दूर होगी मुश्किल

**जन एक्सप्रेस । महाराजगंज**

जनपद के कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं को अपनी समस्या बतानी हो या कॅरिअर के विषय में कोई सलाह लेनी हो या प्रशासन तक अपनी बात पहुंचानी हो। जिले की महिला अधिकारी इसमें उनकी मदद करेंगी। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने विशेष पहल करते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेहतर अवस्थापन सुविधा, छात्राओं के लिए बेहतर आवासीय व शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने और उन्हें कॅरिअर तय करने में सहायता देने के लिए महिला अधिकारियों को मेंटर के रूप में तैनात किया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में शुरू हुए केजीबीवी मेंटरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 13 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में महिला अधिकारियों को एक से दो कस्तूरबा विद्यालय आवंटित कर मैपिंग कराया गया है।

# पिकअप पर अचानक गिरा पेड़, अंदर सवार दो लोगों की मौत- 4 घंटे तक जाम में फंसे रहे वाहन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पिकअप पर अचानक पेड़ गिर गया जिससे पिकप सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने स्थानीय लोगों को सूचना दी, जिसके बाद थोड़ी ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पेड़ का फैलाव इतना अधिक था कि पूरा मार्ग बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रविवार रात करीब 10 बजे भागलपुर-सलेमपुर मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। महराजगंज जिले से बलिया के नागरा कस्बे की ओर जा रही मछली की बच्चा लदी पिकअप जैसे ही जमुआ गांव के सामने पहुंची, उसी वक्त सड़क किनारे खड़ा एक पुराना पीपल का विशालकाय पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आने से पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने स्थानीय लोगों को सूचना दी, जिसके बाद थोड़ी ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पेड़ का फैलाव इतना अधिक था कि पूरा मार्ग बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन पेड़ की



मोटी डहनी और अंधेरा होने के कारण शव निकालने में काफी दिक्कतें आईं। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ की डहनियों को आरी से काटकर रास्ता साफ किया गया और वाहन के अंदर फंसे दोनों शवों को बाहर निकाला जा सका।

इस दौरान सड़क के दोनों ओर यातायात पूरी तरह से ठप रहा और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। थानाध्यक्ष मइल दिलीप सिंह ने बताया कि पिकअप महराजगंज जिले से मछली का बच्चा लेकर बलिया जिले के नागरा बाजार जा रही थी। दोनों मृतकों की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है।

पिकअप के नंबर और दस्तावेजों के आधार पर मालिक को सूचना दे दी गई है। बताया गया है कि संबंधित व्यक्ति गोरखपुर से मौके पर आ रहा है। उसके आने के बाद ही मृतकों की पहचान हो सकेगी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पिकअप को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कर दिया गया है।

# यूरिया खाद की ओवर रेटिंग कर बिक्री करने पर दुकानदारों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉक्टर सदानंद गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण विषय पर प्रेस वार्ता की।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में माह अगस्त तक यूरिया के क्रमिक लक्ष्य 41253 मी0टन के सापेक्ष 34945 मी0टन, डी0ए0पी0 के लक्ष्य 5326 मी0टन के सापेक्ष 7998 मी0टन, एन0पी0के0 के लक्ष्य 1940 मी0टन के सापेक्ष 2060 मी0टन, एस0एस0पी0 के लक्ष्य 13666 मी0टन के सापेक्ष 19816 मी0टन एवं एम0ओ0पी0 के लक्ष्य 320 मी0टन के सापेक्ष 339 मी0टन की उपलब्धता हुई है, जिसमें से वितरण के उपरान्त वर्तमान में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में संयुक्त रुप से यूरिया 6003 मी0टन, डी0ए0पी0 2657 मी0टन, एन0पी0के0 825 मी0टन, एस0एस0पी0 6470 मी0टन एवं एम0ओ0पी0 235 मी0टन उपलब्ध है। जनपद में यूरिया व फास्फेटिक उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है। यूरिया 01 बोरी फुटकर विक्रय दर-266.50 रुपये तथा डी0ए0पी0 01 बोरी फुटकर विक्रय दर-1350 रु0 है।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी उर्वरक व्यवसायियो को निर्देशित किया गया है कि अपने प्रतिष्ठान पर उर्वरक का स्टाक/रेट बोर्ड व साइन बोर्ड अवश्य लगाएं तथा स्टाक रजिस्टर/वितरण रजिस्टर अद्यतन रखें। यूरिया, डी0ए0पी0, एन0पी0के0 एवं एस0पी0पी0 उर्वरको के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। उर्वरकों का विक्रय निर्धारित मूल्य पर ही किया जाय। उर्वरकों की बिक्री उनकी जोत बही खतौनी के अनुसार एवं उगायी जाने वाली फसलों की संस्तुति के अनुसार पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से ही की जाय।

समस्त उर्वरक व्यवसायी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें, विचलन की दशा में एवं किसी भी किसान को उसकी जोत/कृषित भूमि के सापेक्ष संस्तुत मात्रा से अधिक खाद की बिक्री की जाती है, निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है एवं टैगिंग की जाती है तो सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत उर्वरक लाइसेंस निरस्तीकरण एवं अग्रेतर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

किसान भाईयो से अनुरोध है कि अपने नजदीकी उर्वरक बिक्री केन्द्रो से पी0ओ0एस0 के माध्यम से उर्वरक प्राप्त कर सकते है। यूरिया के अन्य वैकल्पिक स्रोत में कृषक भाई अपने धान की फसल में द्वितीय टॉप ड्रेसिंग के स्थान पर नैनो यूरिया का स्प्रे कर सकते है।

गुणवत्तायुक्त उर्वरक सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत अब तक 315 उर्वरकों की दुकानो पर छापा मारकर 50 नमूने ग्रहित किया गया तथा 32 उर्वरक विक्रेताओ को कारण बताओ नोटिस एवं 05 उर्वरक विक्रेताओ का लाइसेंस निलम्बित तथा 01 उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस निरस्त किया गया है।

उर्वरक से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के समस्या के लिये जनपद में कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, में उर्वरक कंट्रोल रुम स्थापित है जिसका नम्बर 9455485475 है। जनपद के कृषक उर्वरकों के सम्बन्ध में उक्त हेल्प लाइन नम्बर पर सम्पर्क कर उर्वरकों के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज कराकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के खिलाफ एसपी की बड़ी कार्रवाई

## 3 सब इंस्पेक्टर सहित 46 पुलिसकर्मी हुए लाइन हाजिर

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद के पुलिस विभाग में सोमवार को बड़ी हलचल देखने को मिली। जहां पर जनपद के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कार्य मे लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा भ्रष्टाचार में लिप्त होने पर तीन सब इंस्पेक्टर, 18 दीवान तथा 25 सिपहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। कुल मिलाकर एसपी ने 46 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की है। एसपी के इस कार्यवाही से पूरे जनपद के पुलिस में महकमे हड़कंप मचा हुआ है। बताते चलें कि एसपी को लगातार ड्यूटी में लापरवाही, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थी, जिसको लेकर एसपी ने जांच करा कर इन 46 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कर पूरे महकमें को कड़ा संदेश दिया है। सूत्रों की मानी जाए तो अभी कुछ और लोगों पर भी गाज गिर सकती है। इस कार्रवाई की जद में सबसे ज्यादा ललिया थाना और रेहरा बाजार थाना आया है। इन



दोनों थानों में सात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। ललिया थाने से तीन हेड कांस्टेबल और चार कांस्टेबल सहित कुल 7 लोगों को लाइन हाजिर किया गया है। वही रेहरा बाजार थाने से 1 हेड कांस्टेबल और 6 सिपाहियों के विरुद्ध लाइन हाजिर की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही थाना तुलसीपुर, थाना श्रीदत्तगंज तथा थाना सादुल्लाह नगर से एक-एक सब इंस्पेक्टर को एसपी ने लाइन लाइन में हाजिर होने का फरमान जारी किया है। इसके अलावा कोतवाली नगर से 2 हेड कांस्टेबल, कोतवाली देहात से 1 कांस्टेबल, थाना गौरा चौराहा से 1 हेड कांस्टेबल तथा 1 कांस्टेबल, थाना महाराजगंज तराई से 2 कांस्टेबल, हरैया थेन से 1 कांस्टेबल, जरवा कोतवाली से 1 कांस्टेबल, गैसड़ी कोतवाली से 2 दो कांस्टेबल, पचपेड़वा थाने से 2 हेड कांस्टेबल तथा 1 कांस्टेबल, श्रीदत्तगंज थाने से 1 हेड कांस्टेबल तथा 2 कांस्टेबल, उतरौला कोतवाली से 1 हेड कांस्टेबल तथा 2 कांस्टेबल, सादुल्लाहनगर नगर थाने से 2 हेड कांस्टेबल तथा 2 कांस्टेबल और गंडास बुजुर्ग थाने से 4 हेड कांस्टेबल को एसपी लाइन हाजिर कर दिया है। यूपी 112 के एक दीवान को भी लाइन हाजिर किया गया है।

खैर जो भी हो एसपी के इस कार्रवाई से एक चीज तो समझ में आ गई है कि जिले के पुलिस कप्तान अब एक्शन के मोड में आ चुके हैं। लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों को अब सतर्क रहना होगा और अनुशासन में रहकर नौकरी करनी होगी। **वरना क्या पता कब किस पर एसपी की करवाई का चाबुक चल जाए?**

# स्कूली वाहनों की फिटनेस पर होगी कड़ी निगरानी

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

जिलों में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर शासन स्तर से जारी निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, श्रीमती संगीता सिंह ने मण्डल के सभी जिलों में स्कूल बसों एवं वैन की फिटनेस, परमिट तथा सुरक्षा मानकों की नियमित और सघन निगरानी के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि एक से 15 जुलाई तक स्कूली वाहनों पर चले विशेष अभियान की समीक्षा उपरांत आयुक्त ने समस्त जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों एवं आरटीओ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक स्तर पर स्कूली वाहनों की फिटनेस, चालक की पृष्ठभूमि जांच, जीपीएस, अग्निशमन यंत्र, प्रथम उपचार किट जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाए।

आयुक्त ने कहा कि यह जिम्मेदारी सभी सम्बंधित विभागों की है, अतः आपसी समन्वय के साथ मासिक विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से कराई जाएं। इसके साथ ही, समय-समय पर अभिभावकों से भी फीडबैक लेकर वाहनों की स्थितियों की निगरानी की जाए।

# धर्मपुर के झारखंडेश्वर नाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित प्राचीन झारखंडेश्वर महादेव मंदिर पर श्रावण मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आदि देव महादेव भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जानकारी के अनुसार 4 अगस्त को सावन मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार को धर्मपुर स्थित ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध श्री झारखंडेश्वर नाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दूर से आए शिवभक्तों ने आस्था और श्रद्धा के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर **हर-हर महादेव** और **बोल बम** के नारों से गूंज उठा। सुबह चार बजे से ही शिवभक्त लाइन में लगकर भगवान शिव को गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित करते नजर आए। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी शिव भक्ति में लीन दिखे। कुछ भक्त श्रद्धा पूर्वक कांवड़ यात्रा कर लाए जल से अभिषेक करते देखे गए।

**मंदिर में विशेष पूजा और व्यवस्था**

मंदिर समिति द्वारा सावन के पावन अवसर पर विशेष रुद्राभिषेक, महाआरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की गई थी, वहीं स्वास्थ्य सुविधा हेतु प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और जलपान की भी व्यवस्था की गई थी।



**आस्था का केंद्र है श्री झारखंडेश्वर नाथ महादेव मंदिर**

धर्मपुर स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर बलरामपुर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से जलाभिषेक करने पर भोलेनाथ मनोकामनाएं अवश्य पूरी करते हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार को यहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं।

**श्रद्धालुओं की भावनाएँ**

श्रद्धालु रामाश्रय मिश्रा ने बताया कि **हर साल सावन में बाबा झारखंडेश्वर नाथ का जलाभिषेक करता हूँ, इससे मन को शांति और मानसिक बल मिलता है।** वहीं रेखा देवी, जो पहली बार जलाभिषेक करने आई थीं, उन्होंने कहा कि इतनी श्रद्धा और भक्ति का माहौल पहले कभी नहीं देखा।

**प्रशासन की तत्परता**

एसडीएम एवं थाना प्रभारी भी मौके पर मौजूद रहे और लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखी। भारी भीड़ को शांतिपूर्वक दर्शन कराने में पुलिस एवं स्वयंसेवकों की सराहनीय भूमिका रही।

# रोटरी क्लब ग्रेटर के पद ग्रहण समारोह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अग्रवाल भवन में रविवार की रात रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के पद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटेरियन डॉ. वी एन सिंह, विशिष्ट अतिथि कार्डियक सर्जन डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव और सहायक गवर्नर पीएचएफ रोटेरियन डॉ.देवेश चंद्र श्रीवास्तव सहित कई सम्मानित अतिथियों ने शिरकत की।



जानकारी के अनुसार 3 अगस्त की रात आयोजित रोटरी क्लब ग्रेटर के पद ग्रहण समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ सौरभ सिंह और नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन आलोक श्रीवास्तव एवं निवर्तमान सचिव रोटेरियन भूपेन्द्र सिंह और नवनियुक्त सचिव रोटेरियन डॉ सतीश सिंह के बीच कालर का आदान-प्रदान हुआ। समारोह में चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों डाक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव (विख्यात हृदय शल्य चिकित्सक), संजय शर्मा (वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता), सुयश कुमार ( डायरेक्टर सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बलरामपुर) तथा डाक्टर मोहम्मद खालिद (लैप्रोस्कोपिक सर्जन) को उनके उत्कृष्ट कार्य और समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई नए सदस्यों ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों में संजय रस्तोगी, सुभाष चन्द्र पाण्डेय, ब्रिजेश मणि त्रिपाठी, आस्था पहवा व जसप्रीत सिंह शामिल हैं जिन्हें रोटरी पिन, सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा नृत्य और गायन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । विशिष्ट अतिथि डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने युवाओं में बढते हृदयाघात से बचाव के उपाय बताए और छोटे तथा स्कूल जाने वाले बच्चों को स्वछता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हृदयाघात से बचने के लिए कई टिप्स दीजिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट शारीरिक व्यायाम अवश्य करना चाहिए इसके लिए योग तथा मॉर्निंग वॉक बेहतर तरीका हो सकता है।

उन्होंने कम उम्र के बच्चों तथा युवाओं में बढ़ रहे हृदय रोग पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए गलत खान-पान तथा अनियमित दिनचर्या को जिम्मेदार बताया । उन्होंने सुझाव दिया कि योग निर्मित योग करें तनाव मुक्त रहें सही बात शुद्ध नियमित खान-पान दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तो काफी हद तक हृदय संबंधी रोगों से बचा जा सकता है। सहायक मंडलाध्यक्ष डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने रोटरी के महान कार्यों सबके समक्ष रखा और रोटरी फाउंडेशन में सभी को अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ वी एन सिंह ने माता पिता को बच्चों को मोबाइल से दूर रखने को प्रेरित किया, और सुझाव दिया कि बच्चों की बेहतर भविष्य के लिए उन्हें मोबाइल से दूर रखना आवश्यक है।

उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के शिक्षा व्यवस्था हेतु प्रेरित किया। साथ ही आह्वाहन किया कि अपने आस पास में जो भी सामाजिक दिक्कतें हैं उन्हें हम सब मिलकर दूर करने का प्रयास करें।

निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन डॉ सौरभ सिंह ने अपने कार्यकाल में किये गये कार्यों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि क्लब को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3120 के द्वारा विभिन्न श्रेणियों में 23 अवार्ड प्राप्त हुए। रोटेरियन संजय शर्मा ने सभी आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन आलोक श्रीवास्तव ने अपने सत्र में किये जाने वाले कार्यों की रुपरेखा प्रस्तुत की।

# हत्या और लूट में महिला समेत तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

गोवर्धन पुलिस, स्वॉट टीम और एंटी रैकेट क्रिमिनल टीम ने मिलकर राधाकुंड में हुई हत्या और लूट की वारदात का पदार्फाश कर दिया है। इस मामले में दो पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड और लूट में इनके दो साथी अभी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। इस आशय की जानकारी रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में एसपी देहात सुरेश चन्द्र रावत ने दी है। उन्होंने बताया कि 22-23 जुलाई 2025 की रात को राधाकुंड की गोपी विहार कॉलोनी में हुई थी। अज्ञात बदमाशों ने 55 वर्षीय विनोद कुमार पांडेय की हत्या कर दी थी। आरोपी उनका शव, घर के जेवर, नकदी और मोटर साइकिल, एक स्कूटी लूटकर फरार हो गए थे। मृतक के भाई गिरीश चंद पांडेय की शिकायत पर थाना गोवर्धन में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के नेतृत्व में टीम घटित की गई। पुलिस ने रविवार पूर्वान्ह डींग बाईपास रोड़ से बाईं तरफ निर्माणाधीन कॉलोनी को जाने वाले रास्ते से ललित कोली उर्फ बाउंसर पुत्र राजू निवासी 22 टी हट्स कबीर नगर राणाप्रताप बाग थाना भारत नगर जिला नई दिल्ली, राजकिशोर शर्मा पुत्र स्व. विष्णु दत्त शर्मा निवासी पाल कॉलोनी राधाकुण्ड थाना गोवर्धन, एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ललित कोहली पहले मथुरा जेल में बंद था। वहां उसकी मुलाकात एक अन्य अभियुक्त अजीत से हुई थी। दोनों ने मिलकर इस वारदात की योजना बनाई थी।

# जिलाधिकारी के आदेश पर 22 दिन बाद निकाला कब्र से नवजात का शव

## तीसरी बेटी होने पर तंबाकू का पाउडर खिलाकर मार डाला था

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

जिलाधिकारी के निर्देश पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जवां पुलिस ने गांव भोजपुर गढ़िया में 22 दिन के नवजात का शव कब्र खोदकर निकलवाया। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, ताकि उसकी मौत का कारण स्पष्ट हो सके।

नवजात की हत्या 30 जुलाई को उसकी मां ने ही तंबाकू का पाउडर खिलाकर कर दी थी, क्योंकि तीसरी बेटी होने से वह दुखी थी।गांव भोजपुर गढ़िया निवासी यवनेश कुमार ने अपनी पत्नी नगीना देवी पुत्री सुरेश चंद्र निवासी मंदिर नगला खुशपुरा थाना दादों के खिलाफ जवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने आरोपी मां नगीना देवी को पकड़ लिया, जिसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए जवां थाना पुलिस ने जिलाधिकारी से आदेश मांगा था। जिलाधिकारी के आदेश पर शनिवार को नायब तहसीलदार गभाना रतन कुमार की मौजूदगी में थाना पुलिस ने शव को कब्र खोदवाकर बाहर निकलवाया।

फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। शव सही सलामत निकल सके, इसलिए डेढ़ घंटे तक आहिस्ता-आहिस्ता खोदाई कराई गई। नायब तहसीलदार गभाना ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा कि नवजात की मौत किस कारण से हुई है।नवजात की हत्या की आरोपी मां नगीना के पिता सुरेश सहित परिजन का कहना है कि हमारी बेटी निर्दोष है।उसे फंसाया गया है। जब नगीना के दूसरी बेटी हुई थी, तभी से ससुराल वाले उसे परेशान कर रहे थे।

नायब तहसीलदार गभाना ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा कि नवजात की मौत किस कारण से हुई है। नवजात की हत्या की आरोपी मां नगीना के पिता सुरेश सहित परिजन का कहना है कि हमारी बेटी निर्दोष है। उसे फंसाया गया है। जब नगीना के दूसरी बेटी हुई थी, तभी से ससुराल वाले उसे परेशान कर रहे थे।पति सहित सास और ननद ताने मारते थे। यह बात बेटी ने कई बार बताई।

कहा कि ससुराल वाले परेशान कर रहे हैं। पिता सुरेश का आरोप है कि ससुराल वालों ने ही नवजात को तंबाकू का पाउडर खिलाकर हत्या की है और आरोप उनकी बेटी नगीना पर लगा दिया है। उन्होंने पूरी घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

# डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को गति देने के लिए नई डिजिटल क्षमताओं को किया लॉन्च

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एक्सटेलिफ़ाय, जो भारती एयरटेल (एयरटेल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और एयरटेल की सभी डिजिटल संपत्तियों और क्षमताओं का संचालन करती है, ने आज एयरटेल क्लाउड नाम से एक स्वायत्त (सोवरेन), टेल्को-ग्रेड क्लाउड प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। यह क्लाउड प्लेटफॉर्म एयरटेल की भारत में आंतरिक ज़रूरतों के लिए प्रति मिनट 140 करोड़ ट्रांजैक्शन संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

और अब इसे देश की कंपनियों की लगातार बढ़ती डिजिटल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्लेटफॉर्म अगली पीढ़ी के सस्टेनेबल डेटा सेंटर्स पर होस्ट किया गया है, जिसमें जनरेशन-एआई आधारित प्रोविज़निंग की सुविधा है और इसे 300 प्रमाणित क्लाउड एक्सपर्ट्स संचालित करते हैं। यह बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद सेवा है, जो आईएएएस, पीएएएस और एडवांस कनेक्टिविटी जैसी सेवाएं प्रदान करती है।

यह क्लाउड व्यवसायों को डेटा माइग्रेशन की सुरक्षा, आसान स्केलेबिलिटी, कम लागत और विक्रेता-निर्भरता से मुक्त (नो वेंडर लॉक-इन) जैसे लाभ देता है।

एक्सटेलिफ़ाय ने एक एआई-समर्थित, भविष्य के लिए तैयार सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया है, जो दुनियाभर की टेलीकॉम कंपनियों को तकनीकी जटिलताओं से मुक्ति दिलाने, कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने, ग्राहक बनाए रखने (चर्न को कम करने) और प्रति ग्राहक औसत आय (एआरपीयू) बढ़ाने में मदद करेगा।

# औषधीय पौधों का रोपण व वितरण कर उनके गुणों के प्रति किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित तुलसी पार्क में सोमवार को बूटी दिवस के अवसर पर औषधीय पौधों का रोपण किया गया। साथ ही औषधीय पौधों का वितरण आयुर्वेद में महत्व तथा उनके गुणों के विषय में लोगों को जागरूक किया गया।

भारत सौम्या स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार मिश्र ने 4 अगस्त को बताया कि गुरुकुल परंपरा से दीक्षित आचार्य बालकृष्ण महाराज के प्रबंधकीय प्रशासनिक अभियांत्रिकी संबंधी ज्ञानवान अनुभव के सामने देश के ही नहीं अपितु विदेश के विभिन्न क्षेत्रों के शीर्ष व्यक्तित्व भी आचार्य श्री से सीखने को उत्सुक रहते हैं।

आचार्य श्री महर्षि चरक सुश्रुत धनवंतरी द्वारा प्रतिपादित आयुर्वेद की स्वस्थ परंपरा के प्रकल्प प्रखर प्रसारक व सफल पोषक है। उन्होंने बलरामपुर के तुलसी पार्क में प्रातः 7:00 बजे आयोजित योग शिविर में जड़ी बूटी दिवस के अवसर पर अपने विचार वक्त किया।



कार्यक्रम के दौरान अपने सभी योग बंधुओं के सहयोग से विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं फलदार वृक्ष का रोपण करते हुए भारी संख्या में समुदाय को वितरित किया। तुलसी, गिलोय, एलोवेरा, आंवला, करौंदा व अजवाइन जैसे पौधों का वितरण करते हुए उनके उपयोग के विषय में विस्तार से बताया। समिति के मीडिया प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने विस्तार से आचार्य श्री के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहनीय एवं प्रशंसनीय बताते हुए राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध केवल कृष्ण शर्मा बयोवृद्ध ने किया। कार्यक्रम में पौधे वितरण में अपना अमूल्य सहयोग देते हुए समिति के अध्यक्ष सरदार प्रीतपाल सिंह, पतंजलि योग समिति के प्रभारी मंगल प्रसाद शर्मा, तीरथ दास तोलानी, कृष्ण गुप्ता, अनिल कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नगर व्यापार मंडल श्रवण कुमार वाधवानी, आनंद उपमन्यु वरिष्ठ अधिकारी मनरेगा, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन कासिम अली, पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व प्रबंधक डॉक्टर सुधीर श्रीवास्तव ने अपने बहुमूल्य विचार रखते हुए इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आए हुए अतिथियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति के वरिष्ठ कृष्णा गुप्ता ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# अयोध्या से आया भगवान आदिनाथ का रथ, आगरा में रहेगा 15 दिन

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित निर्मल भवन में सोमबार को **स्वतंत्रता विशेष धर्मसभा** का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। धर्मसभा का शुभारंभ मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन और आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के अनावरण से हुआ। छिपी टोला की भूमि से आज मुनि श्री सौम्या सागर जी महाराज ने स्वतंत्रता विशेष- संस्कारों की नीलामी भारत की गुलामी पाठशाला में स्वाधीनता, हमारा अधूरा इतिहास, गुलामी, संस्कारों की नीलामी, जैन धर्म के उद्देश्य, ठठ कर्म, सत कर्म, भोग भूमि और कर्मभूमि पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला। इस धर्मसभा का केंद्रीय विषय था **संस्कारों की नीलामी, भारत की गुलामी**, जिसमें राष्ट्र, संस्कृति और आत्मिक चेतना के गहरे संबंधों पर मुनि श्री 108 सौम्य सागर जी महाराज ने सारगर्भित प्रकाश डाला। मुनिश्री ने स्वतंत्रता विशेष पखवाड़े की परिकल्पना को आत्मचिंतन का अवसर बताते हुए कहा कि भारत को समझना है तो गुलामी की मानसिकता, संस्कारों की उपेक्षा, और धर्म के मूल उद्देश्यों को समझना होगा। उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों, कर्म-निर्माण, भोग भूमि और कर्मभूमि के बीच के अंतर को सरल शब्दों में समझाया और बताया कि आज का मानव किस प्रकार स्वाधीनता के भ्रम में बंधनों को ही अपनाए जा रहा है। मुनि श्री ने अपने प्रभावशाली प्रवचन में कहा, संस्कार जब नीलाम होते हैं, तब राष्ट्र की आत्मा पर आघात होता है। स्वतंत्रता केवल राजनैतिक नहीं, सांस्कृतिक चेतना की पूर्ण जागरूकता है।



मर्जर विद्यालयों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारियों ने मनमानी की और शासन के नियमों को दरकिनार रखते हुए अधिक दूरी व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के विद्यालयों को भी मर्ज करवा दिया।

**चंद्रिका सिंह**
जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बस्ती



छोटे- छोटे बच्चो को विद्यालय मर्ज के बाद नहर,सुनसान इलाको और कही पर हाइवे से होकर 1 से 3 किलोमीटर तक जाना पड़ रहा है,दुर्घटना के डर से कई बच्चो ने विद्यालय जाना बंद कर दिया है।

**बालकृष्ण ओझा**
जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ बस्ती



विगत कई वर्षों से एक भी गैर मान्यता विद्यालय पर कार्यवाही नही हुई और विद्यालयों को मर्ज कराकर विभाग ने गैर मान्यता विद्यालय को खुली छूट दे दी है, जिससे अभिभावकों का शोषण हो रहा है।

**दुर्गेश यादव**
जिला कोषाध्यक्ष शिक्षक संघ बस्ती

# सीएम के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे है बस्ती के अधिकांश बीईओ! मर्जर में नहीं कर रहे सुधार

- बीईओ सॉऊघाट धीरेन्द्र त्रिपाठी के लिए सीएम का निर्देश हवा-हवाई
- एक दूसरे स्कूलों के बीच नेशनल हाईवे और दूरी का नहीं रख रहे बीईओ धीरेन्द्र त्रिपाठी ख्याल?





शासन व अफसरों की मंशा के अनुरूप सभी मानकों को ध्यान में रखकर पेयर, अनपेयर की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। सुरक्षा, दूरी, सभी चीजों को ध्यान में रखकर पेयर,अनपेयर किया जाएगा। ननिहालों के भविष्य के प्रति हम सभी कटिबद्ध है। किसी भी दशा में बच्चों की पढ़ाई में बाधा नहीं होगी। इस संबंध में बीएसए को निर्देशित किया जाएगा।

**संजय शुक्ल**
एडी बेसिक बस्ती मंडल

**जन एक्सप्रेस। दिलीप उपाध्याय**

बस्ती। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरो को सख्त आदेश दिया है। स्कूल मर्जर के मामले में अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर हो रही कठिनाइयों को दूर करते हुए मर्जर में संशोधन करें।

लेकिन बस्ती में बेसिक शिक्षा विभाग की तमाम खंड शिक्षा अधिकारी के मनमानी रवैया से शिक्षक व शिक्षक संगठन में काफी रोष है। जिले के तमाम खंड शिक्षा अधिकारियों ने बिना किसी स्थलीय निरीक्षण के ही ऑफिस में बैठकर मनमाने तरीके से स्कूल मर्जर का संशोधन कर दिया, जिससे शिक्षक संगठन में काफी नाराज़गी है। जिले तमाम ऐसे विद्यालय जहां पर एक स्कूल से दूसरे स्कूल की दूरी 2 से 3 किलोमीटर है। जिसको लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह के नेतृत्व में नियम विरुद्ध युग्मन रद् करने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह, जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा व जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव कहते है कि शासन के निर्देश के क्रम में 50 से अधिक छात्र संख्या, दोनों विद्यालयों की आपस में एक किलोमीटर से अधिक दूरी, विद्यालयों के बीच में नदी, नाला, हाईवे, नहर, सड़क आदि होने पर युग्मन का नियम नही है। परंतु जनपद के कई खण्ड शिक्षाधिकारियों द्वारा नियमों के विपरीत रिपोर्ट लगाकर विद्यालयों का युगमन करा दिया गया है। जिसके चलते अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालयों की दूरी, दुर्घटना आदि को देखते हुए नहीं भेज रहे हैं। कहा कि पुनः विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कराते हुए युग्मन की कार्यवाही की जाय और दोषी खण्ड शिक्षाधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

## मुख्यमंत्री का आदेश- पेयरिंग में अनियमितता पर अफसरों पर होगी कड़ी कार्यवाही! लेकिन बीईओ धीरेन्द्र त्रिपाठी सीएम के आदेश को देखा रहे है ठेंगा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों की पेयरिंग प्रक्रिया में अफसर को सख्त आदेश दिया है कि प्रक्रिया को गंभीरता से लेकर समस्याओं का निस्तारण करे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्कूलों की पेयरिंग मानक के रूप किया जाए इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अफसर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी बच्चों की पढ़ाई किसी सूरत में बाधा नहीं आने पाएगी। लेकिन बस्ती जिले के अधिकांश खंड शिक्षा अधिकारी मानक के अनुरूप मर्ज के मामले में संशोधन नहीं कर रहे हैं। जिससे कई हजार बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही है। लेकिन लेकर अधिकांश बीईओ बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। साऊंघाट ब्लॉक में यूपीएस पकड़ी अधीन को यूपीएस कुर्सियां से मर्ज किया गया है जिसकी आपस में दूरी 3 किलोमीटर की दूरी के साथ साथ बीच में बस्ती बांसी हाईवे पड़ता है। वही इसी ही ब्लॉक में पीएस ख़जौला को कंपोजिट ख़जौला में मर्ज किया गया है जिसी दूरी 1 किमी से ज्यादा के साथ- साथ बीच नेशनल हाईवे 28 पड़ता है ।सीएम योगी का आदेश है मर्ज के मामले अगर 1 किमी से ज्यादा दूरी, नदी, नाले, हाईवे है तो छात्र हित ऐसे स्कूलों का मर्जर निरस्त करे। लेकिन बीईओ धीरेन्द्र त्रिपाठी मुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगा दिखा रहे है।



### नेशनल हाईवे के साथ-साथ 2 किमी दूरी फिर भी नहीं कर रहे है मर्जर निरस्त?

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का स्पष्ट निर्देश है कि अगर एक स्कूल से दूसरे स्कूल के बीच में नदी- नाले या फिर हाईवे पड़ता है तो ऐसे स्कूल को चिन्हित कर तत्काल मर्जर को निरस्त करे। लेकिन साऊघाट, सल्टौआ गौर विक्रमजोत,बस्ती सदर,कप्तानगंज, छावनी, सहित तमाम ब्लाकों मे इस तरीके की समस्या है,लेकिन बीईओ संशोधन नहीं कर रहे है। जिले में कुल 176 स्कूलों का मर्जर हुआ था जिसमें मजह 40 स्कूलों का मर्जर आदेश रद्द हुआ है। अभी ऐसे तमाम स्कूल है जहां स्कूलों का मर्जर निरस्त होना चाहिए।

# वीबीएसपीयू को मिली एनसीसी की सौगात, युवाओं को मिलेगा सैन्य प्रशिक्षण का अवसर



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थी अब राष्ट्रीय कैडेट कोर(एनसीसी) से जुड़कर एकता और अनुशासन का पाठ सीखेंगे। विश्वविद्यालय परिसर को एन.सी.सी. निदेशालय, लखनऊ (यू.पी.) के द्वारा वित्तपोषित योजना के अंतर्गत सीनियर डिवीजन श्रेणी में विद्यार्थियों हेतु एक कंपनी आवंटित की गई है। इसमें प्रतिवर्ष 160 कैडेट प्रशिक्षण पायेंगे। यह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 98 यूपी वाहिनी, एन.सी.सी., जौनपुर के स्थानापन्न कमान अधिकारी कर्नल आलोक धर्मराज सिंह द्वारा कुलपति प्रो. वंदना सिंह और कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह को आधिकारिक पत्र को सौंपा। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि अध्ययन के साथ विद्यार्थी राष्ट्रीय कैडेड कोर से जुड़ते हैं तो अपने जीवन को और भी अनुशासित और व्यवस्थित बना सकते है । उन्होंने कहा कि बहुत सी नौकरियों में एनसीसी प्रमाणपत्र धारकों को वरीयता मिलने से परिसर के विद्यार्थी अपनी मेहनत और लगन से उच्च पदों को सुशोभित करेंगे।

सी सर्टिफिकेट ए ग्रेड वालों को बिना लिखित परीक्षा के इंटरव्यू द्वारा सेना में अफसर बनने का भी सुनहरा अवसर मिलता है। अग्निवीर के लिए में सीधे शारीरिक परीक्षा ही होती है । इसके साथ ही अन्य आर्म्ड फोर्सेस में भी बोनस अंक मिलते है।

इस अवसर पर कर्नल आलोक धर्मराज सिंह द्वारा विश्वविद्यालय को एनसीसी आवंटन होने पर विश्वविद्यालय परिवार विशेषकर छात्रों को विशेष बधाई दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को आवंटित कंपनी 98 यूपी वाहिनी, एन.सी.सी., जौनपुर के अंतर्गत कार्य करेगी। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के प्रथम वर्ष के स्नातक विद्यार्थी प्रवेश हेतु इसी शैक्षणिक वर्ष से पंजीकरण करा सकते है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने एन.सी.सी. के अधिकारियों का स्वागत किया एवं विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थी पूरे मनोयोग से राष्ट्रीय कैडेट कोर से जुड़ेंगे।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राज कुमार सोनी ने किया।

इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डीआर अजीत सिंह, बबीता सिंह, एआर मुस्ताक अहमद, सूबेदार मेजर कृष्णपाल सिंह, निहाल सिंह थापा, बलबीर सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र (2025-26) में प्रवेश लेने वाले समस्त स्नातक छात्र इसमें प्रवेश हेतु पंजीकरण के लिए पात्र है। परिसर में पंजीकृत समस्त छात्रों के लिए 29 अगस्त को विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में एनसीसी चयन शिविर का आयोजन किया जायेगा। पंजीकरण हेतु फॉर्म 5 अगस्त से डीएसडब्ल्यू कार्यालय से वितरित होगा। विश्वविद्यालय को आवंटित कंपनी 98 यूपी वाहिनी, एन.सी.सी., जौनपुर के अंतर्गत कार्य करेगी। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के प्रथम वर्ष के स्नातक विद्यार्थी प्रवेश हेतु इसी शैक्षणिक वर्ष में हिस्सेदारी कर सकते हैं।

### क्या है राष्ट्रीय कैडेट कोर ?

जौनपुर। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), जिसे आमतौर पर एनसीसी के नाम से जाना जाता है, भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के इच्छुक युवा छात्रों के लिए एक बेहतरीन रास्ता है । एनसीसी न केवल एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहाँ भारतीय रक्षा बल के इच्छुक उम्मीदवार रक्षा बलों में करियर शुरू करने से पहले अपनी क्षमताओं का परीक्षण कर सकते हैं, बल्कि भारतीय रक्षा बल परीक्षाओं में कई छूट भी प्रदान करता है।

# अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



- रंगोली, पोस्टर, विज्ञापन, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता में शामिल हुए सैकड़ो प्रतिभागी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय में बीकॉम ऑनर्स एवं एमबीए बिजनेस इकोनॉमिक्स के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, पोस्टर, विज्ञापन, क्विज, वाद विवाद, भाषण आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं में प्रतिभाग किया गया। विभाग के आचार्य एवं भारतीय वाणिज्य संगठन के पूर्व अधिशासी उपाध्यक्ष डॉ. मानस पांडेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य दिवस व्यापार नवाचार रोजगार के माध्यम से अर्थव्यवस्था एवं रोजमर्रा के जीवन पर वाणिज्य के प्रभाव को स्वीकार करने का दिन है।

डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने वैश्विक स्तर पर भारत के योगदान को रेखांकित किया । उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास में भारत की महती सहभागिता के कारण कई देश आज भारत से व्यापार समझौते के लिए उत्सुक हैं।

ब्लिट्ज क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्पिता, रिया एवं उज्जवला को मिला. द्वितीय स्थान पर आदित्य, शिवम एवम हर्ष रहे। भाषण प्रतियोगिता में देवांश को प्रथम एवं फरहान को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के साथ विभाग के सभी सदस्य जिसमे डॉ. सुशील, डॉ. अंजनी मिश्र, डा. निशा, प्रिंस एवं नितिन चौहान उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश उपाध्याय व कार्यक्रम का संचालन दीपांजलि गुप्ता ने किया

### प्रतियोगिता में ये रहे अव्वल

जौनपुर। पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी यादव ने प्रथम, अनुष्का प्रजापति ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रूपाली व उन्नति एवं द्वितीय स्थान पर सृष्टि रही। विज्ञापन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कौशीकी एवं नबा रहे एवं द्वितीय स्थान पर शिवम एवं आदित्य रहे। फ्लायर डिजाइन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विजयांश बैंकर एवं द्वितीय स्थान देवांश श्रीवास्तव को मिला।

# सुरक्षा को ताक पर रखकर हो रहा है नौका परिचालन




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शहर में सुरक्षा को ताक पर रखकर हो रहा है नौका परिचालन में जिसमें सुरक्षा मानक का पालन होना चाहिए. वह यहां नहीं हो पा रहा है. जिस कारण बढ़ी हुई गोमती नदी में लोग अपनी जान हथेली पर रख नौका विहार के साथ सेल्फी व रील बनाने का लुफ्त उठा रहे है। आए दिन नौका दुर्घटना के बड़े- बड़े हादसे लगातार हो रहे हैं। वहीं नगर में बिना सेफ्टी जैकेट पहने हुए उफनती गोमती में ओवरलोड नाव पर जान जोखिम में डालकर लोग नदी में सैर करते हैं।




जबकि एक कारगर कदम ऐसी घटना पर विराम लगाने के लिए काफी है। लेकिन इनके रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। हैरत की बात तो यह है कि इस ओर स्थानीय प्रशासनिक एवं पुलिस अफसरों का ध्यान नहीं है।

# धान की रोपाई करने आए मजदूर की मौत



**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

अदलहाट के कमालपुर गांव में धान की रोपाई करने आए मजदूर की शनिवार की देर रात छत से गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के भगहा थाना क्षेत्र के पुवर हाउस निवासी प्रह्लाद (50) गांव के ही अमिता, मैनेजर साहनी, बृजेश, संदीप व पप्पू के साथ 22 जुलाई को अदलहाट थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में धान की रोपाई करने आया था। शनिवार को धान की रोपाई के बाद किसान राम अवतार की छत पर सभी सोए थे। छत पर चहारदीवारी नहीं थी। देर रात 10 बजे प्रह्लाद छत से नीचे गिर गया। उसके साथी उसे पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उसके साथियों ने पुलिस और परिवार के लोगों को सूचित किया। थानाध्यक्ष अदलहाट अमित मिश्रा ने बताया कि छत से गिरकर मजदूर की मौत हो गई है।

# जौनपुर जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जेसीआई युवा द्वारा अध्यक्ष अवनीश केशरवानी की अध्यक्षता में महिला जिला अस्पताल में शिशु स्तन पान कक्ष का शुभारम्भ महिला जिला अस्पताल किया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धार्थ भटनागर, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष गौरव अरोड़ा, एवं विशिष्ट अतिथि चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेंद्र गुप्ता व डॉ आशीष यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात नगर के होटल में जौनपुर एवं शाहगंज के सभी जेसी सदस्यों की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धार्थ भटनागर ने जेसीआई जौनपुर युवा द्वारा की गए कार्यों की सराहना की और बताया जेसीआइ युवाओं की सबसे बड़ी संस्था है और जिससे जुड़ कर हर व्यक्ति अपना व्यक्तित्व विकास कर सकता है और जूनियर जेसी जिसकी उम्र 13 से 18 वर्ष, जेसी सदस्य 18 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष के ऊपर जेसीआई एल्युमिनाई क्लब से जुड़ कर जेसीआई का लाभ ले सकता है, मंडल अध्यक्ष गौरव अरोड़ा ने युवा द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं अपने उद्बोधन में बताया कि अभी तक युवा ने बहुत अच्छा कार्य किया और विश्वास दिखाया कि आने वाले इस कार्यकम में और बेहतर कार्य करेगा। उक्त अवसर पर जेसीआई द्वारा जरूरतमंद बच्चों को पढ़ने के लिए युवा द्वारा इस आधिकारिक यात्रा में सबसे ज्यादा योगदान दिया गया, जिसमें जेसी शिवेंद्र गुप्ता एवं मंडल निदेशक गौरव सेठ ने सेनेटर एवं अध्यक्ष अवनीश केशरवानी, स्वतंत्र मौर्य, शुभम साहू ने एच जी एफ के रूप अपना योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक सेठ, मंडल उपाध्यक्ष सोनम चतुर्वेदी, राष्ट्रीय समन्वयक अविनाश जायसवाल, संस्थापक अध्यक्ष एवं मंडल अधिकारी आकाश केशरवानी, मंडल अधिकारी मीरा अग्रहरि गुलाम साबिर, डॉ संदीप पाण्डेय सहित सचिव राहुल प्रजापति, कोषाध्यक्ष, मोहित श्रीवास्तव, सर्वेश सिंह, आर्किटेक्ट प्रभात भाटिया, अमन साहू, श्रेयश जायसवाल, जूही वर्मा, रश्मि केशरवानी, शुभम साहू सहित जौनपुर एवं शाहगंज के तमाम जेसी सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन हर्षित केशरी द्वारा किया गया।

# खाने के बदले निकालते गरीबों का रक्त

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

सोमवार को पुलिस ने मजदूरों और नशेड़ियों के खून का सौदा करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आईएमए ब्लड बैंक के दो सफाई कर्मचारी अपने दो साथियों की मदद से खून बेच रहे थे। कोतवाली पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी ने बताया कि काफी समय से आईएमए ब्लड बैंक के बाहर खून बेचने वाला गिरोह सक्रिय था। खून की जरूरत वाले मरीजों के तीमारदारों को डोनर नहीं मिलने पर आईएमए ब्लड बैंक के सफाई कर्मचारी अभय और विनीत उनको फुसला लेते थे। फिर अपने साथी आजमनगर के तड़ीखाना निवासी प्रेमनाथ और प्रेमनगर के इंद्रानगर निवासी धीरेंद्र शर्मा से संपर्क करा देते थे। इसके बाद जब सौदेबाजी तय हो जाती थी तो प्रेमनाथ और धीरेंद्र नशेड़ी, लाचार और गरीब लोगों को बुलाकर उनका खून निकलवा देते थे। खून देने वाले को बदले में खाने-पीने की चीजें और मामूली रकम देते थे। बाकी जो रुपये बचते थे उसको चारों आपस में बांट लेते थे। पता चला है कि तीमारदार की हैसियत के हिसाब से यह लोग आठ से 10 हजार रुपये तक में खून बेच देते थे। एसपी सिटी ने बताया कि आईएमए प्रबंधन की ओर से भी इस तरह की गोपनीय सूचना दी गई थी। इसमें कोतवाली पुलिस ने मुखबिरों को लगाकर सोमवार तड़के दबिश दी। तब ब्लड बैंक के बाहर से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कैंट के लाल फाटक निवासी अभय और विनीत रैकेट चला रहे थे। आईएमए ब्लड बैंक में आने वाले नशेड़ियों के खून की जांच भी दोनों कर्मचारी प्रभावित करते थे। पुलिस इनके सिंडिकेट की जानकारी जुटा रही है। अन्य नाम सामने आने पर गिरफ्तारी की जाएगी।

### आरोपियों के नेटवर्क का पता करेगी पुलिस: एसपी सिटी

चारों आरोपियों के मोबाइल की पुलिस जांच कर रही है। इन्होंने कितने लोगों का खून निकलवाया, यह खून किन मरीजों के तीमारदारों ने लिया। इन आरोपियों के नेटवर्क में और कितने लोग हैं, जैसे सवालों का कोतवाली पुलिस विवेचना में जवाब तलाश करेगी। अन्य लोगों के नाम जुड़ेंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**मानुष पारीक, एसपी सिटी**

### मुंहमांगी कीमत पर तय होता था खून का सौदा

गंभीर मरीजों के तीमारदार किसी कीमत पर अपने मरीज के लिए डोनर ढूंढते हैं। ऐसे तीमारदारों को विनीत और अभय भांप जाते थे। दोनों लोग तीमारदार की मजबूरी का फायदा उठाकर प्रेमनाथ और धीरेंद्र के पास भेज देते थे। इसके बाद प्रेमनाथ और धीरेंद्र मुंहमांगी कीमत लेकर बीमार और लाचार डोनर उपलब्ध कराते थे। पिछले साल ब्लड बैंक में दिहाड़ी मजदूरों के खून की सौदेबाजी करने वाला युवक पकड़ा गया था। उसने बताया था कि खून के बदले मजदूरों को दो हजार रुपये दिए जाते थे।

### नहीं चला ठेले और कोरियर का काम तो करने लगे खून का धंधा

एसपी सिटी ने बताया कि हाईस्कूल फेल प्रेमनाथ आईएमए के बाहरी हिस्से में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन दफ्तर के सामने जूस का ठेला लगाता है। प्रेमनाथ की पहचान ब्लड बैंक कर्मचारी अभय और विनीत से हो गई।

दोनों ने खून के धंधे में होने वाले फायदे के बारे में बताया तो प्रेमनाथ गरीब, लाचार लोगों का खून निकलवाने लगा। वहीं, धीरेंद्र शर्मा बीए पास है, वह कोरियर का काम करता था।

उसकी भी नजदीकी विनीत और अभय से हो गई। उसे भी अभय और विनीत ने खून बेचकर मुनाफा कमाने के बारे में बताया। धीरेंद्र भी गरीब, नशेड़ियों को लाकर उनका खून निकलवाता था और महंगे दामों पर सौदा तय करता था।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होगी जेईई व नीट की तैयारी

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** आश्रम पद्धति जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय परसिया को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। प्रदेश में चार ऐसे विद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। इसमें से एक मिर्जापुर का परसिया भी है। इस सेंटर में 40 बच्चों को जेईई व नीट की परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। इसमें 20 बच्चे जेईई के तथा 20 बच्चे नीट के लिए चयनित हुए हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत इन बच्चों का चयन किया गया है।

# नौ साल बाद दिखा गंगा का रौद्र रूप, बाढ़ से 254 गांव प्रभावित

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर**

नौ साल बाद गंगा का ऐसा रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। सितंबर 2016 में इस तरह की बाढ़ आई थी। 254 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। 14716.6 हेक्टेयर फसलें जलमग्न हो चुकी है। शाम छह बजे तक जलस्तर में वृद्धि हो रही थी। अभी भी 0.50 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पानी बढ़ कर जलस्तर 78.450 मीटर तक पहुंच गया है। इससे पहले सितंबर 2016 में जलस्तर 78.550 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। बाढ़ का पानी अब विंध्याचल-कंतित मार्ग वाराणसी बस स्टैंड तक पहुंच गया है। मिर्जापुर-भटौली मार्ग पर पानी आने से रास्ता बंद हो गया है। छानबे क्षेत्र में बाढ़ से घिरे गांवों में छत पर लोग गुजर वसर कर रहे हैं।



### कई गांवों के संपर्क बाजार व अस्पताल से टूटे

कोन क्षेत्र के हरसिंहपुर, मल्लेपुर के बाद अब अनिरुद्धपुर पूरब पट्टी, पश्चिम पट्टी, हुसैनीपुर के कई घरों में पानी घुस गया है। जिगना में अकोढ़ी बबुरा संपर्क मार्ग, भटेवरा विजयपुर मार्ग, गैपुरा लालगंज मार्ग, भारतगंज विजयपुर मार्ग, अरगीसरपत्ती महुआरी मार्ग, बिरोही बघरातिवारी मार्ग, महडौरा दलित बस्ती जंगीरोड संपर्क मार्ग बंद होने से कई गांव का संपर्क अस्पताल, बाजार, स्कूल से टूट गया है।

### बढ़ी परेशानियां

विजयपुर ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए लोगों को मांडारोड लालगंज होकर जाना पड़ रहा है। सीखड़ में हासीपुर, गौरैया, घमही, रामगढ़, धन्नुपुर, पसियाही, विदापुर, पिपराही, खैरा, फुलहा, प्रेमापुरा, छितकपूर,भगीरथपुर आदि मार्ग पर पानी भरने से संपर्क टूट गया है। चुनार विधायक अनुराग सिंह ने बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। नरायनपुर, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने बघेड़ा और बघेड़ी गांव का दौरा किया। किसानों से बातचीत कर नुकसान हुए सब्जी और फसलों की जानकारी ली।

### फसलें भी जलमग्न

चुनार में बाढ़ के चलते जरगों नदी के किनारे स्थित सब्जी की राजधानी कही जाने वाली नरायनपुर ब्लाक का कजिया गांव प्रभावित हो गया है। नगर पालिका क्षेत्र के भरपुर, लालदरवाजा मोहल्ले के किसान भारी मात्रा में सब्जी की खेती करते हैं। इससे उनके परिवार की आजीविका चलती है। स्थानीय मंडी सहित दूर दराज के मंडियों में भी यहां की सब्जी खरीदार ले जाते हैं। प्रभावित किसान बलिराम कुशवाहा, रबीन्द्र वर्मा, मोहन वर्मा आदि ने बताया कि बाढ से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। बाढ का पानी नरायनपुर ब्लाक के कजिया गांव सहित कामापुर, उसमानपुर, फुलवरिया, खैरूददीनपुर व नगर क्षेत्र में नागरपुर, भरपुर व सेटेलमेंट एरिया तक पहुंच गया है।

### डीएम ने बाढ़ व आपदा नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित बाढ़/आपदा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां प्राप्त शिकायतों के रजिस्टर का अवलोकन किया। उपस्थित कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर फोन रिसीव करने व सही जवाब देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष में रात में भी कर्मचारी सक्रिय व क्रियाशील रहें, लापरवाही पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ से जुड़े समस्याओं से संबंधित टोल फ्री नंबर 1077 पर अथवा 05442-256357 सूचना दें। जिला प्रशासन द्वारा तत्काल मदद या राहत उपलब्ध कराई जाएगी।

### जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

जिला प्रशासन ने बाढ़ की सूचना व राहत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम 24ङ्ग7 पहले से क्रियाशील है। सभी से कहा गया है कि वे अतिवर्षा की वजह से जलभराव वाले गांवों, स्थानों और बढ़े जलस्तर वाले क्षेत्रों में यदि किसी प्रकार समस्या हो तो सूचना कंट्रोल रूम के जारी दूरभाष नंबरों पर बता सकतें है।

# हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता दिवस के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने कहा कि स्वतंत्रता के अमृत काल में स्वतंत्रता दिवस दिनांक 15.08.2025 को सम्पूर्ण जनपद में ÷हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान÷ थीम के अन्तर्गत उत्सव के रूप मनाया जायेगा। उन्होनें कहा कि हर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा हैं। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रथम चरण (2 से 8 अगस्त 2025) में स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। स्कूल-कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही सैनिकों और पुलिस कर्मियों को आभार पत्र लिखकर डाक से राखियां भेजी जाएंगी। इसी प्रकार द्वितीय चरण (9 से 12 अगस्त 2025) में तिरंगा महोत्सव के रूप में आयोजन किया जाएगा। इसमें 11 अगस्त को ब्लाक व जनपद स्तर पर वृहद तिरंगा मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें समूह की महिलायें भी प्रतिभाग करेगी। इसी कड़ी में तृतीय चरण (13 से 15 अगस्त 2025) में सभी सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटल, कार्यालय, कोल्ड स्टोरेज, व्यावसायिक प्रतिष्ठान ,पेट्रोल पम्प, बैंक आदि स्थानों पर तिरंगा लाइटिंग व ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसी चरण में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी अपने अधीनस्थों के माध्यमों से ग्राम पंचायत/नगर निकाय स्तर पर प्रभात रैली, ध्वजारोहण, व अच्छी लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें। विद्यालयों व सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण के पश्चात ध्वज को सम्मानपूर्वक सुरक्षित रखा जाये। कहा कि विद्यालयों पर ध्वज के साथ संवेदनहीनता पायी गई तो संबंधित क्षेत्रीय लेखपाल व शिक्षक एवं संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। हर घर पर तिरंगा 10 अगस्त से दिखाई देना चाहिए। सरकारी भवनों में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। गो-आश्रय स्थलों पर साफ-सफाई के साथ ही ध्वजारोहण व अच्छी सजावट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कहा कि जिस क्षेत्र में महापुरूष की मूर्ति स्थापित हैं, वहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था पूर्ण होनी चाहिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, परियोजना निदेशक डीआरडीए रामऔतार, जॉइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी सदर/ सुश्री वैशाली आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे षिवालय, प्रषासन ने की पुष्प वर्षा

- लोधेष्वर, कुन्तेष्वर औसानेष्वर, कोटेष्वर और बूढ़ेष्वर षिव मंदिरों में लाखो भक्तों ने चढ़ाया जल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी





सावन के आखिरी सोमवार को जनपद के सभी षिव मंदिरो पर जलाभिषेक के लिए कतार लगी हुई है। रामनगर स्थित लोधेष्वर महादेव मंदिर में लाखो भक्तों ने जलाभिषेक किया तो उसके साथ में ही औसानेष्वर मंदिर, सिद्धेष्वर मंदिर, कोटेष्वर मंदिर, जागेष्वर मंदिर, कुन्तेष्वर मंदिर, बूढ़ेष्वर मंदिर आदि स्थानों पर भी हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया और भगवान भोलेनाथ से अपनी मनोकामना पूरी होने की अरदास भी लगायी। षिव मंदिरो पर कोई अनहोनी न हो इसके लिए जिला प्रषासन पूरी तरह से सतर्क रहा। वहीं एडीएम और एएसपी ने षिव भक्तों पर पुष्प वर्षा करके हौसला भी बढ़ाया। जानकारी के अनुसार, सावन के आखिरी सोमवार को लेकर जिला प्रषासन पहले से ही सतर्क था। रात 12 बजने के बाद से ही हजारो की संख्या में षिव भक्तों ने लोधेष्वर महादेव मंदिर औसानेष्वर महादेव मंदिर में जैसे ही कपाट खुले षिव भक्तों ने बम भोले के जयकारों के साथ में जलाभिषेक शुरु किया। यह सिलसिला धीरे धीरे बढ़ता गया और देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं को सम्भालने के लिए पुलिस प्रषासन को काफी मषक्कत करनी पड़ी। विकास खण्ड सिद्धौर की ग्राम पंचायत लाखूपुर में गोमती माता नदी के किनारे स्थित कोटेष्वर धाम षिव मंदिर पर भी सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की लाइन लगी रही। जबकि विकास खण्ड बनीकोडर की ग्राम पंचायत बेलिया गजपतिपुर में स्थित जागेष्वर महादेव मंदिर में भी हजारो भक्तों ने जलाभिषेक किया। कहीं पर भी किसी भी मंदिर में कोई अप्रिय घटना नही घटी। भक्तों की देख रेख के लिए सुबह से ही जिलाधिकारी शषांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के अलावा अपर जिलाधिकारी और सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारी और थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों के षिव मंदिरो में ड्यूटी पर मुस्तैद थे। सिद्धौर संवाददाता अनुसार, श्रावण मास के चौथे सोमवार को कस्बा सिद्धौर की सड़के हर हर महादेव के उद्घोष से गुजायमान हो गई भोर पहर जैसे ही मंदिर के कपाट खुले श्रद्धालुओं ने बम बम महादेव के उद्घोष से परिसर को शिव मय बना दिया लोधेष्वर मंदिर एवं और औशानेष्वर मंदिर में विद्युत करंट हादसे को लेकर प्रशासन की सख्ती का आलम देखा गया थाना इंचार्ज आलोक मणि त्रिपाठी एवं चौकी इंचार्ज आर पी मिश्र काफी पुलिस बल के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे डायवर्जन के चलते रोड पर भीड़ इकठ्ठी नहीं होने दी नायब तहसीलदार सौरभ सिंह लेखपाल अभिषेक वर्मा विद्युत विभाग के जेई दयालचंद अपनी टीम के साथ व नगर पंचायत सिद्धौर के अधिषाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ मंदिर परिसर की बारीकी से निगरानी कर रहे थे इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत मंदिर समिति के सत्यनाम सिंह वर्मा गुड्डू तेज बक्स सिंह डॉ राजेंद्र वर्मा रामचंद्र वर्मा अखिलेश यादव महंत अनिल पुरी मंदिर परिसर व सीसीटीवी कैमरे पर कड़ी नजर रखे थे। सिरौलीगौसपुर, संवाद्दाता अनुसार, सावन माह के अंतिम सोमवार को शिव मन्दिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। भारी बारिश के बावजूद भक्तों की श्रद्धा कम नहीं हुई और वे भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने मंदिरों तक पहुंचे। कुतेष्वर महादेव मंदिर, जागेष्वर महादेव मंदिर के साथ-साथ कटका, भवानीगंज, सीहामऊ और कोटवाधाम आदि गांवों के शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने बेल पत्री, धतूरा, अक्षत और दूध से विधिवत पूजा-पाठ किया। विशेष रूप से कुंतेष्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही। प्रशासन ने यहां सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अन्य आवश्यक इंतजाम किए थे। मंदिर परिसर में विद्युत विभाग, राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल भी तैनात रहा। मसौली विद्युत उपखंड के अधिकारी विमलेश कुमार मौर्य, अवर अभियंता सिरौलीगौसपुर राज मौर्य ने मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लेखपाल महेंद्र जायसवाल, कोतवाली बदोसराय के कोतवाल संतोष कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद रहे।

# अब व्हाट्सअप पर चैट से पाएं वाहन रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस की जानकारी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



वाहन या ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने समेत अन्य कामों की जानकारी अब एआरटीओ कार्यालय के व्हाट्सअप नंबर पर चैट करते ही मिलेगी। इसके लिये परिवहन विभाग से नंबर जारी किया गया है। कार्यालय के निरीक्षण पर आये आरटीओ ने पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी दी।

एआरटीओ कार्यालय में किसी वाहन का रजिस्ट्रेशन कराना हो या ड्राइविंग लाइसेंस जारी कराना या फिर वाहन का री रजिस्ट्रेशन कराना, वाहन का प्रदूषण प्रमाण, एनओसी या वाहन संबंधी अन्य कार्य के लिये आवेदन कैसे करना है इसकी जानकारी व्हाट्सअप नंबर 8005441222 पर ली जा सकेगी। इस नंबर पर अपने मोबाइल से विभाग के संबंधित को चैट करना है। ड्राइविंग लाइसेंस जारी कराने के लिये क्या डाक्यूमेंट लगायें जैसी जानकारी व्हाट्सअप पर चैट करते ही तत्काल मिलेगी।

शनिवार को एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करने आये आरटीओ कानपुर परिक्षेत्र राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि यह नंबर 24 घंटे काम करता है। कहीं से कभी भी इस नंबर पर कोई व्यक्ति चैट कर जानकारी ले सकता है। इससे जानकारी लेने के बाद संबंधित व्यक्ति को अपने मोबाइल से या किसी कैफे पर पहुंच कर आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद संबंधित कार्य विभाग से समय पर कर दिया जायेगा। अभी तक लोगों को वाहन संबंधी या अन्य एआरटीओ कार्यालय से काम कराने पर इधर उधर जानकारी लेनी पड़ती थी या उनको दलालों का सहारा लेना पड़ता था। इसी को देखते हुए विभाग ने व्हाट्सअप नंबर जारी किया है। इस नंबर पर चैट करने के बाद किसी व्यक्ति को एआरटीओ कार्यालय से काम कराने के लिये इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। आरटीओ ने इसके बाद कार्यालय का निरीक्षण किया। सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। इस दौरान तीन कर्मचारी अवकाश पर मिले। एआरटीओ से जानकारी ली तो बताया गया कि यह कर्मचारी एप्लीकेशन देकर गये हैं। इसी तरह उन्होंने राजस्व वसूली समेत अन्य कार्यों की प्रगति देखी। इस मौके पर एआरटीओ इज्या तिवारी, पथकर अधिकारी सुनीता सैनी मौजूद रहीं।

# राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष तरुण विजय ने देखी इत्र और कन्नौज की विरासत

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं राज्यसभा के पूर्व सांसद तरुण विजय ने आज ऐतिहासिक नगर कन्नौज का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर के प्रमुख ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों–राजा जयचंद किला, 52 खंबा मजार, हाजी शरीफ दरगाह, तथा कन्नौज राज्य पुरातात्त्विक संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने इन स्थलों की ऐतिहासिक महत्ता, उनके संरक्षण की आवश्यकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की संभावनाओं पर विशेष रूप से बल दिया। श्री विजय ने कन्नौज की प्राचीन एवं विशिष्ट इत्र परंपरा, जो सदियों पुरानी स्वदेशी तकनीकों पर आधारित है, का भी समीप से अनुभव किया।

उन्होंने स्थानीय इत्र निर्माण इकाई नेचर एसेंस परफ्यूमर का भ्रमण कर परंपरागत इत्र शिल्पकारों एवं इतिहासकारों से संवाद किया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे इनमे प्रवीण टंडन, कन्नौज के जाने माने व्यावसायी, इत्र व्यवसायिक एसोसिएशन के रिप्रेजेंटेटिव, महेंद्र प्रताप सिंह, समन्वयक एवं जिला दिव्यांग सुरक्षा अधिकारी, वेद प्रकाश मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नमन दुआ, उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधि एवं सीएम टूरिज़्म फेलो इन सभी ने भ्रमण कार्यक्रम के सफल संचालन में समर्पित सहयोग एवं समन्वय प्रदान किया।

यह भ्रमण न केवल कन्नौज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, बल्कि इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में भी देखा जा रहा है।

# रंगदारी मांगने व लूट की घटना कारित करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा रंगदारी मांगने व लूट की घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वादी सुरेन्द्र कुमार पुत्र राम नरेश निवासी पीताम्बर नगर थाना कोतवाली सदर द्वारा थाना कोतवाली सदर पर तहरीरी सूचना दी गई कि नामित आरोपी जय सिंह, सचिन मिश्रा और योगेन्द्र गौतम द्वारा प्रार्थी के साथ जालसाजी व धोखाधड़ी करते हुए 50 हजार रूपए हड़प लेने तथा अवैध तमंचा लगाकर 5 लाख रू0 की रंगदारी मांगने तथा प्रार्थी की जेब में पडे 40 हजार रूपए छीन लिये। जिसकें सन्दर्भ में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 677/2025 धारा 318(4)/ 316(2)/ 308(2)/308(5)/ 309(4)/ 351(3) बीएनएस बनाम सचिन मिश्रा पुत्र गार्गी शंकर, जयसिंह पुत्र मुन्नूलाल और योगेन्द्र गौतम पुत्र अज्ञात नि0गण अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया। आज 4 अगस्त को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर अवनीश कुमार सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त जयसिंह को पीताम्बर नगर से गिरफ्तार किया गया बरामगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी तथा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम...

- प्र0नि0 श्री अवनीश कुमार सिंह
- उ0नि0 इन्द्रदेव उपाध्याय चौकी प्रभारी किला
- हे0का0 संजीव कुमार
- का0 अमित चौधरी
- का0 राजवीर सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास...

- मु0अ0सं0 2732/14 धारा 147/148/149/324/504/506 भादवि व 3(1)द,ध एससी एसटी एक्ट थाना कोतवाली
- मु0अ0सं0 175/16 धारा 387/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 387/16 धारा 427/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 722/16 धारा 323/504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 282/17 धारा 385/499/504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 509/18 धारा 323/504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 564/18 धारा 387/323/504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 836/24 धारा 351(3) बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 890/24 धारा 115(2)/191(2)/324(4)/351(3)/352/356(3) बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 21/24 धारा 323/427/504/506 भादवि थाना बारासगवर उन्नाव
- मु0अ0सं0 179/25 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 635/25 धारा 126(2)/308(2)/351(3)/352 बीएनएस व 3(1)द,ध स्/स्ह्ल ष्ह्ल थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 413/17 धारा 384/389/406/420/504/506 भादवि थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0स0 148/16 धारा 323/504/506/406 भादवि थाना मौरावां जनपद उन्नाव

### बरामदगी का विवरण...

6470/- रुपये बरामद

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम और पता...

जयसिंह पुत्र मन्नू लाल नि0 22 पीताम्बर नगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र करीब 35 वर्ष

# अधिकांश वार्डो में उचित जल की निकासी न होने के कारण भीषण जल भराव

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



शुक्लागंज नगर पालिका परिषद गंगाघाट के वार्ड संख्या 2 मोहल्ला आदर्श नगर जिसकी सभासद उर्मिला गौतम है तस्वीर ये बताने के लिये पर्याप्त है की नगर पालिका परिषद गंगाघाट के वार्डों की जनता किन हालातो में गृहकर जमा कर जीवन यापन कर रही है नाला सफाई नाली सफाई बरसात के पूर्व की तैयारी कितनी जबरदस्त है वहीं वार्ड नंबर चार में नरेश ट्रेडर्स के पीछे भी जिम्मेदारों की अनदेखी से क्षेत्रीय लोग समस्याओं से जूझ रहे है। भारी बारिश की दस्तक दी और बारिश ने कई गलियों मोहल्ले में जल भराव कर नगर गंगाघाट के विकास और साफ सफाई के दो वर्षों के कार्यकाल की पोल खोल दी है जहाँ एक ओर कभी नगर पालिका साफ सफाई में दो बार अवार्ड विनर रह चुकी है वही दूसरी ओर कई भ्रष्टाचार के मामलो में लिप्त जिम्मेदार सिर्फ खाओ कमाओ की नीति पर काम कर रहे है नगर पालिका परिषद गंगाघाट में सफाई नायकों के परिवार उन्हीं के साथ काम कर उठा रहे वेतन और काम के नाम पर कर रहे खाना पुर्ती नगर पालिका में हर कर्मचारी का लगभग पूरा परिवार सरकारी वेतन उठा रहा है और नौकरी पर लगा हुआ है अन्य बेरोजगारों के लिए नहीं निकलती नौकरी के हेतु जगह। आपस में ही सभी सफाई नायक कर्मचारी कर लेते हैं बंदर बाट कई कर्मचारी तो घर बैठे ही उठा रहे हैं वर्षों से वेतन सभी अधिकारी मौन उसी का नतीजा वार्डों की गंदगी नाली जाम और बारिश में जल भराव है।

# सतीष ने किया शोरुम का उद्घाटन



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिद्धौर।** प्रदेश के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने सोमवार को असंद्रा बाजार में इलेक्ट्रिक बाइक के शोरूम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम से ही सफलता मिलती है। उन्होंने पार्टी के निवर्तमान मंडल उपाध्यक्ष शशांक चौरसिया को इस नवीन शोरूम खोलने पर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, राजकुमार सिंह, कौशलेंद्र शुक्ल, मुनेष्वर दत्त मिश्र, त्रिभुवन वर्मा, अशोक यादव, राजकुमार वर्मा, अकील जैदी, अनिल जयसवाल, पप्पू प्रधान, जितेंद्र चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# जिले में बिना लाइसेंस कोई भी संचालित नहीं करेगा ड्रोन

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में ड्रोन संचालन से संबंधित विषयों पर प्रेस प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करते हुये कहा है कि वर्तमान समय में ड्रोन तकनीक का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में जैसे विवाह आयोजनों, कृषि कार्यों, भूमि सर्वेक्षण एवं निगरानी कार्यों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि ड्रोन संचालन एक तकनीकी प्रक्रिया है, जिसे सुनियोजित प्रणाली के अंतर्गत ही संचालित किया जाना आवश्यक है। अब ड्रोन का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा। बिना पंजीयन के कोई भी यक्ति ड्रोन संचालित नहीं कर सकेगा। ड्रोन संचालन के लिए संबंधित संचालक को आईसीसीएमआरटी संस्था लखनऊ, प्रयागराज और गुरुग्राम से प्रशिक्षण लेकर लाइसेंस प्राप्त करना होगा। बिना लाइसेंस के कोई भी व्यक्ति ड्रोन संचालित नहीं कर सकेगा है।

डीएम ने कहा कि ड्रोन से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने पर विधिक कार्रवाई की जा सकती है। जनहित, सुरक्षा और गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए ड्रोन संचालन को नियमबद्ध बनाना आवश्यक है। प्रशासन का उद्देश्य ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहित करना है, लेकिन यह कार्य नियमानुसार ही किया जाना चाहिए। जनपद में मौजूदा ड्रोन की गणना करायी जा रही है, इसके साथ ही राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की 06 महिलाओं को भी नमो ड्रोन दीदी के रुप में ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षण हेतु प्रस्ताव भेज दिया गया है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने भी ड्रोन संचालन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि जिले में व्यापक स्तर पर ड्रोन संचालन को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रोन संचालकों को अपने ड्रोन से संबंधित समस्त जानकारी, जैसे पंजीकरण संख्या, उद्देश्य, तिथि एवं संचालन स्थल आदि सूचना स्थानीय थाना स्तर पर उपलब्ध करानी होगी। यदि कोई व्यक्ति बिना रिकॉर्ड या अनुमति के ड्रोन संचालन करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 आशीष कुमार सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, जिला कृषि अधिकारी सन्त लाल गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी आलोक कुमार यादव सहित प्रेस प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन की 146 वी निशुल्क भोजन वितरण किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

उन्नाव भारी बारिश के बीच भी फाउंडेशन के सेवकों ने जरूरतमंदों को बांटा खाना, मिष्ठान व जल, सावन के चौथे सोमवार पर संस्था द्वारा यह 146 वा भोजन वितरण किया गया, तीन वर्षो से निरंतर फाउंडेशन द्वारा जनपद उन्नाव में निशुल्क भोजन वितरण सेवा कर रहा है, इसी के साथ संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष चेतन मिश्रा ने व उनकी टीम और उनसे जुड़े सम्मानित सहयोगी जनों ने जनपद उन्नाव में मिशन अन्नपूर्णा रसोई निर्माण शुरू कर दिया है जिसके लिए वह सभी वर्गों से सहयोग एकत्रित कर यह पुनीत कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं, बता दें संस्था के संकल्प के अनुसार बनने वाली अन्नपूर्णा रसोई में प्रतिदिन जरूरतमंदों को मात्र एक रुपए में भरपेट भोजन देने का कार्य करेगी संस्था ,इसके साथ दो सौ से अधिक जरूरतमंद रोजाना कर सकेंगे इस रसोई के माध्यम से भरपेट भोजन, अभी फिलहाल संस्था साप्ताहिक भोजन वितरण करती आई है, संस्था का कहना है।

दस लाख से अधिक धन की लगात से बनने वाली यह अन्नपूर्णा रसोई के निर्माण से प्रतिदिन दो सैकड़ा जरूरतमंदों को भरपेट भोजन मिल सकेगा और वह लोग अपनी भूख मिटा सकेंगे साथ ही बुजुर्ग लावारिश लोगों का सहारा भी फाउंडेशन परिवार बन सकेगा, इसके साथ इस रसोई में प्रतिमाह डेढ़ लाख का खर्च भी होगा जो राशन कारीगर लेबर इत्यादि का होगा। फिलहाल संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा देश प्रदेश से ऐसे दानवीरों की तलाश में हैं जो इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग कर सकें और इस अन्नपूर्णा रसोई निर्माण में अपनी सेवा रूपी भागीदारी भी शामिल कर सकते हैं इसके लिए उन्होंने संस्था का हेल्पलाइन नबर 7518759176 भी जारी किया है संस्था का उद्देश्य सभी जरूरतमंदों तक भोजन सेवा पहुंचाना और निराश्रित बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम निर्माण, मानसिक रोगियों हेतु अस्पताल निर्माण के साथ अन्य सामाजिक कार्यों के लिए प्रयासरत है, इसके लिए संस्था के अध्यक्ष ने समय समय पर ज्ञापन दे कर वृद्धाश्रम, नशा मुक्ति, गोशाला में जीवो के बेहतर संरक्षण जैसे बड़े मुद्दों पर संख्याबल के साथ कई जिलाधिकारियों से मांग भी की है। यह निवेदन करते हुए संस्था के पदाधिकारियों में चेतन मिश्रा, फौजी अजय द्विवेदी, फौजी संजय कुशवाहा, फौजी अंकित महेश्वरी, फौजी संजय सिंह, हरदेवेंद्र श्रीवास्तव, अवनीश राय, कुलदीप पांडे, अंबुज मिश्रा, प्रवीण वर्मा, दानिश, नीरज श्रीवास्तव,रवि वर्मा, अमित श्रीवास्तव, दैविक श्रीवास्तव के साथ महिला मोर्चा प्रभारी रेनू वर्मा, नीतू तिवारी, सरिता शुक्ला, आरती वर्मा, वैशाली शर्मा, कृति महेश्वरी आदि लोग शामिल रहें।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सम्बंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सोमवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तीन चरणों मे आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम में की जाने वाली तैयारियों के सम्बंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा का कार्यक्रम जनपद में उत्सव के रूप भव्यता के साथ मनाया जाए किसी भी स्तर पर लापरवाही ना हो सभी अधिकारी पहले से तैयारी कर लें। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के समस्त घरों कार्यालय संस्थाओं शैक्षिक संस्थानों पर प्रमुखता से तिरंगा फहराकर सफलतापूर्वक आयोजन किया जाए । कहा कि तिरंगे के साथ सेल्फी के लिए सेल्फी बूथ साथ ही प्रभात फेरी तिरंगा रैली बाइक और साइकिल रैलियों का आयोजन कराया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के ओवर आल प्रभारी परियोजना निदेशक होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर ब्लॉक तहसील नगर निकाय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि डीसीएनआर एल एम और उपायुक्त उद्योग द्वारा स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित व सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग विभाग के सहयोग से निर्मित उत्पादों स्थानीय उत्पादों तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं की बिक्री पर केंद्रित तिरंगा मेला का आयोजन किया किया जाएगा । जिलाधिकारी ने कहा कि तिरंगा प्रदर्शनी और आवश्यक जगह पर सेल्फी पॉइंट भी बनाए जाएंगे। कहा सभी कार्यालयों में सौंदर्य परक में तिरंगा लाइट लगाई जाए और सजाया जाए। महत्वपूर्ण जगहों पर सेल्फी बूथ बनाया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नुक्कड नाटक तिरंगा संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन कराया जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को लगाई फटकार

## कहा, सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते, आपको पता कैसे चला?

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा, आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। बता दें कि सेना पर टिप्पणी करने के इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



### राहुल गांधी को अदालत ने दी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एक जिले की अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक भी लगा दी। बता दें कि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। फिर राहुल गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित और दर्ज की गई थी।

### राहुल गांधी की ओर अभिषेक सिंघवी ने रखा तर्क

इस दौरान राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। अभिषेक सिंघवी ने कहा, अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते। पीठ की सच्चे भारतीय टिप्पणी पर अभिषेक सिंघवी ने जवाब दिया, यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है।

### 'राहुल गांधी के पास एक उचित मंच मौजूद था'

इसके बाद शीर्ष अदालत ने कहा, जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य है? इस पर अभिषेक सिंघवी ने कहा कि राहुल गांधी केवल उचित जानकारी देने और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष नेता होने के नाते, राहुल गांधी को ऐसा नहीं करना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद था। इस बात से सहमत होते हुए कि राहुल गांधी बेहतर तरीके से टिप्पणी कर सकते थे, अभिषेक सिंघवी ने कहा कि शिकायत याचिकाकर्ता को परेशान करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है। इस दौरान उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 का हवाला दिया और कहा कि अदालत की तरफ से किसी आपराधिक शिकायत का संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त की पूर्व सुनवाई अनिवार्य है, जो वर्तमान मामले में नहीं की गई।

### शिकायतकर्ता ने क्या लगाया था आरोप?

बता दें कि शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक अदालत में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि दिसंबर 2022 की यात्रा के दौरान, गांधी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं। इसके बाद निचली अदालत ने मुकदमे का सामना करने के लिए राहुल गांधी को आरोपी के रूप में समन किया। राहुल गांधी के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने तर्क दिया था कि शिकायत को पढ़ने से ही आरोप मनगढ़ंत प्रतीत होते हैं। यह भी तर्क दिया गया कि राहुल गांधी लखनऊ के निवासी नहीं हैं, इसलिए उन्हें इस शिकायत पर तलब करने से पहले अधीनस्थ न्यायालय को आरोपों की सत्यता की जांच करनी चाहिए थी और उन्हें तभी तलब किया जाना चाहिए था जब आरोप प्रथम दृष्टया सुनवाई के लिए उपयुक्त पाए जाते।

# पुष्कर शर्मा की तूफानी सेंचुरी से रुआरका को बड़ी जीत

## अब निगाहें वर्ल्ड कप क्वालिफ़ायर जर्सी टूर पर

**जन एक्सप्रेस। नैरोबी**

एनपीसीए लीग 2025 में रुआरका क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नैरोबी जिमखाना को 71 रनों से पराजित किया। इस जीत के साथ रुआरका लीग तालिका में दूसरे स्थान पर पहुँच गई है और अब सभी की निगाहें आगामी वर्ल्ड कप क्वालिफ़ायर जर्सी टूर पर टिकी हैं, जिसके लिए खिलाड़ियों का चयन इसी लीग के प्रदर्शन के आधार पर होगा। जर्सी टूर, जो कि 21 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक न्यू जर्सी, अमेरिका में खेला जाएगा, वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफ़ायर के रूप में एक बेहद अहम टूर्नामेंट है। खिलाड़ियों के चयन में इस लीग के प्रदर्शन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इस अहम मैच में पुष्कर शर्मा पूरी तरह छाए रहे। उन्होंने केवल 75 गेंदों में 108 रन बनाकर ना सिर्फ अपनी टीम को मज़बूत शुरुआत दी, बल्कि चयनकर्ताओं का ध्यान भी



अपनी ओर खींचा। उनकी पारी में 17 चौके और 1 छक्का शामिल था। सत्यालक्ष जैन ने भी बेहतरीन 64 रन बनाए और पुष्कर के साथ मिलकर टीम को 301 रनों के विशाल स्कोर तक पहुँचाया। जवाब में नैरोबी जिमखाना की टीम 230 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। युवराज भाटियानी ने 47 रन बनाए, लेकिन रुआरका के गेंदबाज़ों ने कसी हुई गेंदबाज़ी की। नितीश हिरानी ने 4 और नीलाकाश तांबे ने 2 विकेट चटकाए। वहीं कृषिल पटेल ने जिमखाना के लिए 4 विकेट लिए, लेकिन उनकी कोशिशें रुआरका की बल्लेबाज़ी के सामने फीकी रहीं।

### मैच की शुरुआत अच्छे फ्लो में हो

मैच के बाद पुष्कर शर्मा ने कहा, फाइनली कंट्रीब्यूशन रन्स टीम के लिए देना हमेशा से अच्छी बात है। हर टीम चाहती है कि मैच की शुरुआत अच्छे फ्लो में हो और आज मैं उसमें कामयाब रहा। भगवान का धन्यवाद, उन्हीं के आशीर्वाद से आगे बढ़ रहा हूँ। इस शानदार जीत के साथ रुआरका न केवल लीग में मजबूती से बना हुआ है, बल्कि उसके खिलाड़ी अब वर्ल्ड कप क्वालिफ़ायर में चयन के प्रबल दावेदार बन चुके हैं खासकर पुष्कर शर्मा, जिनका फॉर्म टीम के लिए सबसे बड़ी ताक़त बनता जा रहा है।

# गाजियाबाद के प्रताप विहार में मकान ढहा

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

गाजियाबाद के थाना विजयनगर इलाके के प्रताप विहार एच-ब्लॉक में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मकान का लेंटर गिरने से पूरी इमारत जमींदोज हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे के वक्त मकान में कोई मौजूद नहीं था । किसी के हताहत की सूचना नहीं है। जनपद में हुई भारी बारिश के कारण एच-ब्लॉक में कई फीट पानी भर गया था। बारिश का पानी इमारत की नींव तक पहुंच गया, जिसके कारण मकान का स्ट्रक्चर कमजोर हो गया और अंततः यह ढह गया। निवासियों ने बताया कि प्रताप विहार में जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। हर मानसून में यह क्षेत्र जलमग्न हो जाता है, जिससे इमारतों की नींव और दीवारें धीरे-धीरे कमजोर हो रही हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के अधिकारियों से जलभराव की समस्या के समाधान के लिए शिकायत किया लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। निवासियों का



कहना है कि प्राधिकरण की उदासीनता के कारण यह समस्या लगातार बढ़ रही है। बारिश के मौसम में सड़कों और गलियों में पानी भरने से न केवल दैनिक जीवन प्रभावित होता है, बल्कि इमारतों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिसकर्मी आसपास के लोगों से पूछताछ कर रहे हैं ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी को उजागर किया है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और जर्जर इमारतों की जांच कर उनकी मरम्मत या पुनर्निर्माण किया जाए।

# रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर भड़के ट्रंप

## कहा, बाजार में बेचकर कमा रहा मुनाफा, लगाऊंगा भारी टैरिफ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को भारत पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत से अमेरिका में होने वाले आयात पर टैरिफ को वह बड़ी मात्रा में बढ़ाने वाले हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर उसे दूसरे देशों को बेच रहा है और इससे भारी मुनाफा कमा रहा है। ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने के साथ ही रूस से तेल एवं गैस खरीदने पर दंडात्मक जुर्माना लगाने की भी घोषणा की थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है।' इसके साथ ही ट्रंप ने कहा, भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारत से अमेरिका को दिए जाने वाले शुल्क को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद! ट्रंप ने कहा, मैं किसी तरह का दबाव नहीं, बल्कि निष्पक्षता चाहता हूं। हम जहां भी और जितना हो सके, पारस्परिक कर देखना चाहते हैं। कभी-कभी, यह उनके लिए बहुत ज़्यादा हो जाता है। यह एक बहुत बड़ी राशि होगी। और मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि इससे हमारा देश सैकड़ों अरब डॉलर कमाएगा। व्हाइट हाउस में आने के छह महीनों के भीतर ही ट्रंप ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को तबाह कर दिया और अमेरिका की आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर उन देशों को दंडित देना शुरू किया, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है।

### टैरिफ लगाने के फैसले का ट्रंप ने किया बचाव

इससे पहले ट्रंप ने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के अपने फैसले का बचाव किया था। मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा था कि हम कर्ज का भुगतान करेंगे। देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा। इससे पहले कर्ज का भुगतान करेंगे। हमें ये कई साल पहले कर देना चाहिए था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में चीन के साथ ये किया था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो सका।

### अप्रैल में किया था टैरिफ का एलान

2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है।

# भीषण हादसे में पांच कांवड़ियों की मौत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पटना भागलपुर में भीषण हादसे में पांच कांवरियों की मौत हो गई। वहीं चार कांवरियों की हालत गंभीर है। घटना शाहकुंड-सुल्तानगंज सड़क पर बेलथू के महतो स्थान के पास हुई है। बताया जा रहा है कि टेम्पो को ओवरटेक कर आगे बढ़ने के चक्कर में पिकअप वैन के चालक को बिजली का तार नहीं दिखा। पिकअप वैन बिजली के तार के संपर्क में आ गई। देखते ही देखते पूरी गाड़ी में करंट फैल गया। इस सवार यात्री फौरन 30 फिट नीचे पानी में कूद गए और गाड़ी भी इनके ऊपर गिर गए। हादसा इतना भीषण था कि पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

### आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जमकर बवाल किया

इधर, घटना के आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जमकर बवाल किया। लोगों ने शाहकुंड थाने के मेन गेट के बाद शवों को रख दिया और हंगामा करने लगे। उनका आरोप है कि सभी की मौत करंट लगने से हुई है। रविवार को देर रात 11 बजे बिजली के तार के संपर्क में आने से पांचों की मौत हो गई। इसके बाद पिकअप वैन 30 नीचे नदी में गिर गई। मरने वाले सभी शाहकुंड के रहने वालों थे। इनमें से पुरानी खेरही के तीन और कसवा खेरही गांव के दो लोग थे।

### गंगा स्नान के लिए सुल्तान गंज जा रहे थे सभी लोग

घायल अभिषेक कुमार ने बताया कि 10 लोग पिकअप वैन पर बैठकर गंगा स्नान के लिए सुल्तानगंज जा रहे थे। वहां से जल भरकर जेठौर नाथ मंदिर में पूजा करने वाले थे। महतो स्थान के यह हादसा हुआ। करंट से बचने के लिए मैं सभी लोगों के साथ नदी में कूद गया। इसमें पांच लोगों की जान चली गई। घटना के बाद से पिकअप वैन का चालक लापता है। पुलिस जेसीबी से उसकी तलाश कर रही है। इधर, पुलिस हंगामा कर रहे लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश में जुटी है। गुस्साए लोग मुआवजे की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# गुड़ मंडी के बंद करने की नीति का विरोध, निगम के खिलाफ शुरू हुई लामबंदी

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

गाजियाबाद की ऐतिहासिक गुड़ मंडी के आधुनिकरण के नाम पर नगर निगम गाजियाबाद के प्रयासों के खिलाफ प्राचीन गुड मंडी के व्यापारी अब लामबंद होने लगे हैं। मुद्दे को लेकर व्यापारी अब सड़कों पर उतर आए है। व्यापारियों के हितों के समर्थन में कांग्रेस के आने बाद यह मामला अब राजनीतिक तूल पकड़ने लगा है। गुड़ मंडी गाजियाबाद के प्राचीनतम मंडियों में से एक है । पिछले 70 वर्षों से शहर की आर्थिक और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा रही है । नगर निगम गाजियाबाद ने इस मंडी को अवैध करार देते हुए इसे तोड़कर वहां एक आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने का आदेश जारी किया है। इस निर्णय के विरोध में मंडी के व्यापारियों ने आज बाजार पूरी तरह बंद रखा, जिससे सैकड़ों दुकानें और व्यापार ठप रहे। यह बंद न केवल व्यापारियों की नाराजगी को दर्शाता है, बल्कि उनके भविष्य और आजीविका पर मंडरा रहे खतरे को भी उजागर करता है। गुड़ मंडी, गाजियाबाद के सबसे पुराने और व्यस्त व्यापारिक केंद्रों में से एक है, जहां अनाज, गुड़, और अन्य खाद्य सामग्री का थोक व्यापार होता है। यह मंडी न केवल स्थानीय व्यापारियों, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र रही है। नगर निगम के इस आदेश से करीब 500 से अधिक दुकानदारों और उनके परिवारों की आजीविका खतरे में पड़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी को अवैध बताना अन्यायपूर्ण है, क्योंकि यह दशकों से वैध रूप से संचालित हो रही है और इसके दस्तावेज भी मौजूद हैं। इस बंद को गाजियाबाद की पूर्व लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा ने भी समर्थन दिया। उन्होंने व्यापारियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए नगर निगम के इस फैसले को ÷जल्दबाजी और असंवेदनशील÷ करार दिया। डोली शर्मा ने कहा, ÷गुड़ मंडी गाजियाबाद की धरोहर है। इसे तोड़कर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाना व्यापारियों के साथ अन्याय है। सरकार को पहले दुकानदारों के पुनर्वास की योजना बनानी चाहिए।÷ उन्होंने प्रशासन से मांग की कि व्यापारियों को उचित मुआवजा और वैकल्पिक स्थान प्रदान किया जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। इस बंद से स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ा, क्योंकि मंडी बंद होने से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई।

# आरबीआई अगस्त एमपीसी में वित्त वर्ष 26 के लिए मुद्रास्फीति लक्ष्य कम कर सकता है, रिपोर्ट में किया गया दावा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आगामी अगस्त एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) की बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति के लक्ष्य को घटा सकता है। केयरएज रेटिंग्स की एक हालिया रिपोर्ट में यह कही गई है। भारतीय रिजर्व बैंक की एमपीसी की बैठक 4 अगस्त से 6 अगस्त 2025 के बीच हो रही है। इसमें लिए गए फैसलों का एलान 6 अगस्त को होगा। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 26 में औसतन 3.1 प्रतिशत के आसपास रह सकती है, जो आरबीआई के मौजूदा 3.7 प्रतिशत के अनुमान से काफी कम है। वित्त वर्ष 26 के कम आधार प्रभाव के कारण, वित्त वर्ष 27 में मुद्रास्फीति लगभग 4.5 प्रतिशत पर उच्च रहने की उम्मीद है।

# निरमंड के नोनू में भूस्खलन से मकानों और सेब बगीचों को नुकसान, राज्य में 310 सड़कें बाधित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के निरमंड खंड के तहत कुशवा पंचायत के 15/20 क्षेत्र के नोनू गांव में रविवार रात को भूस्खलन से तबाही हुई है। भूस्खलन की चपेट में आने से तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सूचना मिलते ही प्रशासन और राजस्व की टीम मौके के लिए रवाना हुई। तीन मकानों में चरणदास, सुरजीत और राजीव कुमार रह रहे थे। स्थानीय निवासी चरण दास का पूरा बगीचा भूस्खलन की चपेट में आ गया है। उनका शेड और शौचालय भी मलबे में समा गया है। मकान भी खतरे की जद में है। सुरजीत का मकान कभी भी ढह सकता है और राजीव कुमार के मकान के पास भूस्खलन होने से उनका घर खतरे की जद में है। बागवान राजीव कुमार के 3,540 फलदार सेब के पौधे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कुशवा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क कई जगह से बाधित हो गई है। इससे गांव का अन्य क्षेत्रों से संपर्क पूरी तरह कट गया है। भारी बारिश ने पड़ोह क्षेत्र के हाईवे के साथ बसे लोअर 9 मील में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। उफान पर आए जागर नाले में कारण 10ः00 बजे चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पूरी तरह से बंद हो गया। नाले से बड़े-बड़े पत्थर हाईवे पर आ गए जिससे हाईवे के नीचे बना पानी का कलवर्ट बंद हो गया। पानी का बहाव मुड़कर लोअर 9 मील की ओर हो गया। इससे लोअर 9 मील में 13 परिवारों ने पूरी रात डर के साए में काटी। हालांकि, एनएच को रात करीब 11:00 बजे के आसपास अस्थायी रूप से बहाल किया गया, जिसके बाद कुछ हद तक लोगों ने राहत की सांस ली। 9 मील निवासी सूरत राम ने बताया कि 2023 से ही इस नाले की ये स्थिति बनी हुई है। उन्होंने डीसी मंडी से अपील की है कि जागर नाले में मौजूद बड़े पत्थर को जल्द से जल्द तोड़ा जाए ताकि नाले का बहाव अवरुद्ध न हो। इसके साथ ही लोगों ने नाले पर बनी सड़क की पुलिया को पूरी तरह से साफ करने का अनुरोध किया है। स्थानीय सूरत राम व अन्य गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस संवेदनशील क्षेत्र में स्थायी समाधान किया जाए। प्राकृतिक आपदा के चलते प्रदेश में ठप हुईं जलापूर्ति योजनाओं में से 5,440 को जल शक्ति विभाग ने अस्थायी रूप से बहाल कर दिया है। कुल प्रभावित योजनाओं में से करीब 95 प्रतिशत बहाल हो गई हैं। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस कार्य के लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की है। आपदा के कारण जल शक्ति विभाग को करीब 580.30 करोड़ का नुकसान हुआ है। प्रदेश में कुल 10,067 जलापूर्ति योजनाएं संचालित हैं, जिनमें 3,210 लिफ्ट, 335 ट्यूबवेल और 6,522 ग्रेविटी आधारित योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं में से भारी वर्षा के चलते 5805 योजनाएं प्रभावित हुईं, परंतु विभाग ने युद्ध स्तर पर काम कर इनमें से 5,440 योजनाओं को चालू कर दिया है। जलापूर्ति योजनाओं के प्रभावित होने से विभाग को लगभग 434.47 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा 1293 सिंचाई योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिसकी अनुमानित क्षति 101.67 करोड़ रुपये है। राज्य में स्थापित 43 बाढ़ सुरक्षा कार्यों को 19.77 करोड़ रुपये, 83 सीवरेज योजनाओं को 23.55 करोड़ रुपये तथा 319 हैंडपंपों को 81.52 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कुल मिलाकर प्रदेश में 7543 योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिनकी कुल अनुमानित क्षति 580.30 करोड़ रुपये आंकी गई है।



### मनाली में शिक्षण संस्थान बंद, राज्य में 266 सड़कें बाधित

उधर, भारी बारिश के अलर्ट के कारण मनाली उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थानों को सोमवार को बंद रखा गया। क्षेत्र में लगातार जारी बारिश के चलते लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई है। राज्य में सोमवार शाम तक एक नेशनल हाईवे सहित 266 सड़कें बाधित रहीं। 41 बिजली ट्रांसफार्मर व 282 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक 155 सड़कें व 86 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं। चंबा में 49 व कांगड़ा जिले में 120 जल आपूर्ति योजनाएं भी ठप हैं।

### भरमौर-पठानकोट हाईवे पर परिहार के समीप दरकी पहाड़ी

भरमौर-पठानकोट हाईवे परिहार के समीप पहाड़ी दरकने से यातायात के लिए बंद पड़ गया। हाईवे पर भूस्खलन से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस कारण चंबा से पठानकोट, शिमला, कांगड़ा जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बाहरी जिलों, राज्यों से आने वाली बसों के पहिये भी थम गए। सूचना मिलने के बाद बनीखेत और चंबा की ओर से हाईवे प्रबंधन की मशीनरी मौके के लिए रवाना हुई। हाईवे प्रबंधन चंबा मंडल के अधिशासी अभियंता मीत कुमार ने बताया कि हाईवे बहाल कर दिया है।

### दो दिन कई भागों के लिए ऑरेंज अलर्ट, इतने दिन बरसेंगे बादल

हिमाचल प्रदेश में 4 से 8 अगस्त के दौरान बारिश की अधिक गतिविधि होने की संभावना है, जिसकी अधिकतम तीव्रता 4 अगस्त को होगी। बीते 24 घंटों के दौरान कसौली में 82.0, नयना देवी 62.6, जोगिंद्रनगर 60.0, ब्राह्मणी 49.2, मनाली 45.0, गुलेर 29.0, पंडोह 27.0, करसोग 26.2, सराहन 25.5, बीबीएमबी 24.0 व शिमला में 22.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 4 और 5 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर और 6 से 10 अगस्त तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। 4-5 अगस्त को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी व सिरमौर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 6 से 8 अगस्त तक येलो अलर्ट जारी हुआ है।

### मानसून में अब तक 1,990 कच्चे-पक्के घर क्षतिग्रस्त

प्रदेश में इस मानसून सीजन में 20 जून से 4 अगस्त तक 192 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 301 लोग घायल हुए हैं। 36 लोग अभी भी लापता हैं। इस दौरान 81 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़ से अब तक 1,990 कच्चे-पक्के घरों, दुकानों को क्षति हुई है। 1,524 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। 1,546 पालतु पशुओं की मौत हुई है। नुकसान का कुल आंकड़ा 1,75,363.84 लाख रुपये पहुंच गया है।

### चंडीगढ़-मनाली एनएच नौ मील में भूस्खलन से ढाई घंटे रहा बंद

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर मंडी-पंडोह मार्ग के 9 मील क्षेत्र में सोमवार सुबह फिर पहाड़ी से भारी मलबा और पत्थर गिर गए। भूस्खलन तड़के करीब 4ः00 बजे हुआ, जिससे सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई। हाईवे को करीब ढाई घंटे बाद सुबह 6ः30 बजे यातायात के लिए खोला गया। इसके बाद हाईवे फिर लगभग 9ः00 बजे बंद हुआ और लगभग एक घंटे के बाद खुला। इस दौरान कुल्लू अस्पताल से चंडीगढ़ पीजीआई जा रही एक एंबुलेंस भी फंस गई। वहीं मलबे में एक वाहन भी फंस गया था। गाड़ी में सवार यात्री समय रहते बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। रातभर हुई तेज बारिश के चलते जागर नाले का पानी भी सड़क पर आ गया था, जिससे हाईवे रात को बाधित रहा। यह क्षेत्र अब हाईवे का सबसे संवेदनशील हिस्सा बन चुका है। आए दिन मलबा गिरने की घटनाएं यहां आम हो गई हैं। लगातार हो रही घटनाओं से स्थानीय लोगों और इस मार्ग पर यात्रा करने वालों में दहशत का माहौल है। लोगों ने प्रशासन और एनएचएआई से इस स्थान पर स्थायी समाधान की मांग की है ताकि बार-बार जान का जोखिम न उठाना पड़े।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)